नवबिहार टाइम्स
निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक


झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर की मुलाकात

• बोकारो, मंगलवार 16 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 209 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद दिल्ली पहुंचे नितिन नवीन का अमित शाह और जेपी नड्डा ने किया स्वागत

# जो सोचा नहीं वह भाजपा में ही संभव : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को दिल्ली पहुंचे। यहां भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने श्री नवीन का स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा उनके स्वागत में खड़े दिखे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने पार्टी के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। नितिन नवीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बीजेपी के नए कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य पार्टी नेताओं की मौजूदगी में पदभार संभाला। जेपी नड्डा ने उन्ही कुर्सी पर बैठाया और कई अन्य दिग्गज भाजपा नेता मौजूद रहे। नितिन नवीन के बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभालने पर, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि नितिन नवीन को बधाई। वह एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वह पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने अपने काम से आज जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है, और ऐसा सिर्फ बीजेपी में ही हो सकता है। नितिन नवीन के बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर पदभार संभालने पर, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि उन्हें संगठन और सरकार दोनों का अनुभव है और वह बहुत ही सरल व्यक्ति हैं लेकिन वह अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं। इससे पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे नितिन नवीन का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। दिल्ली भाजपा



अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यहां भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नवीन का स्वागत किया। वहीं नितिन नवीन को बधाई देने और उनका स्वागत करने वाले बीजेपी ऑफिस में बैनर लगाए गए। सोमवार को दिल्ली रवाना होने से पहले पटना में एएनआई से बात करते हुए नितिन नबीन ने बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के समर्थन और आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के लोगों ने उनकी तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने मुझे आशीर्वाद दिया है। उनके आशीर्वाद से ही यह सब हो रहा है। श्री नवीन ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन और समर्थन से अपनी जिम्मेदारी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और केंद्रीय नेतृत्व में सभी को यह अवसर देने के लिए दिल से बधाई देता हूं। मुझे प्रधानमंत्री का आशीर्वाद मिला है और उन्होंने जो मार्गदर्शन और नेतृत्व प्रदान किया है, मैं उसे और आगे बढ़ाऊंगा। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद नितिन नवीन ने सोमवार को दिन की शुरुआत भगवान हनुमान की पूजा कर की। सुबह 7:00 ही वह महावीर मंदिर पहुंचे वहां पर पूजा अर्चना की यहां पर उन्होंने न्यास बोर्ड के पूर्व सचिव और दिवंगत कुणाल किशोर को श्रद्धांजलि दी इसके बाद सीधे राजवंशी नगर स्थित नवीन किशोर सिन्हा स्मृति पार्क पहुंचे। यहां पर उनके साथ बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और विधायक संजीव चौरसिया समेत कई भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। नितिन नवीन ने अपने पिता को नमन किया उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कुछ देर बाद नितिन नवीन दिल्ली रवाना होंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और केंद्रीय नेतृत्व में सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूं और आभार व्यक्त करता हूं। मुझे प्रधानमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त है और मैं उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और नेतृत्व को आगे बढ़ाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेवारी मुझे सौंपी जाएगी, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। यहां किसी साधारण कार्यकर्ता को भी कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी जा सकती है। नितिन नवीन ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है, उसे पर खड़ा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक संगठन को मजबूत कर आगामी चुनाव में जीत सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर हर राज्य में पार्टी को मजबूत करना लक्ष्य है। भाजपा हमेशा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथियों ने ली युवक की जान

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के भैसादोन गांव निवासी युवक आर्यन उरांव की सोमवार को जंगली हाथियों ने जान ले ली। युवक अपने खेत में रखवाली कर रहा था तभी हाथियों ने हमला कर दिया। इस घटना के बाद से लोगों में काफी आक्रोश है। दरअसल युवक आर्यन उरांव अपने खेत में लगे आलू की खेती की रखवाली करने गया हुआ था। जंगली हाथियों को देखकर आर्यन ने भागने का प्रयास किया परंतु एक हाथी ने उसे कुचलकर मार डाला।

### हाइवा की ठोकर से वृद्ध की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गावां थाना क्षेत्र के बादीडीह गांव में रविवार रात एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार हाइवा ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान बादीडीह निवासी बालगोविंद ठाकुर (65) के रूप में हुई है, जो स्व. उत्तीम ठाकुर के पुत्र थे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, चार घायल

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** मिहिजाम थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना मिहिजाम के रखापाड़ा के पास उस समय हुई जब एक टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में पश्चिम बंगाल के नियामतपुर निवासी 60 वर्षीय कामेश्वर तुरी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

### युवक की हत्या

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के अहरा डाढ़ फुटबॉल मैदान शिलम से पुलिस ने सोमवार को एक शव और स्कूटी बरामद की है। मृतक की पहचान सिलम निवासी 21 वर्षीय गणेश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुरेश करमाली ने बताया कि पूरे मामले का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।

### डीएवी स्कूल के पास मिले शव की शिनाख्त

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड स्थित डीएवी स्कूल के पीछे रविवार शाम मिले शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान भल्दम चट्टी निवासी 27 वर्षीय प्रगन उरांव के रूप में हुई है। उसके बड़े भाई मनोज उरांव ने शव की शिनाख्त की। परिजनों ने बताया कि प्रगन उरांव शनिवार को अपने दोस्तों के साथ लाहटोंगरी मेला देखने टोटो गया था। मेला देखकर वह शाम को घर लौटा और खाना खाने के बाद रात करीब 8 बजे एक फोन आने पर घर से अकेला निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया।

# झारखंड में धान की खरीद शुरू 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में सोमवार 15 दिसंबर से धान खरीद की शुरुआत हुई। इस साल सरकार ने 2,51,072 किसानों से 2,450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करीब 60 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार द्वारा गठित 834 धान अधिप्राप्ति में से पहले दिन 82 स्थानों पर धान खरीद की शुरुआत हुई। राजधानी रांची के नामकुम स्थित लैम्प्स पर धान खरीद की शुरुआत जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने की। इस मौके पर किसानों ने बिचौलियों से बचाने के लिए सरकार से धान खरीद का समय नवंबर के दूसरे सप्ताह में रखने का आग्रह किया। किसानों ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि यदि ससमय भुगतान हो और धान खरीद कर ली जाए तो बिचौलिए हावी नहीं होंगे। मगर सरकार हर साल देर से इसकी शुरुआत करती है। इस वजह से किसान पैसों की जरूरत को पूरा करने के लिए बिचौलिए को धान बेच देते हैं। झारखंड सरकार ने धान खरीद में गड़बड़ी रोकने के लिए जहां 2जी के बजाय 4जी पॉस मशीन का इस्तेमाल इस साल से शुरू किया है। वहीं प्रतिदिन



किसानों को धान खरीद के पैसे के भुगतान से पहले सरकारीकर्मी या जनसेवक को पंचिंग करना अनिवार्य किया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे के अनुसार रांची में कुल 43 धान अधिप्राप्ति केन्द्र बनाए गए हैं जहां आज शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान को लेकर कोई परेशानी ना हो इसके लिए दो करोड़ राशि प्राप्त हो चुकी है, जिससे सरकार द्वारा निर्धारित दो से सात दिन के अंदर डीबीटी के माध्यम से राशि चली जायेगी। इस मौके पर नामकुम लैम्प्स के मैनेजर नीरज कुमार ने कहा कि धान अधिप्राप्ति के लिए रजिस्टर्ड किसानों को मैसेज करके निर्धारित दिन में आने के लिए कहा जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों को भुगतान में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए जो समय दिया गया है उसी के तहत उन्हें भुगतान मिलेगा। नामकुम लैम्प्स के अध्यक्ष आरती कुजूर कहती हैं कि इस साल अच्छी बारिश होने की वजह से धान का पैदावार भी बढ़िया हुआ है। उम्मीद करते हैं कि किसान बढ़-चढ़कर धान अधिप्राप्ति केंद्र में अपना धान बेचने का काम करेंगे। सरकार के निर्णय के अनुसार 31 मार्च 2026 तक सभी लैम्प्स में धान खरीदे जाएंगे। गढ़वा में भी आज से धान अधिप्राप्ति केंद्र पर धान खरीदी की शुरुआत की गई। गढ़वा सदर प्रखंड के दुबे मरहटिया गांव में डीसी दिनेश यादव ने इसकी शुरुआत की। डीसी दिनेश यादव ने कहा कि इस बार सरकार द्वारा बेनेफिट दिया जा रहा है कि धान क्रय करने के बाद एक सप्ताह के अंदर पेमेंट कर दिया जाएगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि आप अपना धान नजदीकी पैक्स पर ही बेचें और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं।

# विधायक सरयू राय ने किया गैस रिसाव क्षेत्र का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** विधायक सरयू राय ने केंदुआडीह के गैस प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित इलाकों में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। सरयू राय ने राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया और वहां रह रहे लोगों की स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के बाद उन्होंने धनबाद स्थित सर्किट हाउस में गैस रिसाव मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि केंदुआडीह में गैस रिसाव से लोगों के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने इस स्थिति के लिए सीधे तौर पर बीसीसीएल प्रबंधन और डीजीएमएस (खान सुरक्षा महानिदेशालय) को जिम्मेदार ठहराया। सरयू राय ने आरोप लगाया कि दोनों ही संस्थान गैस निकासी और सुरक्षा की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में वर्ष 1914 से खनन कार्य चल रहा है। नियमों के अनुसार भूमिगत खनन के बाद खदानों में बालू भरना अनिवार्य होता है। हालांकि बीसीसीएल ने ऐसा नहीं किया और केवल खदान के मुहानों पर दीवारें बना दीं। इसका परिणाम यह हुआ कि गैस का दबाव बढ़ता गया जिसके कारण अब गैस जमीन फाड़कर बाहर निकल रही है और हवा के संपर्क में आकर लोगों के लिए खतरा बन रही है। सरयू राय ने राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया और वहां रह रहे लोगों की स्थिति का जायजा लिया।

### रेलवे शोपीस के पास आग लगने से अफरा-तफरी

**धनबाद (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर लगे रेलवे शोपीस के पास अचानक आग लग गई जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय स्टेशन के बाहर भारी भीड़ मौजूद थी। सूचना के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची जिसके बाद आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाया गया।

# गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 43.5 किलोग्राम कच्चा गांजा बरामद किया गया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस को 14 दिसंबर की रात करीब 11:15 बजे गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार तरहसी थाना अंतर्गत ललगाड़ा गांव निवासी जयराम उरांव अपने घर में मादक पदार्थ (कच्चा गांजा) रखकर उसे सुखाकर बेचता था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर पांकी एसडीपीओ मनोज कुमार झा के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इस दल ने ग्राम ललगाड़ा स्थित जयराम उरांव के घर की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के भीतर गांजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ का एक बड़ा ढेर बरामद हुआ जो कच्चे रूप में था। बरामद मादक पदार्थ को पांच प्लास्टिक बोरा और एक जूट के बोरा में भरकर तौला गया जिसका कुल वजन करीब 43.5 किलोग्राम पाया गया। बरामदगी के आधार पर तरहसी थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी जयराम उरांव को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# झारखंड में विशेष सहायक शिक्षक की बंपर रिक्तियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने विशेष सहायक शिक्षक के कुल 3451 पदों पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। यह भर्ती झारखंड इंटरमीडिएट एवं स्नातक प्रशिक्षित विशेष शिक्षा सहायक शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के तहत की जाएगी। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से 13 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया में पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार आरक्षण का लाभ केवल झारखंड के मूल निवासियों को ही दिया जाएगा जबकि अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इंटरमीडिएट प्रशिक्षित विशेष



सहायक शिक्षक के 2399 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही किसी भी श्रेणी की दिव्यांगता में विशेष शिक्षा में डीएलएड होना चाहिए। उम्मीदवार का भारतीय पुनर्वास परिषद से पंजीकरण तथा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को 25,500 से 81,100 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। स्नातक प्रशिक्षित विशेष सहायक शिक्षक के 1052 पदों पर भी नियुक्तियां की जाएंगी। इन पदों के लिए उम्मीदवार का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित विषय में स्नातक होना जरूरी है। इसके साथ ही विशेष शिक्षा में बीएड, भारतीय पुनर्वास परिषद से पंजीकरण तथा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य रखा गया है। इस श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों को 29,200 से 92,300 रुपये तक का वेतनमान दिया जाएगा। इन पदों के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु सीमा की गणना 01 अगस्त 2025 को आधार मानकर की जाएगी जबकि आरक्षित वर्गों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 100 रुपये, झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 50 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं दिव्यांग उम्मीदवारों से कोई आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल 'झूमर' शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय यूथ फ़ेस्टिवल 'झूमर' सोमवार से शुरू हो गया है। कहा जाए तो मिनी इंडिया का नजारा विश्वविद्यालय परिसर में देखने को मिलेगा। सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ ही कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। केबी वीमेंस कॉलेज और अनंदा कॉलेज से शोभायात्रा की शुरुआत की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर चंद्रभूषण शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर पहुंची जहां कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि यह आयोजन पढ़ाई से अलग नहीं है। कई ऐसे विद्यार्थी हैं जो पढ़ाई के अलावा अलग-अलग



विद्या में निपुण हैं। उन्हें एक बेहतर प्लेटफॉर्म मिलेगा। कुलपति ने कहा कि यूथ फ़ेस्टिवल में छात्र एक दूसरे से मुलाकात करते हैं जिसमें विचारों का आदान-प्रदान होता है। इस तरह का आयोजन छात्रों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होता है। तीन दिवसीय इस समारोह में म्यूज़िक, डांस, लिटरेरी इवेंट, थिएटर, फाइन आर्ट्स और लोक संस्कृति के तरह-तरह के रंग दिखेंगे। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर के विनोदनी पार्क में संपन्न होगा। शोभायात्रा के दौरान वर्तमान समय का ज्वलंत मुद्दा नशा को दर्शाया गया है। बताया गया कि जो व्यक्ति नशा की दुनिया में है वह इस दुनिया से बाहर निकल कर फिर से मुख्य धारा में लौट सकता है। क्योंकि नशा परिवार ही नहीं समाज को खोखला कर देती है। सांस्कृतिक शोभायात्रा के दौरान भारत की सभ्यता और संस्कृति को एक मंच में दर्शाने की कोशिश विश्वविद्यालय प्रबंधन ने की। इस क्रम में भगवान बिरसा मुंडा के विचार, लोक आस्था का महापर्व छठ, दुर्गा पूजा, झारखंड का झूमर नृत्य और महिला सशक्तिकरण का नजारा सड़कों पर देखने को मिला। छात्रों का कहना है कि भारत अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए पूरे विश्व में विशेष स्थान रखता है। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देश की संस्कृति से लोगों को रूबरू कराया। साथ में यह भी बताया कि भारत सर्वश्रेष्ठ है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
आवश्यकता
1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है
सम्पर्क करें:-
7295863300/8210783623
'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107
E-mai : nbtimesbihar@gmail.com

CMYK

## सदर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को बड़ी सौगात, छह नए धान क्रय केंद्रों का शुभारंभ

# एमएसपी पर धान बिक्री होगी आसान, किसानों को नहीं भटकना पड़ेगा : प्रदीप

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के किसानों को राहत देते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में छह धान क्रय केंद्र (पैक्स) का उद्घाटन किया। इन केंद्रों के शुरू होने से अब किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का सीधा लाभ मिलेगा।

विधायक ने सदर प्रखंड के सिलवार, मेरु और मोरॉंगी, कटकमदाग प्रखंड के पसई एवं नवाडीह तथा दारू प्रखंड के बसोबार गांव पहुंचकर विधिवत फीता काटकर धान क्रय केंद्रों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उद्घाटन के अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। धान क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ने से खरीद प्रक्रिया पारदर्शी होगी और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि गांव के पास ही धान बिक्री की सुविधा मिलने से किसानों का समय और खर्च दोनों की बचत होगी। कृषि



क्षेत्र को सशक्त बनाना और किसानों को उनका हक दिलाना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे किसानों के हित में एक सराहनीय कदम बताया।

सिलवार में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रमुख लोग

पूर्व जिला परिषद सदस्य कौलेश्वर रजक, प्रमेश्वर यादव, बिरजू रवि, राजेश साव, राजेन्द्र मेहता, मुखिया रूपमणि देवी, उप मुखिया सिन्टू कुमारी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

**मेरु गांव में उपस्थित जनप्रतिनिधि**

मुखिया सीमा सिंह, उप मुखिया मनोज कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य लालू यादव, पैक्स अध्यक्ष सीताराम महतो, भाजपा वरिष्ठ नेता अनेश्वर प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता एवं किसान शामिल हुए।

**मोरॉंगी में बड़ी संख्या में लोग रहे मौजूद**

भाजपा वरिष्ठ नेता चौधरी साव, मुखिया दायमणी टोपो, पूर्व मुखिया कृष्णा कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

**बसोबार (दारू प्रखंड) में दिखा उत्साह**

मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, पैक्स अध्यक्ष महेन्द्र कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित थे।

**पसई और नवाडीह में भी हुआ भव्य आयोजन**

पसई में जिला परिषद सदस्य जीतन राम एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण कुशवाहा जबकि नवाडीह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी. ओझा, मुखिया मधु रानी सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 ए के बच्चों द्वारा रैनवाटर हार्वेस्टिंग, वन बी पंपिंग हर्ट, कक्षा 2 सोलर सिस्टम, कक्षा 3 क्रॉप प्रोटक्शन सिस्टम ,कक्षा 4 ट्रैफिक प्रोटेक्शन सिस्टम, कक्षा 5 रिन्यूएबल रिसोर्सेस ,कक्षा 6 वेस्ट मैनेजमेंट, कक्षा 7 डिजास्टर मैनेजमेंट, कक्षा 8 क्लाइमेट चेंज, कक्षा 9 कार ऑब्सटेकल प्रोटेक्शन, कक्षा 10th ग्लोबल वार्मिंग प्रोटेक्शन का मॉडल प्रस्तुत किया।

विद्यालय के सैकड़ो विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुरूआत संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद, प्राचार्य दिनेश कुमार राम, मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद मेहता, विशिष्ट अतिथि दिल्ली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निदेशक दीपक कुमार एवं सहदेव प्रसाद, ब्रिटिश इंग्लिश एकेडमी के निदेशक पंकज कुमार निराला 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित के साथ किया। संस्था के निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया की विगत 8 वर्षों से लगातार प्रत्येक वर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य है भारत के लिए सैकड़ो वैज्ञानिक तैयार करना है। कक्षा 9th के विद्यार्थियों द्वारा आधुनिक रोबोटिक ड्राइवर लेस कार का सफल निर्माण किया गया जिसे सभी अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की एवं खुशी व्यक्त किया। पांच जजों द्वारा सभी मॉडल को निरीक्षण करने के बाद कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया, दूसरे स्थान पर कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों का मॉडल, तृतीय स्थान पर कक्षा 2 का बच्चों का मॉडल रहा।

## चौपारण के भगहर पैक्स में शुरू हुआ धान क्रय केंद्र, किसानों को मिलेगी राहत

### उचित मूल्य और पारदर्शी खरीद व्यवस्था से मजबूत होंगे किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र के भगहर पैक्स परिसर में सोमवार को धान क्रय केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चौपारण-2 जिला परिषद सदस्य रविशंकर अकेला एवं पंचायत चैथी के मुखिया सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र यादव उर्फ गुलाबी यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान पैक्स अध्यक्ष ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके पश्चात अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान क्रय केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि धान क्रय केंद्र के संचालन से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज का वाजिब मूल्य मिलेगा और बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी।




अतिथियों ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद होने से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित होगा। गांव के पास ही धान बिक्री की सुविधा मिलने से किसानों का समय और खर्च दोनों की बचत होगी। उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी यदुनंदन यादव उर्फ यदु यादव, अजय राय, बालकिसून यादव, दिनेश यादव, लालू यादव, दशरथ यादव, ललित प्रजापति, बिनोद यादव सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में पैक्स अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के प्रति आभार प्रकट करते हुए किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में धान क्रय केंद्र का लाभ उठाएं।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सीएसआर समिति की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कंपनियों के प्रतिनिधियों को उनके अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित आय-व्यय की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कंपनियों को अपने-अपने सीएसआर बजट एवं पोजेशन (व्यय की स्थिति) की विस्तृत जानकारी आगामी गुरुवार तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को सीएसआर मद के




तहत प्रभावित क्षेत्रों में आकलन कर संभावित कार्यों एवं स्वीकृत योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय स्तर पर लंबित कार्यों को स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद, नोडल पदाधिकारी सीएसआर श्रीमती मां देवप्रिया, जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आकाश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी जेएसएलपीएस डीपीएम सहित विभिन्न कंपनियों एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राजस्व मामलों में पारदर्शिता पर आयुक्त का फोकस, हजारीबाग में विशेष कार्यशाला

### कानूनी जानकारी के अभाव से बढ़ती हैं भूमि विवाद की समस्याएं : पवन कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** राजस्व कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक दिवसीय राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुक्त ने राजस्व मामलों के निष्पादन के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान लंबित दाखिलझ्खारिज मामलों, दोहरी जमाबंदी, गैर-मजूरवा भूमि को कब्जा मुक्त कराने जैसे अहम विषयों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। आयुक्त ने कहा कि राजस्व मामलों में विधिक प्रावधानों की संपूर्ण जानकारी नहीं होने के कारण कई बार गलत आदेश पारित हो जाते हैं, जिससे अवैध कब्जाधारियों को लाभ मिल जाता है।

आयुक्त पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को भू-अर्जन, मुआवजा वितरण, जमाबंदी एवं भूमि से संबंधित कानूनों की गहराई से जानकारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना किसी आपत्ति वाले दाखिलझ्खारिज मामलों का निपटारा 30 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए।

कार्यशाला में रेवेन्यू एक्ट, सीएनटी एक्ट, वन पट्टा कानून, लैंड सीलिंग एक्ट, जंगल-झाड़ी भूमि, इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1927 एवं 1980, कैंटोनमेंट व नोटिफाइड एरिया, खासमहल भूमि, वाटर बॉडीज एक्ट, परिशोधन पोर्टल, खतियान व रजिस्टर-2 की प्रविष्टियों तथा फॉरेस्ट कंजरवेशन एक्ट जैसे विषयों पर उदाहरण सहित जानकारी दी गई।

कार्यशाला से पूर्व उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। वहीं आयुक्त के सर्किट हाउस आगमन और प्रस्थान के दौरान जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीबी निदेशक राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार सहित भू-अर्जन पदाधिकारी, एलआरडीसी एवं सभी अंचल अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में सीसीएल सहित विभिन्न कोल कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कार्यालय सभाकक्ष में सीसीएल सहित विभिन्न निजी कोल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कोल कंपनियों के अंतर्गत आने वाले स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थानांतरण से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही स्टेटमेंट-6 सहित अन्य लंबित प्रकरणों के निष्पादन को लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जीएसडब्लयू के लिए जीएम लैंड हस्तांतरण के लिए नियमानुसार एवं नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने पर बल दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सभी प्रक्रियाओं का निष्पादन नियम संगत एवं सावधानीपूर्वक किया जाए। बैठक में उपायुक्त के अलावा सभी संबंधित अंचलाधिकारी, विभिन्न कोल कंपनियों यथा अडानी, ओडिशा एएस प्राइवेट लिमिटेड, एसएम स्टील, सीसीएल बरका स्याल तथा सीसीएल चरही के प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मी बैठक में शामिल हुए।

## धान क्रय केंद्र का प्रमुख एवं मुखिया ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र का प्रमुख मनोज रजक, स्थानीय मुखिया सरिता देवी एवं जिप प्रतिनिधि गणेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस दौरान प्रमुख मनोज कुमार रजक ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से किसानों को फायदा होगा। साथ ही कहा कि सरकार का धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्त दिलाना है। किसान अपने धान सरकार की और से निर्धारित मूल्य पर बेच सकते है। इससे जहां किसानों को फायदा होगा, वहीं बिचौलियों से किसानों को मुक्ति मिलेगी।

## टाटीझरिया प्रखण्ड में जन्म-मृत्यु निबंधन व प्रमाण पत्र संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** उपायुक्त-सह-जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), हजारीबाग के निदेशानुसार आज दिनांक 15.12.2025 (सोमवार) को प्रखण्ड कार्यालय सभागार, टाटीझरिया में प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, टाटीझरिया की उपस्थिति में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा जन्मझ्मृत्यु निबंधन, समयबद्ध पंजीकरण, ऑनलाइन प्रविष्टि, प्रमाण पत्र निर्गमन तथा संबंधित नियमावली की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जन्मझ्मृत्यु निबंधन की महत्ता, त्रुटिरहित डेटा संधारण एवं आमजनों



को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, टाटीझरिया, प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, टाटीझरिया, प्रखण्ड अंतर्गत सभी पंचायत सचिव-सह-रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), सभी आंगनबाड़ी सेविका-सह-सूचक (जन्म-मृत्यु) तथा जनप्रतिनिधि (मुखिया) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया तथा जन्मझ्मृत्यु निबंधन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सात दिनों तक चला रक्तदान महायज्ञ, 158 रक्तदाताओं ने बचाई जिंदगियों की उम्मीद

### ब्लड मैन निर्मल जैन के नेतृत्व में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में हुआ आयोजन

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** मानव सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल के तहत 9 से 15 दिसंबर तक शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज परिसर में सात दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा 'ब्लड मैन' के नाम से विख्यात निर्मल जैन के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 158 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।

शिविर के दौरान नियमित रक्तदाता अभिषेक कुमार ने 30वीं बार तथा मोहम्मद परवेज आलम ने 31वीं बार रक्तदान कर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बने। इनके अलावा पूरन प्रकाश, मानस कुमार, उमाशंकर, राहुल पांडे, राजेश पंडित, फादर समीर, अभिषेक सिन्हा, सत्यम कुमार, दानिश, आसिफ अहमद, रक्षित कुमार, विनम्र पांडे, सुशांत सुमन, कुणाल कुमार, रोशन अभिषेक सोनी, विश्वजीत सहित बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने शिविर में भाग लिया।

रक्तदान के उपरांत वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस मानवीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस



शिविर में कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया और इससे उन्हें आत्मसंतोष व खुशी की अनुभूति हुई। निर्मल जैन ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण आज भी कई लोग रक्तदान से हिचकिचाते हैं, जबकि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित और पुण्य का कार्य है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हुए समय-समय पर जागरूकता शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के महासचिव विनीत छाबड़ा, कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, जनसंपर्क सचिव राजेश सेठी, गौरव यादव, प्रभु कुशवाहा तथा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नीरज कुमार, डॉ. प्रवीण सहाय एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

## सूर्यदेव मंडल बने भाजपा बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष अनिल आजाद बने बेडोकला मंडल अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम निर्णय लेते हुए। सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू को बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष व अनिल आजाद को बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है, उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही पार्टी के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने भाजपा मंडल कार्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर ने नव मनोनीत मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल, बरकट्ठा मंडल प्रतिनिधि परमेश्वर साव, बेडोकला मंडल अध्यक्ष अनिल आजाद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया इस संबंध में मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल व अनिल आजाद ने पार्टी नेतृत्व समेत सांसद अन्नपूर्णा देवी, स्थानीय विधायक अमित यादव के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी समर्पण भाव से निभाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति, सिद्धांत और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, भाजपा मंडल समिति के परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, त्रिवेणी यादव, बिंदु सोनी, अजय कुमार, हीरालाल प्रसाद, बीरू मेहता, छोटेलाल प्रसाद, रवि पासवान, दुगार्नंद झा, मनोज कुमार, श्यामसुंदर यादव, विजय यादव समेत समस्त भाजपाइयों ने बधाई दी व हर्ष व्यक्त किया है ।

## झारखंड फुटबॉल संघ में कथित परिवारवाद पर उठा सवाल, डुमरी विधायक से की शिकायत

### अनियमितताओं की जांच कराने का भरोसा, खिलाड़ियों के हित में उठेगा मुद्दा : जयराम महतो

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य फुटबॉल संघ में लंबे समय से एक ही परिवार के प्रभाव और कथित मनमानी को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। संघ के वर्तमान ढांचे पर गंभीर आरोप लगाते हुए खेल से जुड़े कई पदाधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने इसे खेल और खिलाड़ियों के भविष्य के लिए घातक बताया है।

आरोप है कि झारखंड फुटबॉल संघ के सचिव गुलाम रब्बानी वर्षों से संघ पर प्रभाव बनाए हुए हैं और उन्होंने अपने पुत्र कैफ रब्बानी तथा पत्नी सबाना रब्बानी को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) में सदस्य बनवाकर खेल संस्थाओं में परिवारवाद को बढ़ावा दिया है। इसे लेकर संघ की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए जा



रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर भैया मुरारी सिन्हा, नजरुल हसन और समीउल्ला उर्फ गुड्डू खान ने डुमरी के विधायक जयराम महतो से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड गठन के बाद से अब तक गुलाम रब्बानी लगातार सचिव पद पर बने हुए हैं, जबकि इस दौरान अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष बदलते रहे। यह स्थिति नियमों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत बताई गई।

उन्होंने यह भी बताया कि हजारीबाग एथलेटिक्स फुटबॉल संघ में पूर्व में जिले के कई सम्मानित खिलाड़ी और पदाधिकारी जुड़े रहे हैं, लेकिन वर्तमान में कथित मनमानी के कारण एक समानांतर फुटबॉल संघ का गठन कर दिया गया है। इस वजह से जिले के खिलाड़ियों को अंतर-जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। कटकमसाड़ी प्रखंड में आयोजित खातियानी फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान विधायक जयराम महतो ने इस पूरे मामले पर भैया मुरारी सिन्हा और नजरुल हसन से विस्तार से चर्चा की। उन्हें बताया गया कि झारखंड फुटबॉल संघ की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है और इसके पीछे परिवारवाद तथा पारदर्शिता की कमी प्रमुख कारण हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक जयराम महतो ने कहा कि अब तक उन्हें इस स्तर की अनियमितताओं की पूरी जानकारी नहीं थी, लेकिन जो तथ्य सामने आए हैं, वे गंभीर हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि झारखंड फुटबॉल संघ और जिला स्तर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं, लंबे कार्यकाल और परिवारवाद की निष्पक्ष जांच की मांग वे संबंधित मंचों पर मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने सभी पक्षों से विस्तृत जानकारी देने के लिए एक-दो दिन का समय भी मांगा।

मौके पर मौजूद फुटबॉल से जुड़े सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके हस्तक्षेप से झारखंड फुटबॉल को नई दिशा मिलेगी और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित होगी।

# म्यांमार में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का दिव्य साक्षात्कार

**चारधाम दर्शन, यांगून 2025 :**





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**यांगून ( म्यांमार )।** भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपरा, सनातन संस्कृति और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप से प्रस्तुत करता "चारधाम दर्शन – यांगून 2025" का भव्य आयोजन 13–14 दिसंबर 2025 को स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र (SVCC), भारत का राजदूतावास, यांगून के परिसर में संपन्न हुआ। यह आयोजन SVCC एवं इंडिया समाज, म्यांमार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन के माध्यम से म्यांमार में बसे हिंदू समाज, प्रवासी भारतीयों, PIO, OCI तथा स्थानीय मित्रों को भारत के पावन चारधाम—बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी एवं रामेश्वरम्—का एक ही परिसर में दिव्य दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। आयोजन में बोधगया के आध्यात्मिक महत्व को भी विशेष रूप से रेखांकित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय राजदूत अभय ठाकुर एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुरभि ठाकुर ने किया। इस अवसर पर उप राजदूत आशीष शर्मा, वरिष्ठ सामुदायिक नेता, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उद्घाटन संबोधन में माननीय राजदूत ने कहा, "'सर्वे भवन्तु सुखिनः' भारत की उस जीवन-दृष्टि का प्रतीक है जिसमें संपूर्ण मानवता का कल्याण निहित है। ऐसे आयोजन भारत–म्यांमार के सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।" स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र (SVCC) की भूमिका इस आयोजन में विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसने भारत की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सॉफ्ट डिप्लोमेसी को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इंडिया समाज, म्यांमार के अध्यक्ष डॉ. शीतल पालबाबू की परिकल्पना एवं नेतृत्व में यह आयोजन भारतीय समुदाय की व्यापक सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. आशीष कंधवे, निदेशक, SVCC यांगून ने कहा, "चारधाम भारतीय चेतना की पूर्ण यात्रा का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की आध्यात्मिक पूर्णता को म्यांमार की धरती पर साकार करना है।" कार्यक्रम के दौरान, प्रथम दिन लगभग 600 श्रद्धालुओं ने चारधाम दर्शन का लाभ उठाया। लगभग दो दिनों तक चले इस दिव्य आयोजन में कुल मिलाकर लगभग दो से ढाई हजार श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों ने चारधाम दर्शन किए। आयोजन के अंतर्गत योग दर्शन, आरती, प्रसाद वितरण तथा एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। समग्र रूप से, "चारधाम दर्शन – यांगून 2025" म्यांमार में बसे भारतीय समाज की आस्था, एकता और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा तथा भारत–म्यांमार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई ऊँचाई प्रदान की।

# जंगली जीव को खाना दिया तो हो सकती है जेल !

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** जंगली जीव की किसी भी प्रकार का खाना देने पर कार्रवाई की जाएगी। पर्यटक पलामू टाइगर रिजर्व एवं उसके आस पास के इलाके में मौजूद वन्य जीव को फास्ट फूड, स्नैक्स एवं अन्य प्रकार के भोजन देते हैं। जिस कारण वन्य जीव खासकर बंदर के व्यवहार में बदलाव हुआ है। बंदर जंगल को छोड़कर अब सड़क के किनारे नजर आने लगते है और आने जाने वाले गाड़ियों की तरफ दौड़ते है। पलामू टाइगर रिजर्व एवं वन विभाग के द्वारा जगह-जगह बोर्ड भी लगाया गया है कि वह किसी भी प्रकार का भोजन वन्य जीव को नहीं दें। अब पूरे मामले में पलामू टाइगर रिजर्व एवं वन विभाग ने सख्ती अपनाने की योजना तैयार की है। वर्ष के अंतिम महीने में पलामू टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क समेत कई इलाकों में बड़ी संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसी दौरान पर्यटक जंगली जीव को भोजन देते हैं या अन्य प्रकार की सामग्री दे देते हैं। पीटीआर उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व प्रोटेक्टेड एरिया है। वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत किसी भी जानवर को हानि पहुंचाना या उन्हें बाहरी भोजन देना और प्रदूषण करना कानूनी रूप से जुर्म है। इको टूरिज्म सर्किट जो नेतरहाट से बेतला केचकि तक है, जगह-जगह पर साइन बोर्ड के माध्यम से पर्यटकों से भोजन नहीं देने की बात लिखी गई है। जबकि कानूनी प्रावधानों की भी बात लिखी गई है। वेबसाइट के माध्यम से भी पर्यटकों को भी जानकारी दी गई है। भोजन देने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी इलाकों में नजर रखी जाएगी।

# डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की खींचेंगे लंबी लकीर : आलोक चौरसिया

## विधायक ने सोमवार को किया करोड़ों रुपए की पांच योजनाओं का शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींचेंगे। क्षेत्र की जनता ने उनमें तीसरी बार विश्वास किया है। उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उक्त बातें डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कही। वे सोमवार को सदर प्रखंड के सुआ -कौड़िया पंचायत क्षेत्र के चुकरू में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से बनने वाले सड़क निर्माण का शिलान्यास कर रहे थे। इस क्रम में उन्होंने करोड़ों रुपए की लागत से पांच योजनाओं का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सुआ पंचायत को विकास से कोसों दूर रखा गया था। लेकिन वे जब से विधायक बने हैं, क्षेत्र के विकास में लगे हुए हैं। कहा कि झारखंड में उनके पार्टी की सरकार नहीं है। बावजूद इसके वे लड़कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ उन्हें विकास करने के लिए अपना प्रतिनिधि चुना है, जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे आज चकरू बस्ती से कौड़िया होते हुए बखारी तक व जोरकट से सुआ तक पीसीसी व कालीकरण, सुआ में आंगनबाड़ी केंद्र भवन, पंचायत भवन, धूमकुड़िया भवन सहित स्वस्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास कर रहे हैं। कहा कि वे मंगलवार को भी सड़क योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें एनएच मुख्य पथ से गणके तक पथ निर्माण, सुआ से बैजनाथ सिंह के घर तक पथ निर्माण, कौड़िया तिनकोनिया से रूपम उरांव के घर तक सड़क निर्माण व सुआ के सुदर्शन ठाकुर के घर से योगेंद्र ठाकुर के घर तक सड़क निर्माण का आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि वे लगातार विकास योजनाओं को धरती पर उतारने का काम कर रहे हैं। कहा कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा महत्वकांक्षी योजना कोयल नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण कराना है। कैबिनेट ने पुल निर्माण की स्वीकृति दे दी है। अब जल्द ही काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास तभी माना जाता है जब आवागमन बेहतर होता है। वे डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के हर एक गांव में विकास की लंबी लकीर खींचना चाहते हैं। इसके पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय विधायक लगातार प्रयासरत हैं। विधायक के पास विकास की योजनाएं लेकर कोई जाते हैं तो उसे स्वीकृति करा कर ही दम लेते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में आलोक चौरसिया मील के पत्थर साबित हो रहे हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्य बासो देवी, कौड़िया मुखिया कुमारी अंजना सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, पंसस अजीत सिंह, भीष्म प्रसाद चौरसिया, समाजसेवी प्रेम प्रकाश ठाकुर, हृदया सिंह, ज्ञानधन चौरसिया, सुरेंद्र चौरसिया, सुरेंद्र ठाकुर, उपाध्या सिंह, रबिंद्र सिंह, हरि ठाकुर, शमीम अंसारी, आनंद सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# डा प्रियंका प्रियदर्शिनी ने माइक्रोफाइनेंस व ह्यूमन इंपावरमेंट पर किताब लिखकर पलामू का नाम किया रौशन : हृदयानंद मिश्र



डॉ.प्रियंका प्रियदर्शिनी | हृदयानंद मिश्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व झारखंड सरकार के हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य एडवोकेट हृदयानंद मिश्र ने डा प्रियंका प्रियदर्शिनी द्वारा माइक्रोफाइनेंस एवं हयूमन इंपावरमेंट पर किताब लिखने पर खुशी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की डॉक्टर प्रियंका प्रदर्शनी ने पलामू को गौरवान्वित किया है। मिश्र ने कहा कि डा प्रियंका प्रियदर्शिनी उनकी पुत्री के समान है। रेड़मा निवासी विश्वविख्यात पर्यावरणविद् प्रोफेसर डा एमजी तिवारी की पुत्री है। यह किताब मानव सशक्तिकरण व गरीबी उन्मूलन में मील का पत्थर साबित होगा। डा. प्रियंका प्रियदर्शिनी माइक्रोफाइनेंस में पीएचडी व ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक हैं। वर्तमान में वे एनआईटी जमशेदपुर में विज़िटिंग फैकल्टी के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व आईआईएम संबलपुर व एक्सएलआरआई जमशेदपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शैक्षणिक रूप से जुड़ी रही हैं।अकादमिक क्षेत्र में आने से पहले उन्होंने बैंकिंग सेक्टर में कार्य किया। उन्हें वित्तीय प्रणालियों व जमीनी स्तर पर वित्तीय समावेशन की गहरी समझ प्राप्त हुई। उनके शोध व पेशेवर रुचि के क्षेत्र माइक्रोफाइनेंस, वित्त, बैंकिंग व सामाजिक उद्यमिता हैं।एक स्वीकृत पेटेंट व दो प्रकाशित पेटेंट के साथ डॉ. प्रियदर्शिनी अकादमिक गहराई को नवाचार व व्यावहारिक अनुभव के साथ जोड़ती हैं। उनका कार्य समुदायों को सशक्त बनाने व समावेशी व सतत विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


## पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा]: क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 223_2025-26, दिनांक: 12.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (4)/हावड़ा के अधीन सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/रामपुरहाट के अधीन रामपुरहाट में मार्शलिंग यार्ड का सुधार। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,49,06,790.82। **बयाना राशि:** ₹ 2,24,500। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 224_2025-26, दिनांक: 12.12.2025। कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/4/हावड़ा के अधीन सहायक अभियंता/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/पाकुड़ के अधीन पाकुड़ में मार्शलिंग यार्ड का सुधार। **अनुमानित लागत:** ₹ 1,19,31,065.47। **बयाना राशि:** ₹ 2,09,700। **क्रम संख्या:** 3। **ई-निविदा संख्या: 225_2025-26, दिनांक: 12.12.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा, बर्द्धमान, रामपुरहाट एवं आजिमगंज में सीसीटीवी के साथ हट में घूमना तथा बोलपुर एवं रामपुरहाट रेलवे स्टेशन के लिए स्टेशन सुरक्षा योजना। **अनुमानित लागत:** ₹72,99,879.93। **बयाना राशि:** ₹ 1,46,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 06 (छह) महीना (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 05.01.2026 को दोपहर 2:00 बजे (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान उपर्युक्त वेबसाइट के जरिये सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-459/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# ललगाड़ा गांव से 43.5 किलोग्राम गांजा बरामद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पुलिस ने गांजा को सुखाकर बेंचने के आरोपी तरहसी थाना क्षेत्र के लालगडा गांव निवासी जयराम उरांव को गिरफ्तार किया है। उसके घर से छिपा कर रखे गए 43.5 किलोग्राम गाजा को बरामद किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बताया कि रविवार की रात्रि समय करीब 11.15 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तरहसी थाना के ललगाड़ा में जयराम उरांव नामक व्यक्ति अपने घर में मादक पदार्थ रखा हुआ है। उसे सुखाकर तैयार कर बिक्री करता है। सूचना के संबंध में वरीय पुलिस पदाधिकारी को सुचित किया गया । वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा लेस्लीगंज के नेतृत्व मे एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने ग्राम ललगाड़ा में जयराम उरांव के घर की तलाशी ली। तलाशी के क्रम में जयराम उरांव के घर में गांजा जैसा दिखने वाला मादक पदार्थ का ढेर रखा पाया गया। जो कच्चा स्वरूप में था। इसका कूल वजन 43.5 किलोग्राम के करीब पाया गया। इसके आधार पर तरहसी थाना कांड सं0-119/2025, 15.12.2025 धारा- 20 (i) / 20 (ii) (c) एनडीपीएस एक्ट-1985 दर्ज कर संलिप्त व्यक्ति जयराम उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जा रहा है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज (पांकी), पुअनि सह थाना प्रभारी आनन्द राम, सअनि मो महताब आलम, सअनि रंजीत कुमार दियाशी, हवलदार छवि रविदास,आरक्षी खुर्शीद आलम, अनिल टोपनो व अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

# पलामू जिले में शुरू हुई धान की खरीद

## किसानों से 63 केंद्रों में माध्यम से लिया जायेगा धान, 2450 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर होगा भुगतान

## चैनपुर एवं हुसैनाबाद में धान अधिप्राप्ति केंद्र का स्थानीय विधायकों ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सोमवार को पलामू जिले में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष जिले में कूल 63 धान अधिप्राप्ति केंद्रों के माध्यम से किसानों से धान की खरीदी की जायेगी। सोमवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बांसडीह पैक्स का उद्घाटन डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने फीता काट कर किया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू भी उपस्थित थीं। इसी तरह हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत हुसैनाबाद व्यापार मंडल केंद्र का उदघाटन हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। मौके पर हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।इसी तरह अन्य धान अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घटान अलग-अलग स्थानीय जनप्रतिनिधि व संबंधित पदाधिकारियों ने किया। इस वर्ष पलामू जिला के लिए कुल 02 लाख क्विंटल धान क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित है।किसानों को 2450 रूपये प्रति क्विंटल की दर से राशि भुगतान किया जायेगा।धान क्रय को पूर्ण रूप से पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी केंद्रों पर विशेष निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। किसान को धान बिक्री करने हेतु मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया गया है। इसके माध्यम से किसान स्वयं भी स्लॉट बुक कर सकते हैं। धान अधिप्राप्ति हेतु अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है।

# नितिन नवीन के पैतृक गांव में जश्न का माहौल, बंटी मिठाई, लिट्टी चोखा का भोज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** बिहार सरकार में माननीय पथ निर्माण मंत्री और नवादा के ग्राम अमावां के मूल निवास नितिन नवीन जी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर नवादा सहित पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह और उमंग का माहौल है। पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा नितिन नवीन को यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें हृदयतल से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं प्रदान की हैं।कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जय प्रकाश नड्डा जी के कुशल नेतृत्व में, नितिन नवीन जी के संगठनात्मक कौशल,अनुभव और युवा नेतृत्व से निश्चित ही संगठन को नई ऊर्जा और नया विस्तार प्राप्त होगा। उनकी नियुक्ति से 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा जन-जन तक और अधिक प्रभावी रूप से पहुंचेगी। भाजपा नेता रंजय कुमार सिंह ने श्री नवीन की प्रशंसा करते हुए कहा कि,'नितिन नवीन जी ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का गहरा अनुभव है'। उन्होंने बिहार में लगातार पांचवीं बार विधायक और मंत्री के रूप में नवीन के प्रभावी कार्यों और जनआकांक्षाओं को पूरे समर्पण भाव से पूरा करने की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि नवीन जी अपने विनम्र स्वभाव और जमीन से जुड़े काम करने के लिए जाने जाते हैं। यह एक सुखद संयोग है कि वे 45 वर्ष के हुए हैं और भाजपा भी अपने 45वें वर्ष में है। कार्यकर्ताओं ने अपनी ऊर्जा और प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि नितिन नवीन जी का नेतृत्व पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगा। वहीं पैतृक भूमि अमावा में उत्साह देखा गया लोगों ने मिठाइयां बांटी एवं लिट्टी चोखा का भोज कराया गया लोगों में बहुत उत्साह दिखाई दिया इस अवसर पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी को हार्दिक बधाई एवं उनके सफल, प्रेरणादायी एवं ऐतिहासिक कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं देने वाले अमवा के विकास सिंह बिट्टू राय संटु सिंह गौरव कुमार उदय मिश्र सोनू भदानी भाजपा कार्यकर्ताओं में रणजीत कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, गौरव शांडिल्य गगन, कुमार मनीष देव, संतोष कुमार, अशोक कुमार राय रितेश कुमार कौशल, विकास कुमार, संदीप कुमार, निशांत कुमार मोंटी, पवन कुमार सिंह, गोलू सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने विजिट के दौरान की इनर व्हील क्लब राजगीर के कार्यों की सराहना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर पांडु पोखर परिसर में इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने आधिकारिक विजिट की। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के सभी पदाधिकारियों की फाइलों एवं आवश्यक प्रपत्रों का गहन निरीक्षण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात क्लब की सदस्यों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर चेयरमैन का आत्मीय स्वागत किया। फाइल निरीक्षण के उपरांत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रश्मि गुप्ता ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और सदस्यों को सामाजिक सेवा के प्रति निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रोत्साहित किया। डिस्ट्रिक्ट विजिट के दौरान क्लब की सदस्यों ने तीन प्रमुख सामाजिक प्रोजेक्ट्स में भी सहभागिता निभाई, जिनमें पौधारोपण, जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण तथा छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण शामिल रहा। कार्यक्रम के अंत में वाइस प्रेसिडेंट अनीता गहलौत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। जिसके साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर क्लब की प्रेसिडेंट अंतरा साव, उपाध्यक्ष अनीता गहलोत, सेक्रेटरी अंजना कुमारी, आईएसओ दीप्ति कौशिक, ट्रेजरर प्रेमलता कुमारी, एडिटर कविता प्रवीण सहित निर्मला कुमारी, कृति चौहान, रश्मि कुमारी, लक्ष्मी देवी, सीमा कुमारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।


## दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/आद्रा द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., ई–निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **1. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–53, दिनांक 12.12.2025,** ईएलएस/आईपीटीएन में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के आवास के लिए डीजल शेड में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 23,11,929/–, **2. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–54, दिनांक 12.12.2025,** आद्रा मंडल के साहेब बांध (यानी प्राकृतिक झील) से मौजूदा पाइपलाइन के पुनरुद्धार के प्रावधान और चांडिल में बंद पंप हाउस के पुनरुद्धार के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 17,53,214/–, **3. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–55, दिनांक 12.12.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत पारंपरिक पंखे के लिए ऊर्जा कुशल बीएलडीसी पंखे के प्रावधान हेतु विद्युत कार्य (चरण–II) **निविदा मूल्य :** रु. 17,95,074/–, **4. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–56, दिनांक 12.12.2025,** आद्रा मंडल के सेवा भवन में ऑक्यूपेंसी सेंसर के प्रावधान और संबंधित सहायक कार्य के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,38,47,446/–, **5. इलेक्ट–जी–एडीए–2025–57, दिनांक 12.12.2025,** आद्रा मंडल में विद्युत (सामान्य) कार्यों के लिए 15 नामित अमृत भारत स्टेशनों पर सॉफ्ट अपग्रेडेशन के लिए एलईडी साइनेज बोर्ड हेतु विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,08,97,168/–, **ई–निविदाओं की अंतिम तिथि और समय दिनांक 03.01.2026 को 12.00 बजे है और दिनांक 03.01.2026 को 12.30 बजे के बाद निविदाएँ खोली जाएंगी।** उक्त ई–निविदा के विवरण के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

(PR-959)


# बाइक की डिक्की से 50 हज़ार नकदी की चोरी

**मखदुमपुर (जहानाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर बाजार स्थित पाईबिगहा मोड़ पर दिनदहाड़े मोटरसाइकिल की डिक्की से अज्ञात चोरों ने 50 हज़ार रुपये नकद की चोरी कर फरार हो गए। दरअसल मखदुमपुर थाना क्षेत्र के पापु गांव निवासी शैलेंद्र कुमार एवं उनकी पत्नी अनु कुमारी मुस्सी मोड़ के समीप पंजाब नेशनल बैंक से 50 हज़ार रुपया निकालकर प्रखंड कार्यालय मोड़ के समीप एसबीआई बैंक में जमा कराने जा रही थी। इसी बीच दोनों पति-पत्नी पाई बिगहा मोड़ के समीप एक चिकित्सक से शैलेंद्र कुमार अपनी पत्नी अनु कुमारी का चिकित्सीय जांच कराने के लिए रुक गए। कुछ ही क्षणों में अनु कुमारी की नजर सड़क किनारे लगें उनके बाईक पर गई जिसकी डिक्की खुली थी। जिसके बाद बाद दोनों पति-पत्नी आनन -फानन में अपने बाइक के पास पहुंचे तो देखा की बाईक का डिक्की खुला है और उसमें रखा 50 हज़ार रुपया नकद, बैंक का पासबुक, सहित अन्य कागजात का पूरा थैला गायब है। उन्होंने बताया चौड़ी कि इस घटना के संबंध में मखदुमपुर थाने में आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बाइक की डिक्की खुली थी इस कारण चोरी की घटना घटी है। उन्होंने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस घटना के अनुसंधान में जुट गई है।

# युवक का शव बरामद

**जहानाबाद/नबिटा संवाददाता।** जहानाबाद जिले के काको प्रखंड अंतर्गत भेलावर थाना क्षेत्र के गवल बिगहा गांव में एक युवक का शव घर के अंदर संदिग्ध अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान काको थाना क्षेत्र के पिराली चक गांव निवासी नीतीश कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद से गांव में भय और मातम का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश कुमार का विवाह गवल बिगहा गांव में अपने फुआ के यहां रहने वाली एक युवती से हुआ था। बताया जाता है कि फुआ का कोई संतान नहीं होने के कारण युवती बचपन से ही अपने फुआ के घर वारिस के रूप में रह रही थी। शादी के बाद नीतीश कुमार भी अपनी पत्नी के साथ उसी गांव में रहने लगा था। ग्रामीणों का कहना है कि रविवार की रात पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद नीतीश मृत स्थिति में पाया गया। वहीं दूसरी ओर मृतक के भाई और अन्य परिजनों ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए संपत्ति विवाद में हत्या किए जाने की आशंका जताई है।

# एसपी ने लगाया जनता दरबार

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इसी क्रम में पटना मुख्यालय के निर्देश पर अब सभी जिलों के थानास्तर पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी द्वारा सप्ताह में दो बार जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत बिहार शरीफ सदर क्षेत्र के लहेरी थाना से की गई। सोमवार को लहेरी थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से सीधे संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर फीडबैक लिया और उनकी समस्याएं सुनीं। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि आज से थानास्तर पर जनता दरबार की मुहिम की शुरुआत की गई है, जिसके माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

# तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बांका।** प्रखंड क्षेत्र के कोरिया पंचायत अंतर्गत लठाने गांव में सोमवार सुबह तालाब में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। मृत बच्चों की पहचान पीयूष कुमार (8 वर्ष) और उसकी बहन किरण कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है। पीयूष तृतीय वर्ग का छात्र था, जबकि किरण पांचवी कक्षा में पढ़ती थी।

स्वजन ने बताया कि दोनों बच्चे खेलते-खेलते घर से निकलकर तालाब की ओर चले गए। काफी देर तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर स्वजन उन्हें स्कूल भेजने के लिए खोजने लगे।

इसी दौरान गांव में हो-हल्ला मच गया। तालाब के किनारे बच्चों की



चप्पल देख ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद तालाब में खोजबीन की गई, जहां से दोनों बच्चों के शव बरामद किए गए।

ग्रामीणों ने बताया एंबुलेंस को फोन किया गया नहीं पहुंचने पर मोटरसाइकिल पर ही दोनों बच्चों को चांदन अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों के पिता कृष्णा यादव कोलकाता में मजदूरी करते हैं।

घटना की सूचना मिलते ही वह कोलकाता में रो-रोकर बेहोश हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें गांव लाया गया। मां रूबी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि चार बेटियों के बीच एक ही बेटा था, जिसे भगवान ने वह भी छीन लिया। शव के पास बच्चों की दादी और मां की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

सूचना मिलने पर चांदन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। देर शाम तक पिता के आने के बाद दोनों का दाह-संस्कार कर दिया।

## टूटेगा 20 परिवारों का घर

**रांची।** डीआईजी ग्राउंड, रिम्स परिसर में बने अभिनंदन अपार्टमेंट पर प्रशासन की कार्रवाई अब सिर्फ एक अवैध निर्माण तोड़ने का मामला नहीं रह गया है। यह उन 20 परिवारों की जिंदगी, सपनों और भविष्य का सवाल बन चुका है, जिन्होंने अपनी पूरी जमापूंजी, कर्ज और जीवनभर की कमाई इस एक छत के भरोसे लगा दी थी।

किसी ने पिता की रिटायरमेंट की रकम झोंक दी, तो किसी ने बैंक लोन लेकर इंटीरियर तक करा लिया। अब चंद घंटों में जब अपार्टमेंट ध्वस्त होने की तैयारी है, तब सवाल सिर्फ मकान का नहीं, बल्कि इंसाफ और भरोसे का है।

डीआईजी ग्राउंड में होने वाली यह कार्रवाई एक इमारत को नहीं, बल्कि सरकारी सिस्टम पर लोगों के भरोसे को भी तोड़ने वाली है।

अपार्टमेंट के एक फ्लैट मालिक की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। उन्होंने बताया कि पिता की पूरी रिटायरमेंट की कमाई और अपनी जिंदगी भर की बचत जोड़कर करीब 80 लाख रुपये का फ्लैट खरीदा था।

# नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन से 76 कछुए बरामद

⇨ वन विभाग को सौंपा गया ⇨ 38 लाख आंकी जा रही कीमत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन 'विलेप' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 76 जीवित कछुओं को बरामद किया है। यह कार्रवाई सोमवार को गयाजी रेलवे स्टेशन पर की गई।

आरपीएफ अधिकारियों के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट गयाजी के निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में अपराध रोकथाम और निगरानी के लिए गश्त की जा रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या तीन पर खड़ी गाड़ी संख्या 12312 डाउन नेताजी एक्सप्रेस के जनरल कोच की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान चार पिट्ठू बैग और एक झोला संदिग्ध अवस्था में पाए गए।

जब बैग और झोले की जांच की गई तो उनमें से कुल 76 जीवित कछुए बरामद हुए। आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी इन बैगों पर अपना दावा नहीं किया। कछुए वन्यजीव संरक्षण



अधिनियम के तहत संरक्षित प्रजाति में आते हैं, इसलिए आरपीएफ ने सभी कछुओं को सुरक्षित रूप से कब्जे में ले लिया। इसके बाद बरामद कछुओं को बैग सहित आरपीएफ पोस्ट गया लाया गया और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर गया वन विभाग की रेंज अधिकारी के प्रतिनिधि सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण अपनी टीम के साथ आरपीएफ पोस्ट पहुंचे, जहां सभी कछुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सुरक्षित अवस्था में वन विभाग को सौंप दिया गया।

आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, बरामद किए गए संरक्षित कछुओं की अनुमानित कीमत करीब 38 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में आरपीएफ गया के सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार, सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, शशि शेखर, देवेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद समेत अन्य जवानों और सीपीडीएस टीम गया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरपीएफ ने बताया कि वह रेल यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ वन्यजीव संरक्षण के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## सरकारी एंबुलेंस से प्राइवेट अस्पताल में मरीज भेजने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकारी अस्पतालों में दलालों की सक्रियता और एंबुलेंस सेवाओं के दुरुपयोग का मामला हाजीपुर से सामने आया है, जहां रात के अंधेरे में सरकारी एंबुलेंस कर्मियों पर मरीज को प्राइवेट अस्पताल भेजने की कोशिश का आरोप लगा है।

मामला सारण जिले के परसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, प्रसव पीड़ा के बाद परसा थाना क्षेत्र के बनकेरवा निवासी कुंदन कुमार की 20 वर्षीय पत्नी रविना कुमारी को परसा पीएचसी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों द्वारा जांच के बाद रविवार देर रात करीब 11 बजे महिला को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया। परिवार का आरोप है कि सरकारी एंबुलेंस से हाजीपुर ले जाते समय रास्ते में ही एंबुलेंस कर्मियों ने मरीज को किसी निजी अस्पताल में शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी। इसका परिजनों ने विरोध किया। उस समय एंबुलेंस में एक आशा कार्यकर्ता केशरी देवी और परिवार की एक महिला सदस्य मरीज के साथ मौजूद थीं, जबकि अन्य परिजन पीछे से दूसरी गाड़ी में आ रहे थे।परिजनों का कहना है कि हाजीपुर सदर अस्पताल के गेट पर पहुंचते ही एंबुलेंस रोककर मरीज को प्राइवेट एंबुलेंस में शिफ्ट करने की कोशिश की गई। इसी दौरान मीडिया और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। कैमरा देखते ही कथित दलाल और एंबुलेंस कर्मी मौके से भागने लगे। परिजनों और आशा कार्यकर्ता के विरोध के बाद मरीज को सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में भर्ती कराया गया।बताया जा रहा है कि जिस सरकारी एंबुलेंस से मरीज को लाया जा रहा था। घटना के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था और एंबुलेंस सेवाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।लोगों का कहना है कि पहले औचक निरीक्षण और सख्ती के चलते अस्पताल कर्मियों में कुछ डर बना रहता था, लेकिन अब गरीब मरीजों को इलाज के नाम पर दलालों के हवाले कर दिया जा रहा है।

# वीर कुंवर सिंह विवि होगा नीलाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** नगर निगम के द्वारा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, कतीरा स्थित कार्यालय एवं आवासीय परिसरों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली गई है। यह कार्रवाई वीर कुंवर सिंह विवि पर लंबे समय से चले आ रहे नगर निगम कर के बकाया भुगतान को लेकर की जा रही है।

आरा नगर निगम के अनुसार वर्ष 2020 से अब तक कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को रिमाइंडर लेटर भेजे गए, लेकिन इसके बावजूद विश्वविद्यालय की ओर से न तो बकाया राशि का भुगतान किया गया और न ही किसी प्रकार की ठोस पहल की गई।

बार-बार अनदेखी किए जाने के बाद अब नगर निगम ने नीलामी का लेटर जारी कर दिया है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार इसी वर्ष अगस्त माह में विश्वविद्यालय को एक करोड़ 23 लाख रुपये के बकाया को लेकर अंतिम नोटिस जारी किया गया था।

इस नोटिस में स्पष्ट किया गया था कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो नगर निगम को नियमानुसार सख्त कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बावजूद इसके विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया, जिससे नगर निगम को नीलामी की प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लेना पड़ा।

बताया जाता है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कतीरा स्थित कार्यालय भवन और आवासीय परिसरों पर नगर निगम का हाउस टैक्स एवं अन्य देय कर लंबे समय से लंबित है। समय-समय पर नगर निगम द्वारा कर निर्धारण कर बिल भेजे गए, लेकिन भुगतान नहीं होने से बकाया राशि बढ़ती चली गई।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सरकारी या शैक्षणिक संस्थान होने के बावजूद कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है और कर भुगतान में लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय को ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) प्रक्रिया के तहत भी बकाया निपटाने का अवसर दिया जा सकता था। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन पहल करता तो आपसी सहमति से किश्तों में या रियायत के साथ भुगतान की व्यवस्था हो सकती थी, लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में भी कोई आवेदन या प्रस्ताव नहीं दिया गया।

ऐसे में निगम के पास अब नीलामी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है। नीलामी की सूचना जारी होने के बाद शैक्षणिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

लोगों का कहना है कि विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे विश्वविद्यालय की छवि के साथ-साथ छात्रों और कर्मचारियों के बीच भी असमंजस की स्थिति बन सकती है।

हालांकि नगर निगम का कहना है कि नीलामी अंतिम कदम है और यदि इससे पहले विश्वविद्यालय बकाया राशि जमा कर देता है या ओटीएस के तहत समाधान निकालता है तो कार्रवाई रोकी जा सकती है।

फिलहाल नगर निगम ने नीलामी प्रक्रिया से संबंधित औपचारिकताएं शुरू कर दी हैं। नियमों के अनुसार निर्धारित समय के बाद संपत्ति की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य किसी संस्थान को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन की वसूली सुनिश्चित करना है। अब देखना यह है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन समय रहते पहल करता है या फिर मामला नीलामी तक पहुंचता है।

## जरूरतमंदों के बीच किया गया कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फारबिसगंज परिसर में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस मानवीय पहल के अंतर्गत आज लगभग 600 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए गए।

यह उल्लेखनीय है कि आरके रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 15 वर्षों से निरंतर इस प्रकार की सामाजिक एवं मानवीय सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की सहायता करता आ रहा है।

कार्यक्रम में रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी विवेक श्रीवास्तव तथा अररिया के उपाध्यक्ष गौतम साह की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एमडीएमएस, अररिया के निदेशक डॉ. संजय प्रधान, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के निदेशक सुदीप कुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन, पुस्तकालयाध्यक्ष इंदु कुमारी एवं अभियंता अरुण कुमार सिंह ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी अतिथियों ने स्वयं जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया।

आरके रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर प्रसाद रूंगटा ने अपने संदेश में कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्गों को समय-समय पर सहायता प्रदान करना भी उसकी प्राथमिकता है। ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय लोगों को राहत पहुँचाना मानवता का सच्चा स्वरूप है और यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ट्रस्टी श्रीमती उर्मिला रूंगटा ने कहा कि सेवा और करुणा ही समाज को मजबूत बनाती है।

# श्रमजीवी एक्सप्रेस के डिब्बे से निकलने लगा धुआं, अफरातफरी

आधे घंटे रूकी रही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दानापुर रेल मंडल क्षेत्र अंतर्गत बिहटा के सदिसोपुर रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्टेशन पर रुकी 12391 अप श्रमजीवी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे से अचानक धुआं निकलने लगा। डिब्बे से धुआं उठता देख यात्रियों में हड़कंप मच गया और लोग डर के मारे ट्रेन से बाहर निकल आए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद स्टेशन पर करीब 30 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही। इस दौरान जनरल डिब्बे के यात्रियों के साथ-साथ आसपास के अन्य डिब्बों में बैठे लोग भी बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। धुआं इतना ज्यादा था कि लोगों को ऐसा लगा मानो ट्रेन के डिब्बे में आग लग



गई हो।

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। रेलवे कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद धुएं पर काबू पाया गया। करीब आधे घंटे की कवायद के बाद स्थिति सामान्य हुई, तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

इस पूरे घटनाक्रम के दौरान मौके पर मौजूद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया, जो देखते ही देखते तेजी से वायरल हो गया। रेलवे अधिकारियों और यात्रियों के अनुसार, जनरल डिब्बे में धुआं निकलने की वजह किसी तरह की टेक्निकल खराबी बताई जा रही है। धुआं पूरी तरह नियंत्रित होने के बाद श्रमजीवी एक्सप्रेस को आगे के लिए रवाना किया गया और ट्रेन बिहटा से आरा की ओर बढ़ गई।

## आमने-सामने भिड़ी दो बाइकें

**अररिया।** महलगांव-डोमरा कुंड मार्ग पर डुमराकुंड पुल के समीप सोमवार को तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सागर कुमार पिता सदानंद विश्वास और धीरज कुमार पिता अरुरुद्ध विश्वास के रूप में हुई है। दोनों ग्राम कलकली,वार्ड संख्या-13,पंचायत चिरह,थाना महलगांव के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सागर और धीरज गैरकी स्थित सीबीआई बैंक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सदर अस्पताल अररिया भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को पूर्णिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया।

# 19 दिसम्बर को राजगीर महोत्सव में कैलाश खेर बिखेरेंगे सुरों का जादू

संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर महोत्सव को इस वर्ष और भी भव्य व यादगार बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। 19 दिसंबर की शाम आयोजित महोत्सव में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक एवं सूफी संगीत के दिग्गज कलाकार कैलाश खेर अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उनके आगमन की खबर से संगीत प्रेमियों में खासा उत्साह है।

गौरतलब हो कैलाश खेर इससे पहले दिसंबर 2013 में राजगीर महोत्सव में आए थे। उस समय उन्होंने मशहूर कवयित्री कविता सेठ के साथ मंच साझा कर यादगार प्रस्तुति दी थी, जिसे आज भी लोग नहीं भूल पाए हैं।

करीब 12 वर्षों बाद एक बार फिर उनका राजगीर आगमन संगीत प्रेमियों के लिए किसी सौगात से कम नहीं है। इस बार वे नालंदा जिला प्रशासन के निमंत्रण पर कैलासा नामक कार्यक्रम के तहत अपनी प्रस्तुति देने वाले हैं।

कैलाश खेर अपने सूफी और लोक संगीत से जुड़े गीतों के लिए देश-विदेश में विशेष पहचान रखते हैं। तेरी दीवानी, अल्लाह के बंदे, सैयां, चक दे फट्टे जैसे लोकप्रिय गीतों के जरिए उन्होंने हर वर्ग के श्रोताओं के दिलों में खास जगह बनाई है।

ऐतिहासिक और आध्यात्मिक नगरी राजगीर में उनकी प्रस्तुति से महोत्सव का सांस्कृतिक माहौल और भी गहराने की उम्मीद है । राजगीर महोत्सव पहले से ही अपनी कला, संस्कृति और लोक विरासत के लिए जाना जाता है।

ऐसे में कैलाश खेर की प्रस्तुति से सूफी संगीत का रंग पूरे महोत्सव में घुलने की पूरी संभावना है। आयोजन समिति का मानना है कि उनकी गायकी युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और परिवारों को भी समान रूप से आकर्षित करेगी।

संगीत प्रेमियों का कहना है कि कैलाश खेर की लाइव प्रस्तुति सुनना अपने आप में एक अनूठा अनुभव होता है। उनकी आवाज में भावनाओं की गहराई और सूफी रंग श्रोताओं को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराता है। यही वजह है कि 19 दिसंबर की शाम को लेकर दर्शकों में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

## खाद्य सुरक्षा की टीम ने मीट दुकानों का किया निरीक्षण

**धनबाद।** खाद्य सुरक्षा की टीम सोमवार को शहर के विभिन्न मीट मुर्गा और मछली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। यहां फूड सेफ्टी नियमों के विरुद्ध चल रहे दुकानदारों को चेतावनी दी गई। वहीं, 4 मीट दुकानों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने मीट दुकानों पर सफाई रखने और खुले में मीट न बेचने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी मांस और मछली काटने में स्टील का औजारों का इस्तेमाल किया जाए। स्टील का औजार होना अनिवार्य है। लेकिन कई जगहों पर लोहे के औजार का प्रयोग हो रहा है। जो संक्रमण और बीमारी का बड़ा कारण हो सकता है। फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना फूड लाइसेंस के मीट मुर्गा अथवा मछली दुकान चलाना गैर कानूनी है। पूरे जिले में भ्रमण करके ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है। नियम के विरुद्ध कार्य करने पर ऐसे दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया जाएगा। टीम ने हीरापुर हटिया, पुलिस लाइन के मीट दुकान का जायजा लिया।

## 80 फीसदी बच्चे हुए परीक्षा से वंचित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (कक्षा 6) इस वर्ष गंभीर अव्यवस्थाओं और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ गई। आयोजित इस परीक्षा में कुल 8949 पंजीकृत छात्रों में से मात्र 4636 परीक्षार्थी ही शामिल हो सके। जबकि 4313 छात्र परीक्षा से वंचित रह गए।

इसके पीछे सबसे बड़ी वजह परीक्षा केंद्रों के चयन में की गई घोर लापरवाही बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले के सुदूर और पिछड़े प्रखंडों बिथान, सिंघिया और मोहनपुर के सभी परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र समस्तीपुर मुख्यालय निर्धारित कर दिया गया, जो इन क्षेत्रों से अत्यधिक दूरी पर स्थित है।

परिणामस्वरूप गरीब और संसाधनहीन अभिभावक अपने बच्चों को तय समय पर परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंचा सके। बिथान प्रखंड में पंजीकृत 1622 छात्रों में से 1270 छात्र अनुपस्थित रहे।

इसी तरह सिंघिया प्रखंड में 1003 में से 704 तथा मोहनपुर प्रखंड में 335 में से 241 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके अर्थात बिथान के 80 प्रतिशत,सिंघिया के 70 प्रतिशत और मोहनपुर प्रखण्ड के 72 प्रतिशत छात्रा परीक्षा में अनुपस्थित हो गए।

ठंड के मौसम में लंबी दूरी तय करना अभिभावकों के लिए अत्यंत कठिन साबित हुआ, जिसका सीधा असर बच्चों की उपस्थिति पर पड़ा। विदित हो कि पूर्व वर्षों में नवोदय चयन परीक्षा के केंद्र छात्रों और अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी अनुमंडलों– रोसड़ा, दलसिंहसराय, पटोरी और समस्तीपुर में बनाए जाते थे।

इससे दूर-दराज के क्षेत्रों के छात्रों को बड़ी राहत मिलती थी। इस बार इस व्यवस्था को अचानक समाप्त कर देना अदूरदर्शी और संवेदनहीन नीति को उजागर करता है।

इतना ही नहीं, शिवाजीनगर प्रखंड के कई अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में परीक्षा केंद्र का नाम स्पष्ट रूप से अंकित नहीं था। इस प्रखंड का वास्तविक परीक्षा केंद्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय, धुरलख था, लेकिन प्रवेश पत्र में धुरलख का उल्लेख नहीं होने के कारण अभ्यर्थियों और अभिभावकों को केंद्र खोजने में भारी परेशानी हुई।

भ्रम और असमंजस के कारण कई छात्र परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सके। इस लापरवाही की जिम्मेदारी भी परीक्षा संचालित करने वालों पर ही कहीं न कहीं आकर ठहर जाती है। अभिभावकों और शिक्षाविदों का कहना है कि नवोदय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा के संचालन में ऐसी अव्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती। प्रशासनिक गलत फैसलों और लापरवाही के कारण सैकड़ों गरीब, मेहनती और प्रतिभावान बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इन बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी लेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। जेएनवी के प्राचार्य बताते हैं कि पिछले तीन वर्षों से परीक्षार्थियों का अनुपात घटा है लेकिन अन्य जिले की तुलना में इस बार काफी कम उपस्थिति रही। इसके पीछे की वजह को तलाशा जा रहा है।

## पंचायतों में शिविर लगाकर कराया जायेगा केवाईसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** जॉब कार्डधारियों के शत-प्रतिशत केवाईसी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत चकाई प्रखंड की सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रजनीश कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि पंचायतवार तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। इन शिविरों का आयोजन संबंधित पंचायत के पंचायत मुख्यालय में किया जाएगा।

शिविर के माध्यम से नए जॉब कार्ड का सत्यापन, नाम एवं विवरण में सुधार, आधार सीडिंग, बैंक खाता लिंक करना, कार्य मांग पंजीकरण सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी, ताकि मजदूरों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी जॉब कार्डधारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक कागजात के साथ अपने पंचायत मुख्यालय पहुंचें।

उन्होंने बताया कि आज यानि 16 दिसंबर को चंद्रमंडी, चौपला, डढ़वा एवं दुलमपुर पंचायत, 17 दिसंबर को गजही, घुटवे, कल्याणपुर एवं कियाजोरी पंचायत, 18 दिसंबर को माधोपुर, नावाडीह, परांची एवं पेटर पहाड़ी पंचायत, 19 दिसंबर को फरियताडीह, पोझा, रामचंद्रडीह एवं रामसिंघड़ीह पंचायत तथा 20 दिसंबर को सरौन, सिल्फरी एवं ठाड़ी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सभी शिविर सुबह से प्रारंभ होंगे और आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने वाले मजदूरों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा।

इस पहल से मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने में मजदूरों को सहूलियत होगी और लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन संभव हो सकेगा।

# शराब पार्टी का भंडाफोड़

□पांच नर्तकियों सहित आठ गिरफ्तार □आर्केस्ट्रा पार्टी का चल रहा था कार्यक्रम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लखीसराय।** कबैया थाना क्षेत्र के संसार पोखर, वार्ड नंबर 17 में रविवार की देर रात उस समय हंगामा मच गया, जब बंद कमरे में पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान जिले से आई ऑर्केस्ट्रा पार्टी की पांच नर्तकियां स्थानीय तीन युवकों के साथ शराब पार्टी कर रही थीं।

स्थानीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर कबैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शराब के नशे में धुत सभी आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए लोगों में संसार पोखर निवासी उत्तम कुमार, सुमित कुमार, किऊल थाना क्षेत्र के बिछवे गांव निवासी नीतीश कुमार तथा बर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) जिला के छठ कॉलोनी की झूमा दास, जगदाबाद की सरिता देवी, उनकी बहन सुनीता देवी, केस्टोपुर की प्रिया मिस्त्री और राजवटी कृष्णापुर की प्रोतिमा मल्लिक शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार की रात संसार पोखर में ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के बाद ऑर्केस्ट्रा पार्टी की पांचों नर्तकियां स्थानीय तीन युवकों के साथ एक कमरे में बंद होकर शराब पार्टी कर रही थीं। इसकी भनक लगते ही कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

कबैया थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम संसार पोखर पहुंची और मौके से शराब के नशे में धुत पांचों नर्तकियों एवं तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

CMYK

# चौदह लाख रुपए की रिश्वत लेने के जुर्म में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने चौदह लाख रूपयों की रिश्वत लेने के जुर्म आज पथ निर्माण विभाग के एक कार्यपालक अभियंता समेत दो लोगों को चार वर्षों तक के सश्रम कारावास की सजा के साथ पांच लाख रूपए तक का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद पथ निर्माण विभाग में पटना पश्चिम प्रमंडल के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सुरेश कुमार सिंह और रोकड़िया शशि भूषण कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी कार्यपालक अभियंता को चार वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ पांच लाख रुपए का जुर्माना किया है जबकि दोषी रोकड़िया को चार वर्षो के सश्रम कारावास की सजा के साथ तीन लाख रुपए का जुर्माना किया है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोनों दोषियों को एक-एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक प्रभारी निगरानी ट्रैप केसेस किशोर कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में एक कंपनी को पटना में सड़क के निर्माण का 40 करोड़ रुपए का ठेका मिला। दोषी कार्यपालक अभियंता एक प्रतिशत के हिसाब से 40 लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे थे और एग्रीमेंट करने में टाल-मटोल कर रहे थे। वरीय अधिकारियों को शिकायत करने पर एग्रीमेंट तैयार हुआ। बाद में सात किलोमीटर सड़क का निर्माण करने के बाद शिकायतकर्ता ने सिक्योर्ड एडवांस की मांग की, तब दोषी कार्यपालक अभियंता ने 40 लाख रूपयों के रिश्वत की मांग की। बाद में 32 लाख रुपए की मांग करने लगे। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता थे इसलिए उसने निगरानी में शिकायत की। आरोपों के सत्यापन के बाद 8 जून 2019 को निगरानी के अधिकारियों ने दोषी कार्यपालक अभियंता के पटेल नगर स्थित आवास पर दोनों दोषियों को 14 लाख रूपयों की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था । दोषी कार्यपालक अभियंता के आवास की तलाशी में दो करोड़ 36 लाख 23 हजार रुपए नगद बरामद हुए थे। इसके अलावा लाखों रूपयों के निवेश और जमा राशि के भी कागजात बरामद हुए थे जिसके लिए दोषी कार्यपालक अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का एक अलग मुकदमा किया गया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में तेरह गवाहों का बयान कलम बंद करवाया था ।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पथ निर्माण सह नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री संजय कुमार सिंह, विधायक श्याम रजक, विधायक अरुण मांझी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# मुख्य सचिव के समक्ष बी.डी. कॉलेज के छात्रों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण

## नरेंद्रपुर परिवर्तन शिविर में एनएसएस टीम की सशक्त सहभागिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के छात्रों ने सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के समक्ष अपने नवाचारपूर्ण कार्यों, सामाजिक पहलों और सामुदायिक गतिविधियों पर आधारित एक सशक्त प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर छात्रों ने प्रशासनिक व्यवस्था, ग्रामीण विकास और युवा सहभागिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए और संवाद किया। मुख्य सचिव ने छात्रों की विषयवस्तु की समझ, प्रस्तुति शैली और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इसी क्रम में बी.डी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की टीम, जो सिवान जिले के नरेंद्रपुर में परिवर्तन संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर में भाग ले रही है, ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिविर के दौरान छात्रों ने नाटक, लोकगीत, स्वच्छता जागरूकता अभियान, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जागरूक किया और सामाजिक संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्या रत्ना अमृत ने दोनों उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों ने मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुतीकरण हो या परिवर्तन शिविर में सहभागिता–हर मंच पर अपनी प्रतिभा, संवेदनशीलता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने इसे बी.डी. कॉलेज के लिए गर्व का क्षण बताया और छात्रों को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निरंतर निभाते हुए सीखने की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। परिवर्तन संस्था के प्रतिनिधियों ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों ने शिविर की मूल भावना को सार्थक रूप से आगे बढ़ाया है और ग्रामीण समुदाय के बीच सकारात्मक प्रभाव छोड़ा है।

# नितिन नवीन और संजय सरावगी को नई जिम्मेदारी मिलने पर वीरेन्द्र कुमार सिंह ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में हुए अहम बदलाव के तहत वरिष्ठ नेता नितिन नवीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर जनता दल यूनाइटेड के पूर्व सांसद और विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने दोनों नेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा जाना उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और कार्यकर्ताओं से मजबूत जुड़ाव का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नवीन अपने नेतृत्व में पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा संगठन को नई दिशा और ऊर्जा देंगे। संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भी वीरेन्द्र कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संजय सरावगी बिहार की राजनीति में एक अनुभवी और जमीनी नेता के रूप में पहचाने जाते हैं और उनके नेतृत्व में पार्टी का संगठनात्मक ढांचा और अधिक सुदृढ़ होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजय सरावगी प्रदेश में संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक दल और सशक्त नेतृत्व देश और राज्य के विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने दोनों नेताओं के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से राजनीतिक कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिलेगी और जनसेवा के कार्यों को और गति प्राप्त होगी।

# पटना पुस्तक मेला में हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट द्वारा 'द हार्टफुलनेस वे 2' का विमोचन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित पटना पुस्तक मेला के दौरान हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुस्तक 'द हार्टफुलनेस वे 2' का सफलतापूर्वक विमोचन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पाठक, साधक और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। पुस्तक का संयुक्त रूप से विमोचन अनिल झा और अविनाश सिंह ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अनिल झा ने कहा कि 'द हार्टफुलनेस वे 2' केवल एक आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन को सरलता, संतुलन और जागरूकता के साथ जीने की एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका है। वहीं अविनाश सिंह ने पुस्तक को आत्मिक शांति, भावनात्मक परिष्कार और मानवीय मूल्यों के विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम के दौरान हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति निःशुल्क उपलब्ध है और इसका उद्देश्य व्यक्ति को भीतर से शांत, संतुलित और करुणामय बनाना है। उन्होंने कहा कि आज की तनावपूर्ण और तीव्र जीवन-शैली में हृदय-केंद्रित ध्यान की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। कार्यक्रम का समापन शांति, आत्मचिंतन और हृदय से जुड़ाव के संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर मनीष गोयल, मुकेश जैन, आशीष शंकर, पवन भगत, नितिन, अमित आज़ाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एचडीएफसी बैंक ने साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप आयोजित की



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान के तहत पूरे भारत में साइबर फ्रॉड जागरूकता वर्कशॉप की एक श्रृंखला आयोजित की। बैंक ने अप्रैल 2025 से इस श्रृंखला के तहत 4000 से ज्यादा वर्कशॉप आयोजित की जिनमें 27000 से ज्यादा नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। इन वर्कशॉप का मकसद स्कूल और कॉलेज के छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, सेल्फ-हेल्प ग्रुप, ग्राहकों और कर्मचारियों को शिक्षित करना था। इन इंटरैक्टिव सेशन के जरिए, प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग तरीकों के बारे में जरूरी जानकारी मिली ताकि वे साइबर फ्रॉड का शिकार न हों।

# बागवानी बनेगी रोजगार, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई धुरी : राम कृपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान-कल्याण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकसित बिहार के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में कृषि को आय-आधारित, रोजगारोन्मुख एवं टिकाऊ स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 'गांव की बागवानी, हमारे गौरव की कहानी' पहल को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि उद्यानिक फसलों की संगठित एवं व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की



आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ''क्लस्टर में बागवानी की योजना'' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत कुल 4 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बागवानी को एक ग्रामीण उद्यम के रूप में विकसित किया जा रहा है जिससे रोजगार सृजन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना का लक्ष्य 100 एकड़ निर्धारित किया गया है, ताकि गुणवत्ता और परिणामों पर विशेष फोकस किया जा सके। मंत्री कहा कि विभाग को यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है कि योजना का क्रियान्वयन गुणवत्ता-आधारित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो जिससे संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके और किसानों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत केवल वही क्लस्टर भुगतान के लिए मान्य होंगे जिनका कुल रकबा 25 एकड़ या उससे अधिक होगा तथा जिनमें पौधों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित होगी। इससे योजना में गुणवत्ता, टिकाऊपन और पारदर्शिता को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि ''क्लस्टर में बागवानी की योजना'' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कृषि-आधारित विकास मॉडल को जमीन पर उतारने का सशक्त माध्यम है। यह योजना ग्रामीण बिहार में रोजगार, समृद्धि और सम्मान का नया अध्याय लिखेगी तथा ''गांव की बागवानी, हमारे गौरव की कहानी'' को वास्तविक अर्थों में साकार करेगी।

# ओजेम्पिक दवा अब भारत में उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वैश्विक स्वास्थ्य सेवा कंपनी नोवो नोर्डिस्क ने भारत में ओजेम्पिक (इंजेक्शन के रूप में दिया जाने वाला सेमाग्लूटाइड) लॉन्च करने की घोषणा की है। यह टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस से पीड़ित वयस्कों के लिए है, जिनका डायबिटीज केवल आहार और व्यायाम से नियंत्रित नहीं हो पा रहा है। इसे सप्ताह में एक बार दिया जाता है। यह जीएलपी-1 आरए यानी ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 रिसेप्टर एगोनिस्ट वर्ग की दवा है। इसे टाइप 2 डायबिटीज के प्रबंधन की मुख्य बुनियाद माने जाने वाले संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ-साथ एक सहायक उपचार के तौर पर दिया जाता है। नोवो नोर्डिस्क इंडिया के प्रबंध निदेशक विक्रांत श्रोत्रिया ने कहा कि भारत में ओजेम्पिक लाना एक प्रमुख पड़ाव है। ओजेम्पिक के प्रति विश्व-स्तर पर विश्वास, प्रमाणित क्लिनिकल उत्कृष्टता और विश्व-स्तरीय गुणवत्ता के साथ-साथ एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, ओजेम्पिक भारतीय डॉक्टरों के लिए एक प्रभावी उपचार विकल्प प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य लोगों को एक असरदार और सरल थेरेपी प्रदान करना है जो बेहतर ग्लाइसेमिक नियंत्रण, वजन प्रबंधन और हृदय और किडनी की दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है। इसे सुविधाजनक पेन डिवाइस के माध्यम से सप्ताह में एक बार दिया जाता है। इस दवा के उत्कृष्ट स्वास्थ्य परिणाम नोवो नोर्डिस्क की सालों से चली आ रही प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

# बेटियां तीन पीढ़ियों को कर सकती हैं संरक्षित : केपीएस केसरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोरौल।** वर्तमान समय में बेटियां शिक्षा, खेल, उद्योग, समाजसेवा से लेकर अंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। बेटियों की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी सशक्त बनाने का कार्य कर रही हैं। ये बातें बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआइए) के पूर्व अध्यक्ष केपीएस केसरी ने कहीं। वह मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से गोरौल प्रखंड के पीरापुर मथुरा गांव में संचालित सीता नंदलाल ज्ञानशाला में बच्चों के बीच ठंड के कपड़ों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक शिक्षित और सशक्त बेटी न केवल अपने परिवार बल्कि तीन पीढ़ियों को संरक्षित और समृद्ध कर



सकती है। कार्यक्रम में कोल इंडिया के सहयोग से संचालित इस ज्ञानशाला के बच्चों के बीच जरूरतमंदों को ठंड के कपड़े वितरित किए गए। इस सामाजिक कार्य में बीआइए के पूर्व अध्यक्ष केपीएस केसरी के साथ उद्यमी नवीन कुमार यादव एवं उद्योगपति रमेश गुप्ता ने भी सक्रिय सहयोग दिया। इस दौरान 60 छात्राओं में गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज से बेटियों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संस्थापक एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रेमा कुमारी, फाउंडेशन की सीईओ ज्योति, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, आरकेडी कालेज कंकड़बाग के सहायक प्राध्यापक डा. अविनाश रंजन, रितु कुमारी आदि भी थीं।

# बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन हुआ। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधन से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने फीता काटकर सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि इस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे हैं जिन्होंने मुम्बई से एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेक्सुअल मेडिसिन में सिंगापुर से फेलोशिप भी प्राप्त की है।

# रेलवे भर्ती बोर्ड मुजफ्फरपुर की परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे भर्ती बोर्ड मुजफ्फरपुर के अधिकार क्षेत्र में रेलवे की लेवल-एक पदों की भर्ती के लिए सीईएन संख्या 08/2024 के तहत कंप्यूटर आधारित परीक्षा 27 नवंबर 2025 से देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। मुजफ्फरपुर शहर में यह परीक्षा तीन केंद्रों पर संचालित की जा रही है। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए रेलवे अधिकारियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा जिला प्रशासन की स्थानीय पुलिस को सभी परीक्षा केंद्रों पर तैनात किया गया है। इसी क्रम में 14 दिसंबर 2025 को दूसरी पाली में आईओएन डिजिटल जोन, आईडीजेड कांटी, मुजफ्फरपुर परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया। परीक्षा देने आए उम्मीदवार राजा कुमार का आधार सत्यापन तो सही पाया गया, लेकिन बायोमेट्रिक पंजीकरण के दौरान आवेदन में लगी तस्वीर और लाइव तस्वीर के बीच फेस मिलान मात्र छह प्रतिशत पाया गया। इसके अलावा ई-कॉल लेटर पर किए गए हस्ताक्षर आवेदन पत्र के हस्ताक्षर से मेल नहीं खा रहे थे। यह जानकारी परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के तकनीकी कर्मियों द्वारा रेलवे से तैनात केंद्र समन्वयक विश्वजीत, सहायक वाणिज्य प्रबंधक समस्तीपुर को दी गई। पूछताछ के दौरान परीक्षार्थी ने स्वीकार किया कि वह किसी अन्य उम्मीदवार की जगह परीक्षा देने आया था। उसने अपना वास्तविक नाम राजेश कुमार, पिता अविनाश राय, गांव एवं पोस्ट गनीपुर बेझा, थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर बताया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि राजा कुमार के बायोमेट्रिक डाटा में हेरफेर किया गया था, लेकिन इमेज मैचिंग प्रणाली की मजबूती और रेलवे अधिकारियों की सतर्कता के कारण फर्जीवाड़ा पकड़ में आ गया। आरोपी ने फोटो मिलान और बायोमेट्रिक डाटा बदलने की बात भी स्वीकार की।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की। यह एसयूवी सेगमेंट में बोल्ड डिजाइन, बेजोड़ आराम, अग्रणी तकनीक और डायनामिक ड्राइविंग अनुभव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। ऑल-न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिजाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इसके इंटीरियर्स में 5-सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7-सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरुआती कीमत 11.99 लाख रुपए (केवल सीमित इकाइयों के लिए) है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर में नया औरा हेक्स ग्रिल दिया गया है जो मजबूती और सटीकता का प्रतीक है। इसके साथ फ्रंट और रियर में नए औरा स्कल्प्ट बंपर्स हैं जो हर एंगल से एक मस्क्युलर और आत्मविश्वासी स्टांस देते हैं। औरा बोल्ट अलॉय व्हील्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे खड़े-खड़े भी ताकत और स्टाइल का एहसास कराएं।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया भगवान चन्द्रप्रभु एवं पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर जैन चैतय्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु और तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म और तप कल्याणक दिवस पूरी भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। इस पावन अवसर पर मंदिरों में सुबह से हीं श्रद्धालुगण इकट्ठे होने लगे। श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया फिर शांतिधारा की गई। फिर अर्घ्य चढ़ाने के बाद भगवान की



आरती की गई। आरती के बाद उनका पूजन हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति, मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहा। वक्ताओं ने भगवान चन्द्रप्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा, सत्य, संयम और तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद सचिव पराग जैन ने बताया कि पटना के जिरिया तमोलीन गली में स्थित 600 वर्ष पुराने दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान चन्द्रप्रभु की मूल प्रतिमा स्तापित है। यहां भगवान का विशेष पूजन पाठ किया गया। मौके पर जैन संघ के मीडिया सचिव एम पी जैन ने बताया कि भगवान चंद्रप्रभु और पार्श्वनाथ दोनों का जन्म चंद्रपुरी में हुआ था और इसी दिन उन्होंने दीक्षा लेकर तपस्या शुरू की जिससे जैन समाज में यह महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। मौके पर बिहार स्टेट दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमिटी के मानद मंत्री पराग जैन ने कहा कि भगवान चंद्रप्रभु का जन्म चन्द्रपुरी, वाराणसी (वर्तमान उत्तर प्रदेश) में राजा महासेन और रानी लक्ष्मण देवी के यहां पौष कृष्ण एकादशी को हुआ था तथा इनका तप कल्याणक (दीक्षा) भी इसी तिथि को चंद्रपुर में हुआ था। तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म वाराणसी (काशी नगर) में पौष कृष्ण एकादशी को हीं हुआ था।

# संजय सरावगी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने से भाजपा को मिलेगी मजबूती : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता संजय सरावगी को प्रदेश अध्यक्ष का नया दायित्व मिलने पर कोटिशः बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री पाण्डेय ने कहा है कि श्री सरावगी दरभंगा विधानसभा सीट से लगातार 6 बार से विधायक हैं। साथ ही पूर्व में मंत्री भी रहे हैं। संजय सरावगी को प्रदेश की कमान मिलने से कार्यकर्ताओं के मनोबल को काफी बल मिला है। भाजपा जैसी पार्टी में ही यह सम्भव है कि किसी सामान्य



नेता व कार्यकर्ता को भी बड़ी से बड़ी जिम्मेवारी पूरे भरोसे के साथ दी जाती है। श्री सरावगी भाजपा के पुराने और भरोसेमंद चेहरे हैं और कारोबारी वर्ग में गहरी पकड़ रखते हैं। मिथिलांचल की सियासत में उनका खासा प्रभाव माना जाता है।

# संपादकीय

## मशीन पर इंसान की निर्भरता हो सकती है घातक

कोई भी तकनीक अगर मनुष्य के लिए सहयोगी की भूमिका में है, तो वह बेशक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन वह अगर निर्भरता का मामला बनता है तो उसके घातक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। इस लिहाज से देखें तो समूची दुनिया में इंटरनेट के तेजी से विस्तार के साथ मनुष्य को अपने जीवन के विविध पक्षों के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके नए स्वरूप ने कुछ ऐसी स्थितियां भी पैदा की हैं, जिससे पार पाना अब एक अहम चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ के अलग-अलग मंचों ने आज हरेक विषय पर जानकारी हासिल करने से लेकर कई स्तर पर अपनी उपयोगिता की वजह से व्यापक जगह बना ली है। इसी क्रम में एक पहलू इस तकनीक के साथ संवाद भी है, जहां किसी व्यक्ति के अमूमन हर तरह के सवाल का जवाब मिल सकता है। यह अलग बात है कि उसके सही या गलत होने की परख के लिए इंसान को अपने विवेक को सजग रखना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस खासियत का प्रचार-प्रसार तो बहुत हुआ, लेकिन इसकी सीमाओं के बारे में ज्यादातर लोगों के पास ठोस जानकारी और उसके उपयोग के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार लोग और खासतौर पर बच्चे एआइ के साथ संवाद के क्रम में उलझ जाते हैं या फिर भ्रम का शिकार होकर कोई प्रतिगामी कदम भी उठा लेते हैं। कोई आनलाइन गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन अब कुछ मामलों में एआइ से संवाद को हत्या तक के लिए जिम्मेदार बताया जाने लगा है। गौरतलब है कि अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के कनेक्टिकट में एक तिरासी वर्ष की बुजुर्ग महिला के परिजनों ने हत्या और आत्महत्या के मामले में चैटजीपीटी की भूमिका को लेकर ओपनएआइ और माइक्रोसाफ्ट के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एआइ वाले चैटबाट ने बेटे के मन में अपनी मां के बारे में भ्रम और संदेह को इतना बढ़ाया कि उसने मां की हत्या करके आत्महत्या कर ली। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस एआइ ने हत्या करने वाले व्यक्ति के मन में सबके साथ-साथ अपनी मां के प्रति भी केवल शक और आशंका भर दी। उसे चैटजीपीटी को छोड़ कर अन्य किसी की भी बात पर विश्वास नहीं रहा। इस तरह की अनेक घटनाएं यही दर्शाती हैं कि हर बात या काम के लिए एआइ या आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता कैसे इंसान की संवेदना, उसके आत्मविश्वास और यहां तक कि विवेक को निष्क्रिय कर दे सकती है, जिसके बाद व्यक्ति अपनी सोच-समझ से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकने में अक्षम हो जाता है।

# अरब देशों ने बैन लगाया, पाकिस्तान बुरी तरह बौखलाया, 'धुरंधर' ने ऐसा क्या दिखाया

**क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है। हिंदुस्तानियों का सबसे बड़ा दुश्मन हिंदुस्तानी ही है। पाकिस्तान तो दूसरे नंबर पर आता है आदित्य धर की फिल्म धुरंधर ने इस वक्त धूम मचाई हुई है। धुरंधर फिल्म ने आते ही ऐसा धमाका किया है कि 5 दिन में 200 करोड़ छाप दिए हैं। ये फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इसमें पांच दिग्गज अभिनेताओं ने ऐसे किरदार निभाए हैं जो असली लोगों से इंस्पायर्ड बताए जा रहे हैं। धुरंधर पिछले हफ्ते 5 दिसंबर को रिलीज हुई। उसके बाद से एक बड़ा वर्ग इसकी बहुत तारीफ कर रहा है और अच्छा सिनेमा बता रहा है। इसमें एक सही मुद्दे को लेकर रियलस्टिक ट्रीटमेंट दिया गया है। लेकिन भारत में ही मौजूद कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें इस फिल्म से परेशानी हो रही है। धुरंधर के इस धमाके के बीच एक इकोसिस्टम सुलग रहा है।**

(अभिनय आकाश)

यह इकोसिस्टम धुरंधर फिल्म के पीछे पड़ गया है। कोई कह रहा है कि यह प्रोपेगेंडा है। कोई कह रहा है कि अरे यह ट्रोल लेवल की फिल्म है। कोई कह रहा है कि फिल्म बनाने वाले ने लिमिट क्रॉस कर दी। यानी धुरंधर में कुछ तो ऐसा दिखाया गया है जो एक इको सिस्टम को परेशान कर रहा है। उन्हें जबरदस्त आग लगी हुई है। सवाल ये है कि पाकिस्तान के आतंकवाद की सच्चाई उन वर्गों को इतनी चुभ क्यों रही है। क्या फिल्म पर भी राजनीति हो सकती है? क्या किसी फिल्म की कहानी पर भी राजनीति हो सकती है और क्या कोई फिल्म भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। धुरंधर फिल्म ऐसी ही है, जो अभी आई है और वो आते ही एक बड़ा मुद्दा बन गई है उस फिल्म को लेकर बहुत सारे सवाल किए जा रहे हैं। क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है।

### क्यों इतनी चर्चा में है धुरंधर

दुनिया भर में लोगों को फिल्म पसंद आ रही है। जबकि फिल्म 3 घंटे 34 मिनट की है। छोटी-मोटी फिल्म नहीं है। सभी कलाकारों की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। फिल्म के एक्शन, बैकग्राउंड, म्यूजिक सब की तारीफ हो रही है। यानी धुरंधर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर साबित हो रही है। और इसकी सबसे बड़ी वजह इसकी कहानी है। फिल्म धुरंधर के सभी मेन कैरेक्टर किसी ना किसी रियल लाइफ किरदार से प्रेरित हैं। फिल्म में रणवीर सिंह ने भारतीय जासूस का किरदार निभाया है। फिल्म में रणवीर सिंह का नाम हम अली मज़ारी है। जो बलोच है और यह आम बॉलीवुड जासूसों की तरह नहीं है। रणवीर सिंह का कैरेक्टर पाकिस्तान में घुसकर भारत की एजेंसियों को खुफ़िया जानकारी भेजता है। फिल्म में रणवीर सिंह कराची के अंडरवर्ल्ड का हिस्सा बन जाता है और फिर वहां से पाकिस्तान के आतंकी गैंगस्टर सरकार और आईएसआई के गठजोड़ के बारे में भारत जानकारी भेजता है। इसी तरह से फिल्म में माधवन ने इंटेलिजेंस अधिकारी अजय सानियाल का रोल किया है। अजय सानियाल के गेटअप में माधवन को देखकर कोई भी आसानी से कह रहे है कि अरे यह तो अजीत डोभाल हैं। हालांकि में यह दावा नहीं किया गया है कि अजय सानियाल जो हैं वो अजीत डोभाल के कैरेक्टर से प्रेरित हैं।

ल्यारी के रहमान डकैत की पूरी कहानी

70 के दशक में उससे भी पहले बेनजीर भुट्टो के



पापा और पाकिस्तान के तत्कालीन सदर जुल्फिकार अली भुट्टो ने लिल्या के लोगों को जमीन से जुड़े अधिकारों में जगह दी थी। तब से यह तय हो गया किरी के लोग अपनी वफादारी भुट्टो परिवार की ओर ही रखेंगे। इसलिए लियारी को भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी पीपीपी का गढ़ माना जाता रहा। उन्हें साथ मिला रहमान बलोच, अब्दुल रहमान बलोच और उसके चचेरे भाई उज़ैर बलोच का लारी के सबसे बड़े गुंडे और गिरोहबाज शराब बेचने, हथियार बेचने, हफ्ता वसूलने, अपहरण कर फिरौती उठाने, हत्या वगैरह करने जैसे कामों से दोनों भाइयों ने लारी की गलियों में दहशत भर के रखी हुई थी। मुताहिदा कौमी मूवमेंट एमक्यूएम नाम के राजनीतिक मूवमेंट से उन्हें चुनौती मिली। एमक्यूएम और उसके मसलमैन अरशद पप्पू और बलोच गैंग में लफड़े अक्सर होते रहते थे। सब किसी ना किसी नेता से जुड़े हुए थे। पुलिस उन्हें छू भी नहीं सकती थी। ऐसे में एसपी चौधरी असलम को याद किया गया।

**रहमान का विवादास्पद एनकाउंटर:** इससे पहले कि वह राजनीतिक सफलता की लहर पर सवार हो पाता, अगस्त 2009 में पुलिस के साथ मुठभेड़ में रहमान को गोली मार दी गई। 9 अगस्त 2009 का दिन था। रहमान अपने तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील के साथ स्टील टाउन की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में जिले के एसएसपी चौधरी असलम खान की टीम ने उसकी कार रोकी। पुलिस टीम का रवैया देखकर रहमान को शक हो गया था। मीडिया रिपोर्टस् के मुताबिक, रहमान और उसके तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील ने पुलिस पर गोलीबारी की। जिसके जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग शुरू कर दी। जब गोलियों की आवाज़ थमी तो ल्यारी का एक अध्याय खत्म हो चुका था रहमान मारा जा चुका था।

**भारत के नकली नोट पाकिस्तान में कैसे बनते हैं?:** फिल्म में पाकिस्तान के असली किरदारों के आधार पर कहानी कही गई है। इसके अलावा फिल्म में पाकिस्तान में भारत के नकली नोट कैसे बनते हैं? इसके बारे में भी बता दिया गया है जिससे कुछ लोग बौखला उठे हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि भारत के नकली नोट आईएसआई के गोदाम में अखबार की तरह छपते हैं। नकली नोट में बिल्कुल असली नोट जैसे सिक्योरिटी फीचर्स होते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि एक ब्रिटिश फर्म पाकिस्तान को इंडियन करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती है। नकली नोट पहले कतर भेजे जाते हैं। क़तर से नेपाल और फिर वहां से भारत भेजे जाते हैं। पाकिस्तान में भारत के नकली नोट छापने का काम आईएसआई और पाकिस्तानी बिजनेसमैन जावेद खनानी करते हैं। जावेद खनानी को भी फिल्म धुरंधर में दिखाया गया है। फिल्म धुरंधर में एक ब्रिटिश फर्म का भी जिक्र किया गया है। लेकिन हकीकत में एक ब्रिटिश कंपनी है जो भारत और पाकिस्तान को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती थी। उसका नाम है डेलारू। डेला रू कंपनी दुनिया के 140 देशों के साथ काम करती है। करेंसी पेपर सिक्योरिटी फीचर्स की सप्लाई करती है। यही कंपनी भारत को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड थ्रेड देती थी और पाकिस्तान को भी यही सारी चीजें सप्लाई करती थी। इसी वजह से डेला रू के ऊपर कई सवाल खड़े हुए।

पनामा पेपर्स में भी आया था डेलारू का नाम

पनामा पेपर्स में भी डेलार रू का नाम आया और आरोप लगा कि डेल रू ने भारत में ठेका लेने के लिए एक एजेंट को 15 प्रतिशत का कमीशन दिया था। साल 2010 में डेलार रू को ब्लैकिस्ट कर दिया गया था। लेकिन 2023 में सीबीआई ने पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की और आरोप था कि 2012 में डेलारू के पुराने कॉन्ट्रैक्ट को गलत तरीके से बढ़ाया गया। उस समय अरविंद मायाराम आर्थिक मामलों के सचिव थे। आरोप था कि मायाराम ने नोटों के लिए खास सिक्योरिटी थ्रेड की सप्लाई के लिए गैर कानानूनी तरीके से एक्सटेंशन दिया। फिल्म में पाकिस्तान और बलूचिस्तान के रिश्ते को भी बहुत बारीकी से उठाया गया है। और एक और डायलॉग है इसमें जिसमें संजय दत्त जो अभिनेता हैं इसमें वो कहते हैं कि मगरमच्छ पर भरोसा कर सकते हैं लेकिन बलोच पर नहीं। और इससे यह साबित होता है कि पाकिस्तान के लोग किस कदर बलोच लोगों से नफरत करते हैं। और फिल्म में भी यही दिखाया कि पाकिस्तान के लोग बलोच लोगों से नफरत करते हैं और कैसे बलूचिस्तान के लोग लगातार पाकिस्तान से आजादी मांग रहे हैं। लड़ रहे हैं आजादी के लिए। और यह इस फिल्म में दिखाया गया है।

यह नया भारत है जो पाकिस्तान के लिए शांति के कबूतर नहीं उड़ाता बल्कि धुरंधर की तरह पाकिस्तान को घर में घुसकर मारता है। और बात रही फिल्म की तो फिल्म अपनी मेरिट के हिसाब से चलती है। फिल्म को बुरी फिल्म को कोई हिट नहीं बना सकता और अच्छी फिल्म को कोई फ्लॉप नहीं कर सकता। धुरंधर जैसी भी फिल्म है चाहे अच्छी है या बुरी है। फिल्म कैसी लगी और फिल्म की जो कहानी है उसमें उन्हें सच्चाई दिखाई दी या नहीं दी।

छह गल्फ कंट्रीज यानी खाड़ी देशों में फिल्म धुरंधर को बैन कर दिया गया है और पाकिस्तान के दोस्त धुरंधर के दुश्मन बन गए हैं। पहला देश बहरेन, दूसरा कुवैत, तीसरा ओमान। इसके अलावा क़तर, सऊदी अरब के साथ यूएई ने भी पाकिस्तान को खुश करने के लिए धुरंधर से उचित दूरी बना ली है। वहां पर इस फिल्म को रिलीज नहीं किया जाएगा। फिल्म में दिखाए गए दृश्य पाकिस्तान का दर्द बढ़ा रहे हैं और एक-एक डायलॉग पाकिस्तानी सत्ता के कानों को चुभ रहा है क्योंकि धुरंधर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सच दिखाया गया है। आतंकियों के गढ़ दिखाए गए हैं और भारत के खिलाफ साजिशों वाले संवाद भी हैं।

## सर्दियों में क्यों बढ़ जाता है दिल से संबंधित बीमारियों का जोखिम? बचाव के लिए करें ये काम



(शिखर बरनवाल )

अक्सर यह देखने को मिलता है कि सर्दियों में हॉर्ट संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। यह मौसम हृदय और रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याओं वाले लोगों के लिए चुनौती भरा होता है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने यूके, आयरलैंड और नीदरलैंड में किए गए एक स्टडी में पाया कि ठंड के दौरान दिल का दौरा और स्ट्रोक होने की आशंका दोगुनी से भी अधिक हो जाती है।

हमारा हृदय और रक्त वाहिकाएं, रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार पर्यावरण के अनुरूप ढलती रहती हैं। ठंड के दिनों में हमारा तंत्रिका तंत्र शरीर के तापमान को गिरने से रोकने के लिए कई अंगों को अति सक्रिय कर देता है, जिससे हृदय पर दबाव बढ़ता है।

शरीर की यह प्राकृतिक प्रतिक्रिया ही हृदय के लिए जोखिम बढ़ा देती है। इसलिए सर्दियों में अपनी जीवनशैली और आहार में सावधानी बरतना और आवश्यक बचाव के उपाय करना हर किसी के लिए, विशेष रूप से वृद्ध लोगों और हृदय रोगियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**ब्लड प्रेशर में वृद्धि:** ठंड के संपर्क में आने पर शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए रक्त वाहिकाओं को सिकोड़ देता है, इस प्रक्रिया को वासोकोन्स्ट्रिक्शन कहते हैं। इस संकुचन के कारण हृदय को ब्लड पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ जाता है। बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर दिल के दौरे और स्ट्रोक के जोखिम को सीधे बढ़ाता है।

**रक्त गाढ़ा होना:** सर्दियों में शरीर में मौजूद खून का घनत्व अधिक होता है। शोध बताते हैं कि कम तापमान प्लेटलेट्स को अधिक चिपचिपा बना सकता है। रक्त के गाढ़े होने और प्लेटलेट्स के अधिक सक्रिय होने के कारण रक्त के थक्के बनने की आशंका बढ़ जाती है। ये थक्के हृदय या मस्तिष्क में ब्लड फ्लो को अवरुद्ध कर सकते हैं, जिससे दिल का दौरा या स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है।

**बचाव के लिए क्या करें?:** बचाव का सबसे सरल तरीका है शरीर को गर्म रखना। बाहर निकलते समय गर्म टोपी, दस्ताने, और कई परतों वाले कपड़े पहनें। कमरे के अंदर के तापमान को आरामदायक बनाए रखें। अचानक ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचें, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर में तेज वृद्धि कर सकता है।

इसलिए घर के अंदर ही व्यायाम करने को प्राथमिकता दें। साथ ही सुबह उठकर गुनगुना पानी पीने की आदत डालें और अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने वाले भोजन को डाइट में शामिल करें।

**स्वस्थ जीवनशैली और डॉक्टर से परामर्श:** हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक ठंड के दिनों में भी अपनी शारीरिक गतिविधि को बनाए रखें। शराब और धूम्रपान का सेवन न करें। अपने आहार में फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें। सबसे जरूरी है कि आप अपने ब्लड प्रेशर की नियमित जांच करें। अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ या असामान्य थकान महसूस हो, तो बिना देर किए अपने डॉक्टर से परामर्श लें। यह लेख मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है इसमें लेख की जिम्मेदारी नहीं है।

## यह साल नहीं, सिस्टम का दोष

(अक्षय शुक्ला)

गोवा नाइट क्लब अग्निकांड हादसा नहीं अपराध है। परत दर परत जिस तरह से चीज़ें सामने आ रही हैं, उससे साफ हो रहा है कि 25 बेगुनाहों की मौत के ज़िम्मेदार अकेले क्लब मालिक नहीं, पूरा सिस्टम है। पानी से घिरे एक छोटे से प्लैटफॉर्म पर क्लब की नींव पड़ते वक्त ही पर्यावरण और सुरक्षा मानकों को लेकर आपत्ति जता दी गई थी। उसके बावजूद यह न सिर्फ खुला बल्कि लगातार गैरकानूनी गतिविधियों की शिकायतों से घिरा रहा। इसकी हर करतूत को न सिर्फ दबाया गया बल्कि ऊपर बैठे अफसरों ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने दी। अंदर आतिशबाज़ी हो रही थी, जबकि आग बुझाने के कोई इंतज़ाम नहीं थे। क्लब तक आने-जाने का एक ही गेट, जिसका रास्ता इतना संकरा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी तक न पहुंच पाए। बाकी सभी इमरजेंसी एग्ज़िट गेट बंद कर दिए गए थे, जिससे लोगों को बचकर निकलने का रास्ता ही नहीं मिल पाया। इसके मालिक नियम कानून को कैसे जूते की नोंक पर रखते थे, उसका पता अब उनके दूसरे क्लबों की कहानियां सामने आने पर चल रहा है। गोवा के ही समुद्र तट पर इनके एक और क्लब के अवैध हिस्से को बुलडोज़र से ढहा दिया गया। हैरानी की बात है कि हाई कोर्ट ने इसे ढहाने का आदेश काफी पहले ही दे दिया था, पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे आंखें मूंदे बैठे अफसरों पर भी गाज गिरनी चाहिए, जो इतनी मौतों के बाद ही जागते हैं। साथ ही, इन मौतों के दोषियों को ऐसी सख्त सज़ा मिले जो मिसाल बने ताक दूसरों में डर पैदा हो। अब आप चाहे जो दिखावा कर लें, मृतकों के घरवालों को मिला जीवन भर का ज़ख्म तो कभी नहीं भर सकता।कुछ ऐसा ही केस अवैध रूप से दौड़ रही इंटरसिटी बसों का भी है, जो लगातार बड़े हादसों का शिकार हो रही हैं। दो महीने पहले जैसलमेर से जोधपुर और हैदराबाद से बेंगलुरू जा रही एयरकंडीशंड बसों में आग लगने से 40 से अधिक लोग जिंदा जल गए थे। उनका कहना है कि जितनी जल्दी यह बीत जाए, उतना अच्छा। लेकिन साल को क्यों दोष दें जब सारे हादसे मैन मेड डिज़ास्टर्स साबित हो रहे हैं। हम खुद मुसीबत को दावत दे रहे तो उसमें वक्त और साल का क्या दोष। यह सिस्टम दोष है, जो सुधर जाए तो ऐसे सभी बड़े हादसों को होने से रोका जा सकता है, फिर साल कोई भी और कैसा भी हो।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## भय और लालच की जुगलबंदी का कसता शिकंजा

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

समूचे संसार में शासक और शासित के मध्य जंग छिडी है। चालाक लोगों ने स्वयं को शासक बनाकर शारीरिक सुख, मानसिक संतोष और वैभव के भण्डार जुटाने हेतु मनगढन्त कथानकों का सहारा लिया। ऐसी कहानियों को कभी राजनैतिक पटल पर धर्म, जाति और सम्प्रदाय को आधार बनाकर फैलाया गया तो कभी आस्था के तल पर मान्यताओं, ग्रन्थों और सिद्धान्तों की दुहाई दी गई। जीवन में आनन्द और जीवनोपरान्त परमानन्द पाने के सब्जबाग दिखाकर मृगमारीचिका के शीर्ष पर स्थापित लक्ष्य के भेदन का तिलिस्म गढ लिया गया। सामाजिक परिपेक्ष में भय दिखाकर संगठनात्मक ढांचा तैयार किया गया। अनजाने खतरों के लिए तानाबाना बुनने की आवश्यकता पर बल दिया गया। स्वार्थ की आधारशिला पर अन्तहीन ऊंचाइयां छूने के प्रयास किया जाने लगे। सत्य के मार्ग पर चलकर परमसत्य को प्राप्त करने वाली आत्माओं द्वारा निर्धारित किये गये नियमों को अस्तित्वहीन करने के निरंतर कोशिशें होती रहीं जिनका वर्तमान प्रवाह द्रुतगति से बढता ही जा रहा है। धार्मिक आयोजनों में कट्टरता के पाठ पढाने की होड लगी है जिन्हें राजनैतिक गलियारों से तूफानी हवा दी जा रही है। चुनावी मंचों पर 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसे जुमले गूंजते हैं। तो बंद कमरों में 'गजव-ए-दुनिया' के षडयंत्र रचे जाते हैं। निजिता से जुडे श्रद्धा के पुष्पों को आराध्य के स्थान पर नेताओं के कदमों में बिछाने वालों की संख्या बढती जा रही है। धार्मिक ग्रन्थों के कल्याणकारी अनुशासनों को विकृत व्याख्याओं के द्वारा विध्वंसात्मक बनाया जा रहा ताकि विषवृक्ष की जडों को ज्यादा मजबूत किया जा सके। ऐसा करने वाले अपने स्वजनों, परिजनों तथा निकटजनों के छोडकर समूचे संसार में कट्टरता का उन्माद फैला रहे हैं। स्वयं को सुरक्षित किले में पहुंचाकर अपने अनुयायियों को कथित धार्मिक युद्ध में झौंकने का प्रचलन तेज होता जा रहा है। धार्मिक आयोजनों के नाम पर राजनेताओं द्वारा पर्दे के पीछे से स्वयं को स्थापित करने के मंसूबे पूरे किये जा रहे हैं। इन आयोजनों के लिए अर्थ संचय हेतु अन्यायपूर्ण ढंग से धन कमाने वालों की फेहरिश्त तैयार की जाती हैं, उन्हें ज्यादा लाभ के अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया जाता है और फिर सामने आता है भ्रष्टाचार से कमाये गये धन का कथित धार्मिक उपयोग। वर्तमान में धनलोलुपों को मुनाफा, धर्मावलम्बियों को जन्नत या स्वर्ग, अहंकारियों को सम्मान, जिज्ञासुओं को समाधान जैसे लालच देकर चन्द चालाक लोग समूचे संसार को ही अंधे कुंये में ढकेलने में लगे हैं। इनके द्वारा फैलाये जाने वाला मनोवैज्ञानिक जाल अब नये-नये प्रयोगों से ज्यादा मजबूत होता जा रहा है। निरीह प्राणी अतिआधुनिकता की कथित चमक के सामने स्वयं को अज्ञानी मान बैठा है। ज्ञान और अज्ञान की गढी गई परिभाषाओं को थोपकर सामाजिक संरचना को बिगाडने वाले नवीनता के नाम पर कुटिल चालें चल रहे हैं। नर्क की कथित यातनायें, आतिताइयों और काफिरों की हरकतों के हश्र, जेहाद की जरूरत, खुदा या ईश्वर के नाराज होने से कष्टों का प्रकोप, सत्ता की प्रताडना, सामाजिक नाकेबंदी जैसे अनगिनत कारकों को पैदा करके आम आवाम के शोषण वाले नूतन अध्याय लिखे जा रहे हैं। परा-विज्ञान के शाश्वत प्रयोगों के कठोर अनुशासनों को हाशिये पर फैंककर व्यवहारिक सुविधाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। कर्मकाण्ड के निर्धारित प्रतिबंधों के अस्तित्वहीन करके औपचारिकताओं का निर्वहन कराने वाले धर्म के ठेकेदारों ने अधर्म की फसलें बोना शुरू कर दीं हैं। लालच के दलदल में अकण्ठ डूबे लोग अब सुखद भविष्य के काल्पनिक महलों में विलासता भरे जीवन का सब्जबाग दिखाकर स्वयं का वर्तमान संवारे में लगे हैं। वे अपनी कटिल बातों को कभी संस्कृत तो कभी अरबी, कभी अंग्रेजी तो कभी चाइनीज भाषा में बोलकर अपनी विद्वता प्रमाणित करने में लग जाते हैं। अनजाने शब्दों, उनकी मनमानी विवेचनाओं और कथित परिणामों को समझे बिना ही आम आवाम स्वीकार कर लेता है। इस तरह के प्रयासों में लगे स्वार्थी लोगों की भीड अब प्राचीनकाल में किये गये परा-विज्ञान के शोधों, उनकी विधियों तथा परिणामों की स्वयं ही हत्या कर रहे हैं। वास्तविकता तो यह है कि आदि ग्रन्थों के सिद्धान्तों को सरलता से समझाने हेतु रोचक कथानकों, संदर्भित घटनाओं और प्रवाहयुक्त शब्दों को गढा गया था। इन सूत्रों को हल करने यानी आदिकालीन ग्रन्थों को डी-कोड करने हेतु किसी सत्य साधक, हकीकतन सूफी या रियल मैसेंजर आफ गाड की आवश्यकता है। यह लोग शरीर में रहते हुए भी सांसारिकता में लिप्त नहीं होते, आवश्यकताओं की परिधि में कैद नहीं होते और नहीं होते हैं अपेक्षाओं-उपेक्षाओं के शिकार। ऐसे लोगों को खोजना, उनको कल्याण हेतु सहयोग देने के लिए राजी करना और फिर उनके बताये मार्ग पर चलना, असम्भव नहीं कठिन अवश्य है। ज्ञान चक्षुओं से ही ऐसे महान लोगों के दिग्दर्शन हो सकते हैं, निर्मल भावनाओं से ही उन तक पहुंचा जा सकता है और पाया जा सकता है विश्व कल्याण का पथ। मृत्यु शाश्वत है, बोये गये बीज की फसलें मिलना निर्धारित है, सोच से उपजे व्यवहार की परिणति निश्चित है, यह जानते हुए भी व्यक्ति अपने स्वःविवेक की अन्तःकरण में सम्पदा का उपयोग ने करके सत्य की थोपी गई परिभाषाओं पर अंधा विश्वास करता है और फंस जाता है चालक लोगों द्वारा बिछाये गये जाल में। ऐसे में भय और लालच की परिधि से बाहर आये बिना स्वयं का कल्याण, समाज का भला और सत्य की पुनर्स्थापना बेहद कठिन है।

इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# समय सीमा में कार्य पूरा करें, पहले बसावट फिर हटेगा अतिक्रमण : डीएम

## बरारी में डीएम ने किया औचक निरीक्षण, समय-सीमा में योजनाओं के निष्पादन का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी/कटिहार।** नवपदस्थापित जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार बरारी प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय एवं अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और कई अहम दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी कार्यों का निष्पादन तय समय-सीमा में किया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे अतिक्रमण को लेकर डीएम ने कहा कि पहले यह चिन्हित किया जाए कि कौन भूमिहीन है और किसके पास पहले से भूमि उपलब्ध है। जिन भूमिहीनों को पर्चा दिया गया है और जिनका बंदोबस्त हो चुका है,



उनकी स्थिति की जांच की जाए। जहां बंदोबस्ती नहीं हुई है। वहां ऐसे लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर बसावट की प्रक्रिया पूरी की जाए। वहीं जिनके पास पहले से भूमि है, उन्हें पहले हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पंचायत बरारी की दर्जनों महिलाओं ने डीएम के समक्ष गुहार लगाई कि उन्हें हटाने का आदेश दिया गया है। इस पर डीएम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी को भी बिना बसाए नहीं हटाया जाएगा। पहले पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी होगी, उसके बाद ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने सीओ और बीडीओ को सभी कार्य समय-सीमा के भीतर पूरा करने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने सरकार की सभी योजनाओं को तय समय पर धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। विशेष रूप से गंगा दार्जिलिंग सड़क स्थित बरारी हाट में लगने वाले जाम की समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए सड़क किनारे बसे एवं दुकान लगाने वालों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। भूमिहीनों के लिए बंदोबस्ती और अन्य के लिए नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।निरीक्षण के क्रम में डीएम ने प्रखंड कार्यालय में पंजी संधारण की जांच की और कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। अंचल कार्यालय में दाखिल-खारिज, म्यूटेशन, रिकॉर्ड रूम एवं रोकड़ बही की भी समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि आमजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यही प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है और आगे भी इस तरह का निरीक्षण जारी रहेगा।मौके पर जिले के वरीय पदाधिकारी के अलावे बीडीओ धीरेंद्र कुमार धीरज, सीओ मनीष कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी राजकुमार सिंह, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम देव, प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुर्शरफ हुसैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे ।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## परिजनो ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन



**प्राणपुर/कटिहार।** कटिहार-प्राणपुर सड़क के बीच मरोचा चौक के समीप सोमवार की अहले सुबह लगभग 6:00 बजे बस्तौल चौक की ओर से तेज रफ्तार से आ रही गिट्टी से लदा ट्रक एवं सामने से आ रही डीजे वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी डीजे ऑपरेटर शेखर कुमार ऋषि साकिन पांकी मुसहरी टोला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही प्राणपुर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ट्रक एवं डीजे वाहन को अपने कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार अस्पताल भेजा दिया। घटना के बाद ग्रामीण एवं मृतक के परिजनों द्वारा रोड जाम कर प्रशासन से मुआवजा एवं मरोचा चौक पर ब्रेकर की मांग लगातार 2 घंटे तक किया गया। प्राणपुर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार महतो द्वारा लोगो को समझाते -बुझाते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया आरंभ करने एवं विभागीय कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर ब्रेकर दिलाने का आश्वासन पर जाम को हटवाया गया। वही पुलिस भी मामले की जांच मे जुट चुकी है।


# रेलवे पार्सल ऑफिस के पास किसी भी प्रकार का वाहन ना लगाएं

## दर्जनों मोटरसाइकिल चालकों का कटा चालान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार जंक्शन के पार्सल ऑफिस के पास प्रत्येक दिन मोटरसाइकिल, साइकिल, रिक्शा आदि लगाने से जाम की समस्या प्रत्येक दिन बनी रहती हैं। इसी कड़ी में कटिहार रेलवे पार्सल के अधिकारी एवं आरपीएफ के द्वारा पार्सल ऑफिस के पास नो पार्किंग में लगे मोटरसाइकिल एवं साइकिल को जप्त कर पार्सल कार्यालय लाया। जिसमें दो दर्जन मोटरसाइकिल एवं दर्जनों साइकिल थे।

पार्सल ऑफिस के पदाधिकारी ने बताया कि कई बार पार्सल ऑफिस के सामने पार्किंग के पास मोटरसाइकिल नहीं लगाने की हिदायत सभी दुकानदार सहित आम लोगों को दी गई हैं। फिर भी दुकानदार सहित आम लोग मोटरसाइकिल पार्सल ऑफिस के सामने नो पार्किंग जोन में लगा देते हैं। जिससे जाम की समस्या दिनभर बनी रहती हैं। विभिन्न राज्य से ट्रेन के माध्यम से पार्सल के समान को लाने एवं ले जाने में काफी परेशानी होती हैं । इस कड़ी



में दर्जनों मोटरसाइकिल चालक से फाइन काटकर उसे छोड़ा गया। इस बाबत मोटरसाइकिल एवं साइकिल चालकों में हड़कंप देखा गया।

# कटिहार स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग में बड़ी कार्रवाई

## पकड़े गए 100 से अधिक बेटिकट यात्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर व्यापक रेलवे मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग की टीम ने आरपीएफ के साथ संयुक्त रूप से सुबह से शाम तक मेल-एक्सप्रेस व पैसेंजर मिलाकर एक दर्जन से अधिक ट्रेनों में कड़ाई से जांच की।चेकिंग के दौरान 100 से अधिक बिना टिकट यात्री, स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने वाले तथा महिला व विकलांग कोच में गलत तरीके से सफर कर रहे यात्रियों को विभिन्न रेलवे एक्ट के तहत पकड़ा गया।

पकड़े गए यात्रियों में आधे दर्जन से अधिक महिलाएँ भी शामिल रहीं।वही सभी यात्रियों को मौके पर मौजूद रेलवे मजिस्ट्रेट



विकास कुमार द्वारा आर्थिक दंड की सजा दी गई। बाद में रेल कोर्ट के पेशकार नवीन कुमार और कुलदीप सिन्हा द्वारा जुमार्ना राशि जमा लेने के बाद रेलवे मजिस्ट्रेट के निदेर्शानुसार सभी को मुक्त कर दिया गया। इस अभियान में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक फणी भूषण, मुकेश कुमार, मुरारी प्रसाद, टीटी अमरेश कुमार, सुमन कुमार सिन्हा, अनूप कुमार पासवान, कमलेश कुमार, रवि कुमार, अशोक कुमार, केडी मंडल, मनीष कुमार सिंह, रामू यादव, कमलेश चौधरी, नंद किशोर प्रसाद, बी.के. चौहान, रंजीत कुमार, राकेश कुमार साह, डी.पी. सिंह सहित आरपीएफ के सब-इंस्पेक्टर मुक्ति शील और बबलू कुमार समेत कई सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। वही कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम सह पीआरओ अनूप कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे राजस्व संरक्षण हेतु रेल में ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। इसलिए यात्रियों से अपील है कि उचित यात्रा टिकट लेकर ही अपनी सुखद यात्रा सुनिश्चित करे।

# गौशाला गेट बंद रहने से वाहन चालकों को परेशानी

## ■ आम लोगों ने रेल प्रशासन से की अविलंब ओवर ब्रिज चालू कराने की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार-बरौनी रेलखंड अंतर्गत कटिहार जंक्शन से दो किलोमीटर पश्चिम गौशाला रेलवे गुमटी हैं जहां की छोटी लाइन के जमाने में भी रेल फाटक था वहीं बड़ी लाइन बनने के बाद भी यहां पर अब तक रेल फाटक ही हैं। अब तक इस रेल खंड पर ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किया गया हैं।


इस रेल गेट के हर वक्त बंद रहने से आम यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। मालूम हो कि कटिहार से प्रत्येक दिन सैकड़ो मेल एक्सप्रेस पैसेंजर एवं मालगाड़ी का परिचालन होते रहता हैं प्रत्येक पांच से दस मिनट के अंदर मालगाड़ी पैसेंजर या मेल एक्सप्रेस आना-जाना लगा रहता हैं। गेट प्रायः बंद रहने से आम यात्री सहित बिजनेसमैन, नौकरीपैशा , सरकारी, गैर सरकारी स्कूल के बच्चे, गंभीर रूप से बीमार लोग को प्रत्येक दिन इस रेलवे गेट से दो चार होना पड़ता हैं। वहीं गौशाला के पास रैक पॉइंट रहने से प्रत्येक दिन यहां पर उर्वरक, गेहूं, चावल, चना, मटर, सीमेंट, आलू और प्याज आदि आता हैं। जिसे ट्रैक्टर एवं ट्रक में लोड कर इसी गेट के माध्यम से आना-जाना होता हैं, गेट बंद रहने से जाम की समस्या विकराल बनी रहती हैं। एक साथ गौशाला गुमटी में दो मेल एक्सप्रेस या पैसेंजर या मालगाड़ी को आना-जाना होता हैं। जहां लगातार 25 से 30 मिनट तक रेल गेट बंद रहता हैं जहां जाम से लोग हल कान हो जाते हैं। वहीं विगत तीन वर्ष से गौशाला में ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा हैं जो इतने मंद गति से हो रहा है कि आगे पांच वर्ष में भी इस ओवर ब्रिज को बनकर तैयार नहीं हो सकेगा। आम यात्रियों ने रेल प्रशासन से अभिलंब ओवर ब्रिज का निर्माण कराकर आवागमन चालू कराने की मांग की हैं।

# अगलगी में दो परिवारों के घर व सामान जले, मवेशी की हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के रायपुर पंचायत अन्तर्गत वार्ड संख्या-7, बेलराही गांव में रविवार की रात हुई अगलगी की घटना में एक हीं परिसर में अलग-अलग रहने वाले दो लोगों के घर व सामान जल कर बर्बाद हो जाने की सूचना है। इतना हीं नहीं अगलगी में गोहाल में बंधी एक गाय गंभीर रुप से झुलस गई है और गाय के बच्चे की जलकर मौत हो गई है।

घटना रात 4 बजे के लगभग की बताई जाती है। ग्रामीणों के अनुसार कलावती देवी, पति- स्व. कैलाश चौधरी के दो बेटे हैं। एक मां के साथ तो दूसरा प्रमोद कुमार पत्नी और बच्चे के साथ उसी आंगन में अलग-अलग रहता है। घटना मे



दोनों हीं परिवारों के घरों में रखे अनाज, कपड़ा, जेवर व नगदी जला है। जबकि गोहाल में बंधी गाय बुरी तरह से झुलस गई है और गाय का बच्चा जलकर मर गया।जानकारी मिलते हीं मुखिया आलोक कुमार चौहान, उप मुखिया पूनम कुमारी, समाजसेवी युवराज मंडल सहित कई अन्य घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। मुखिया ने अंचल पदाधिकारी को सूचना देते हुए अविलंब मुआवजा देने की मांग की। इस बाबत सीओ सादी रऊफ ने बताया कि सूचना मिली है। राजस्व कर्मचारी से जांच प्रतिवेदन की मांग की गई है। जांच प्रतिवेदन के आलोक में आपदा विभाग के निदेर्शानुसार मुआवजा देने की कारवाई की जाएगी।

## बरही अनुमंडलीय अस्पताल में कुष्ठ उन्मूलन अभियान, 7 मरीज पाए गए पॉजिटिव

**बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलीय अस्पताल में कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ खोज अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के दौरान कुल 47 संभावित रोगियों की जांच की गई, जिसमें 7 कुष्ठ रोगी पॉजिटिव पाए गए। इनमें 4 पीवी एवं 3 एमवी श्रेणी के कुष्ठ रोगी शामिल हैं। जांच के दौरान शेष मरीज अन्य त्वचा रोगों से संबंधित पाए गए, जिनका मौके पर ही उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। अभियान का उद्देश्य समय पर रोग की पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना तथा कुष्ठ रोग के प्रसार को रोकना रहा। अनुमंडलीय अस्पताल बरही के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी की अध्यक्षता में किया गया।

# धड़ल्ले से बिक रही प्रतिबंधित चाइना मांगुर मछली

## मत्स्य पदाधिकारी ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** जिले में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और प्रतिबंधित 'चाइना मांगुर' मछली की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। हैरत की बात यह है कि इसकी सबसे बड़ी खेप और बिक्री का केंद्र सबसे बड़ा मछली बाजार न्यू मार्केट, बना हुआ है।

सरकारी प्रतिबंध और स्वास्थ्य संबंधी खतरों के बावजूद, रोजाना बड़ी मात्रा में यह मछली बाजार में खुलेआम बेची जा रही है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बता दें कि न्यू मार्केट में प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक चाइना मांगुर की बिक्री हो रही है।बाजार में विक्रेता बिना किसी डर के इस मछली को बेच रहे हैं, और कम कीमत होने के



कारण यह आम ग्राहकों के बीच लोकप्रिय भी हो रही है, जिससे प्रतिबंध का उल्लंघन लगातार बढ़ रहा है। इस बाबत जिला मत्स्य पदाधिकारी सनत कुमार सिंह ने कहाकि हमारे संज्ञान में यह बात आई है कि न्यू मार्केट में प्रतिबंधित चाइना मांगुर की बिक्री हो रही है। यह न केवल कानूनी रूप से गलत है, बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा, हम जल्द ही एक छापामारी दल का गठन करेंगे और न्यू मार्केट सहित अन्य संभावित बिक्री केंद्रों पर औचक निरीक्षण करेंगे। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उनका स्टॉक जब्त किया जाएगा।

## महाबोधि हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज

# गया में स्वास्थ्य शिक्षा की नई पहचान




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** गया जिले के शेरघाटी स्थित गोपालपुर में महाबोधि हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। यह गया का पहला निजी मेडिकल कॉलेज है, जिससे न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर सृजित होंगे।

उद्घाटन अवसर पर बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले वर्षों में बिहार के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। महाबोधि मेडिकल कॉलेज इसी सोच का सशक्त उदाहरण है। इस संस्थान के शुरू होने से गया और आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को मेडिकल शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। अत्याधुनिक उपकरणों, अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ यह अस्पताल क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है और गया आने वाले समय में एक बड़े औद्योगिक हब के रूप में उभरेगा। वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मंगल पांडेय ने बताया कि पिछले सात वर्षों में 15 नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं और निकट भविष्य में कई और कॉलेज शुरू होंगे। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री, विधायक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को कॉलेज प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गई।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह मेडिकल कॉलेज गया को स्वास्थ्य और शिक्षा के मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा। महाबोधि हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज न सिर्फ मरीजों के इलाज का केंद्र बनेगा, बल्कि समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चार दिवसीय जिला कृषि यांत्रीकरण सह किसान मेला की तैयारी पूरी, मेला आज से

## किसानों को मिलेगा अनुदानित दर पर उपकरण : डीएओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** संयुक्त कृषि भवन के मैदान प्रांगण में चार दिवसीय कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला का आयोजन 16 दिसंबर से 19 दिसंबर तक किया जाएगा। आत्मा एवं कृषि विभाग की ओर से इस मेले की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि कृषि आत्मा के द्वारा 2 दिवसीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे फल -सब्जी का प्रदर्शनी भी लगना है। साथ ही 2 दिन यांत्रिकीकरण मेला लगना है।

मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को कृषि उपयोगी नवीन तकनीकी उपकरण व उपस्कर की जानकारी देना और उन्हें सरकार द्वारा अनुदानित दर पर उपलब्ध कराना है। कृषि उपयोगी विभिन्न उपकरणों के स्टॉल लगाए



जाएँगे। डीएओ ने बताया कि आत्मा और कृषि व इसकी आनुषंगिक क्षेत्रों से जुड़े स्टॉल कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने की वैज्ञानिक एवं तकनीकी खोजों को अपनाने का प्रशिक्षण देंगे। जबकि बढ़ती आबादी के मद्देनजर कम जोत आबाद में भी एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करने पर जोर दिया जाएगा। बेहतर कृषि उत्पादों के प्रदर्शन के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी ने जिले के अधिक से अधिक किसानों से इस मेले में आने और सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होने बताया कि मेले से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

# शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में बढ़ा ज्ञान व उत्साह, लक्ष्य कोचिंग सेंटर के बच्चों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का दौरा

## ■ राजगीर, नालंदा व पावापुरी जैसे स्थलों का किया अवलोकन, पढ़ाई के साथ अनुभवात्मक सीख पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा हजारीबाग।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत बड़ासिंगा स्थित लक्ष्य कोचिंग सेंटर एवं गोल्डन पेनिकल पब्लिक स्कूल, बड़ासिंगा के छात्र-छात्राओं ने हाल ही में एक शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बिहार राज्य के प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राजगीर, नालंदा, पावापुरी जल मंदिर, नालंदा खंडहर पार्क सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को नजदीक से देखा और उनके ऐतिहासिक व शैक्षणिक महत्व की जानकारी प्राप्त की।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। ऐतिहासिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों को प्रत्यक्ष देखने से



छात्रों की जिज्ञासा बढ़ी और उन्होंने पुस्तकों में पढ़े गए तथ्यों को वास्तविक रूप में समझा। भ्रमण के दौरान शिक्षकों द्वारा विभिन्न स्थलों के इतिहास, संस्कृति और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कोचिंग संस्थान के निदेशक भागीरथ ठाकुर एवं रामलखन कुमार ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मानसिक विकास होता है और उन्हें पाठ्यक्रम से इतर व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने के साथ-साथ इतिहास और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।

# अनिश्चितता के बावजूद तेजी से आगे बढ़ रहे भारतीय फैमिली बिजनेस

## 63 प्रतिशत परिवारों की कमाई बढ़ने का दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फैमिली बिजनेस मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद मजबूत लचीलापन और भविष्य को लेकर जबरदस्त भरोसा दिखा रहे हैं। डेलॉइट की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 63 प्रतिशत से ज्यादा पारिवारिक कारोबारों ने साल 2024 में दोहरे अंकों की राजस्व वृद्धि हासिल की है। इतना ही नहीं, 2025-26 को लेकर भी तस्वीर काफी सकारात्मक है, जहां 75 प्रतिशत फैमिली एंटरप्राइज 15 प्रतिशत से अधिक ग्रोथ का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

**भारतीय फैमिली बिजनेस अब केवल पारंपरिक मॉडल पर निर्भर नहीं:** डेलॉइट प्राइवेट की फैमिली बिजनेस इनसाइट्स सीरीज 2025 रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय फैमिली बिजनेस अब केवल पारंपरिक मॉडल पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि टेक्नोलॉजी, नए बाजारों और आधुनिक गवर्नेंस के जरिए लंबी अवधि की ग्रोथ की नींव रख रहे हैं। रिपोर्ट के लिए 36 देशों के 1,587 फैमिली बिजनेस का सर्वे किया गया, जिनमें भारत की 50 कंपनियां शामिल थीं।

डेलॉइट इंडिया में डेलॉइट प्राइवेट के लीडर केआर शेखर के अनुसार, भारतीय फैमिली बिजनेस की सफलता संयोग नहीं है। इसके पीछे पूंजी तक बेहतर पहुंच, पीढ़ीगत बदलाव, फैमिली ऑफिस का उभार, मजबूत शेयर बाजार और टेक्नोलॉजी के जरिए हो रहा बदलाव अहम वजहें हैं।

**एड्ढ और नए बाजार बन रहे ग्रोथ के इंजन:** रिपोर्ट के अनुसार, 53 प्रतिशत भारतीय फैमिली बिजनेस पहले से ही एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो वैश्विक औसत से कहीं ज्यादा है। एआई अपनाने के साथ-साथ नए बाजारों में विस्तार और नए प्रोडक्ट पोर्टफोलियो ने इन कंपनियों को बढ़ती लागत और आर्थिक दबाव के बीच प्रतिस्पर्धी बनाए रखा है।

**शीर्ष नेतृत्व में लैंगिक समानता एक बड़ी चुनौती:** भारतीय फैमिली बिजनेस अब सिर्फ मुनाफे तक सीमित नहीं हैं। रिपोर्ट बताती है कि 76 प्रतिशत कंपनियां ईएसजी यानी पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस मानकों को गंभीरता से अपना रही हैं। इसके अलावा, 73 प्रतिशत कंपनियों के बोर्ड में 10 प्रतिशत से ज्यादा महिला प्रतिनिधित्व है, हालांकि शीर्ष नेतृत्व में लैंगिक समानता अब भी एक चुनौती बनी हुई है।

**ग्लोबल विस्तार को लेकर भी भरोसा मजबूत:** डेलॉइट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय फैमिली बिजनेस का आत्मविश्वास केवल घरेलू बाजार तक सीमित नहीं है। करीब 89 प्रतिशत कंपनियां एशिया-प्रशांत क्षेत्र में विस्तार की योजना बना रही हैं, जबकि 39 प्रतिशत नॉर्थ अमेरिका और 37 प्रतिशत यूरोप को अगले बड़े अवसर के रूप में देख रही हैं। कुल मिलाकर, डेलॉइट का आकलन बताता है कि भारतीय फैमिली बिजनेस मजबूत ग्रोथ, टेक्नोलॉजी अपनाने और वैश्विक विस्तार के दम पर आने वाले वर्षों में भी अर्थव्यवस्था के अहम स्तंभ बने रहेंगे।

## कोविड महामारी के बाद भारतीय कंपनियां मजबूत, अब विकास की रफ्तार पर ब्रेक क्यों? रिपोर्ट में पता चली वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोविड-19 के बाद भारतीय कंपनियां वित्तीय रूप से पहले से अधिक मजबूत दिख रही हैं, लेकिन कमजोर मांग के कारण उन्हें नई विकास संभावनाएं खोजने में कठिनाई हो रही है। ब्रोकरेज फर्म नुवामा की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों में रिटर्न ऑन इन्वेस्टेड कैपिटल में जो सुधार दिखा, वह मुख्य रूप से लागत नियंत्रण और पुनर्गठन का नतीजा था, न कि मजबूत मांग वृद्धि का।

**वित्त वर्ष 2025 की भारतीय कंपनियां पूरी तरह तैयार हैं:** रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड के बाद सुधार का यह दौर अब लगभग खत्म हो चुका है और पांच वर्षीय आई-सीआरओआईसी लगभग 15 प्रतिशत के आसपास स्थिर हो गया है। इसके उलट, मांग वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना से नीचे बनी हुई है और हाल के समय में इसमें और सुस्ती आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 की भारतीय कंपनियां पूरी तरह तैयार, लेकिन आगे बढ़ने का रास्ता नहीं, यह संकेत देता है कि मांग के बिना मुनाफे में टिकाऊ वृद्धि मुश्किल है।

**कमजोर मांग के पीछे निर्यात और वेतन वृद्धि की सुस्ती:** नुवामा के अनुसार, कमजोर मांग की मुख्य वजह नरम निर्यात और धीमी वेतन वृद्धि हैं। यह स्थिति दीर्घकालिक विकास के लिए जोखिम पैदा कर सकती है, क्योंकि आज की कमजोर मांग भविष्य में अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता को सीमित कर सकती है।रिपोर्ट में बताया गया कि विभिन्न क्षेत्रों में मांग का 10-वर्षीय चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर केवल लगभग 10 प्रतिशत रही है। बीते दस वर्षों में से सात वर्षों में मांग वृद्धि 10 प्रतिशत से नीचे रही, जबकि 2000 के दशक में कई वर्षों तक मांग करीब 20 प्रतिशत सीएजीआरकी दर से बढ़ी थी।रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक के कमजोर मांग चक्र ने कंपनियों के लिए पुनर्निवेश को जोखिम भरा बना दिया है। कोविड के बाद मांग में आई अस्थायी तेजी के चलते आईटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, क्विक सर्विस रेस्टोरेंट और केमिकल्स जैसे क्षेत्रों में भारी निवेश किया गया। लेकिन मांग में यह उछाल टिकाऊ साबित नहीं हुआ, जिससे इन सेक्टरों में मुनाफा तेजी से गिरा। गलत निवेश निर्णयों और ऊंचे शेयर बाजार वैल्यूएशन के कारण कई शेयरों ने पिछले चार वर्षों में लगभग सपाट रिटर्न दिया है। यह स्थिति भी 2000 के दशक से अलग है, जब मजबूत मांग बढ़ती आपूर्ति को आसानी से समाहित कर लेती थी और कंपनियां मार्जिन बनाए रख पाती थीं।

**प्रतिस्पर्धा बढ़ने से पारंपरिक बढ़त कमजोर:** रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि तकनीक में सुधार और पूंजी तक आसान पहुंच के चलते ब्रांड और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जैसी पारंपरिक बढ़त कमजोर हो रही है। इसका असर एफएमसीजी और पेंट सेक्टर में पहले ही दिख चुका है, जहां ऊंचे मार्जिन बनाए रखना कठिन हो रहा है। नुवामा का मानना है कि ऊंचे वैल्यूएशन पर ऐसे सेक्टरों में मध्यम अवधि के शेयर रिटर्न कमजोर रह सकते हैं।

**इन सेक्टरों में बढ़ रहा है जोखिम:** नुवामा ने चेतावनी दी है कि बिजली, औद्योगिक क्षेत्र, अस्पताल, ऑटोमोबाइल और केबल व तार जैसे सेक्टरों में पुनर्निवेश का जोखिम बढ़ रहा है। बीते कुछ वर्षों में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अब इन क्षेत्रों में सप्लाई बढ़ रही है, मांग कमजोर हो रही है और मुनाफे के मार्जिन चरम पर पहुंच चुके हैं, जिससे आगे की ग्रोथ अधिक अनिश्चित होती जा रही है।




## दनादन 3 ऑर्डर शक्ति पंप्स इंडिया की झोली में, 700 रुपये के पार शेयर के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मॉलकैप कंपनी शक्ति पंप्स इंडिया के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। शक्ति पंप्स इंडिया के शेयर सोमवार को बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 729.70 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह उछाल दनादन 3 नए ऑर्डर मिलने के बाद आया है। पिछले 5 दिन में शक्ति पंप्स इंडिया के शेयरों में 30 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। शक्ति पंप्स इंडिया अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा भी दे चुकी है। शक्ति पंप्स इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1398 रुपये है।

**कंपनी को दनादन मिले हैं 3 ऑर्डर:** शक्ति पंप्स इंडिया ने गुरुवार 11 दिसंबर को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसे महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड से लेटर ऑफ एम्पैनलमेंट मिला है। यह ऑर्डर 16,025 ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवॉल्टिक वॉटर पंप्स की सप्लाई के लिए है। इस ऑर्डर की टोटल वैल्यू 443.78 करोड़ रुपये है। कंपनी ने शुक्रवार 12 दिसंबर को एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसे झारखंड से दूसरा ऑर्डर मिला है। झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डिवेलपमेंट एजेंसी ने 1200 सोलर वॉटर पंपिंग सिस्टम के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड दिया है। इस ऑर्डर की टोटल वैल्यू 23.98 करोड़ रुपये है। स्मॉलकैप कंपनी शक्ति पंप्स इंडिया को मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड से भी 2033 स्टैंडअलोन ऑफ-ग्रिड डीसी सोलर फोटोवॉल्टिक वॉटर पंपिंग सिस्टम पंप्स के लिए वर्क ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर की टोटल वैल्यू 71.25 करोड़ रुपये है।

## 1000 प्रतिशत रिटर्न वाले शेयर को 875 करोड़ का ऑर्डर, 6 दिन लगातार अपर सर्किट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलाइटकॉन इंटरनेशनल के शेयर की कीमत सोमवार, 15 दिसंबर को 5 प्रतिशत के अपर सर्किट यानी 114.84 रुपये पर पहुंच गई। ऐसा तब हुआ, जब कंपनी ने एक बड़े लंबी अवधि के एक्सपोर्ट कांट्रैक्ट की घोषणा की। यह कांट्रैक्ट 97.35 मिलियन डॉलर यानी लगभग 875 करोड़ रुपये मूल्य का है। यह कंपनी के शेयर का लगातार छठा सत्र है जब यह 5 प्रतिशत के अपर सर्किट पर रहा।

कंपनी ने घोषणा की कि उसे यूवी इंटरनेशनल ट्रेड एफजेडई (यूएई स्थित कंपनी) से दो वर्ष की आपूर्ति का कांट्रैक्ट मिला है। इस समझौते में सिगरेट, प्रीमिक्स लेड, हुक्का तंबाकू, धूम्रपान मिश्रण और अन्य तंबाकू उत्पादों की आपूर्ति शामिल है। इस कांट्रैक्ट में एक वर्ष की लॉक-इन अवधि भी है और इसकी पूरी अवधि में निर्यात की मात्रा स्थिर रहेगी। कंपनी ने कहा कि यह सौदा क्षमता के उपयोग को बेहतर बनाने और विनिर्माण तथा रसद की योजना को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा। यह मध्य पूर्वी बाजारों में एलाइटकॉन की स्थिति भी मजबूत करेगा, जहां तंबाकू उत्पादों की मांग लगातार बनी हुई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक विपिन शर्मा ने कहा कि यह लंबे समय के लिए ऑर्डर कंपनी के उत्पादों की वैश्विक मांग को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कांट्रैक्ट कंपनी को निर्यात की दृश्यता प्रदान करता है।

# के. वी. टॉयज इंडिया की बाजार में धमाकेदार शुरुआत

## पहले ही दिन 300 रुपये के पार पहुंचे शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खिलौने बनाने वाली कंपनी के. वी. टॉयज इंडिया की शेयर बाजार में धमाकेदार एंट्री हुई है। के. वी. टॉयज इंडिया के शेयर सोमवार को बीएसई में 33 पर्सेंट से अधिक के फायदे के साथ 320 रुपये पर लिस्ट हुए हैं। आईपीओमें के. वी. टॉयज इंडिया के शेयर का दाम 239 रुपये था। कंपनी का आईपीओ दांव लगाने के लिए 8 दिसंबर 2025 को खुला था और यह 10 दिसंबर तक ओपन रहा। के. वी. टॉयज इंडिया के आईपीओ का टोटल साइज 40.15 करोड़ रुपये तक का था।

**लिस्टिंग के बाद लुढ़क गए शेयर:** जबरदस्त लिस्टिंग के बाद खिलौना कंपनी के. वी. टॉयज इंडिया के शेयर लुढ़क गए हैं। कंपनी के शेयर 5 पर्सेंट टूटकर 304 रुपये पर पहुंच गए हैं। यानी, आईपीओ प्राइस से के. वी. टॉयज इंडिया के शेयर 27 पर्सेंट से ज्यादा ऊपर हैं। के. वी. टॉयज इंडिया की शुरुआत साल 2009 में हुई है। कंपनी बच्चों के लिए प्लास्टिक मोल्डेड और मेटल बेस्ड खिलौनों की मैन्युफैक्चरिंग और सेल करती है। के. वी. टॉयज इंडिया एजुकेशनल और रीक्रिएशनल दोनों सेगमेंट्स को कवर करती है। कंपनी पोर्टफोलियो में फ्रिक्शन-पावर्ड टॉयज, सॉफ्ट बुलेट गन्स, ,क्व्र टॉयज, पुलबैक टॉयज, बैटरी-ऑपरेटेड एंड इलेक्ट्रॉनिक टॉयज, प्रेस-एंड-गो टॉयज, डाई-कॉस्ट मेटल व्हीकल्स, बबल टॉयज, डॉल्स शामिल हैं।

**352 गुना सब्सक्राइब हुआ था कंपनी का आईपीओ :** के. वी. टॉयज इंडिया का आईपीओ टोटल 352.63 गुना सब्सक्राइब हुआ था। कंपनी के आईपीओ में आम निवेशकों की कैटेगरी में 376.41 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (गैर-संस्थागत निवेशकों) कैटेगरी में 505.19 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। के. वी. टॉयज इंडिया के आईपीओ में क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटेगरी में 193.25 गुना दांव लगा। के. वी. टॉयज इंडिया के आईपीओ में आम निवेशक 2 लॉट के लिए ही दांव लगा सकते थे। आईपीओ के 2 लॉट में 1200 शेयर हैं। यानी, आम निवेशकों को के. वी. टॉयज इंडिया के आईपीओ में 2,86,800 रुपये का इनवेस्टमेंट करना पड़ा है।

## 6वीं बार बोनस शेयर देने की तैयारी में जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच बार निवेशकों को बोनस शेयर दे चुकी कंपनी जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड एक बार फिर से चर्चा में है। कंपनी 6वीं बार बोनस शेयर देने की तैयारी में है। इसके लिए एक्सचेंज को जानकारी दे दी गई है। इस खबर के सामने आने के बाद सोमवार यानी आज जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड के शेयरों की तगड़ी खरीदारी चालू हो गई है। शुरुआती कारोबार में स्टॉक 12 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 8.25 रुपये के इंट्रा–डे हाई पर पहुंच गया है। यह स्थिति तब है जब शेयर बाजार आज सुबह गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। बता दें, सोमवार की सुबह बीएसई में जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड का शेयर बीएसई में 7.69 रुपये के लेवल पर खुला था।




**किस दिन है बोर्ड की मीटिंग:** 13 दिसंबर को कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा कि 18 दिसंबर को बोर्ड की मीटिंग है। इस मीटिंग के एजेंडा में बोनस शेयर पर फैसला भी शामिल है। अगर जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड के बोर्ड ने बोनस शेयर देने के लिए सहमति दी। तब कंपनी 6वीं बार एक्सचेंज में एक्स–बोनस ट्रेड करेगी।

**कब–कब बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी:** इस पेनी स्टॉक ने पहली बार निवेशकों को 2025 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी की तरफ से 25 शेयर पर एक शेयर बोनस दिया गया था। दूसरी बार कंपनी ने 2021 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी की तरफ से 37 शेयर पर 5 शेयर बोनस दिया गया था। 2022 में कंपनी ने 23 शेयर पर 4 शेयर योग्य निवेशकों को बोनस दिया था। 2023 में जोंजुआ ओवरसिज लिमिटेड ने 50 शेयर पर 9 शेयर बोनस के तौर पर बांटे थे। बता दें, आखिरी बार कंपनी 28 जुलाई 2025 को एक्स–बोनस ट्रेड की थी। तब योग्य निवेशकों को 20 शेयर पर 1 शेयर फ्री मिला था।

## रिलायंस की नजर इस एग्रो फूड्स कंपनी पर, टाटा, आईडी फ्रेश, एमटीआर को टक्कर देने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के उपभोक्ता उत्पाद विभाग ने उदयम एग्रो फूड्स नामक कंपनी में बहुमत हिस्सेदारी खरीदने के लिए चर्चा शुरू कर दी है। उदयम एग्रो फूड्स एक अनलिस्टेड निजी कंपनी है, जो स्टेपल्स, नमकीन और रेडी–टू–कुक नाश्ता मिक्स बनाती है और इसका कारोबार लगभग 668 करोड़ रुपये का है। सौदे के आकार के बारे में अभी कुछ खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन एक अधिकारी के मुताबिक यह एक मध्यम आकार का सौदा होगा, जैसा कि रिलायंस ने कैम्पा सॉफ्ट ड्रिंक और वेलवेट शैंपू के मामले में किया था। इसका उद्देश्य पहले क्षेत्रीय बाजारों में पैठ बनाना और फिर राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करना है। चेन्नई स्थित उदयम कंपनी क्षेत्रीय बाजारों में टाटा कंस्यूमर प्रोडक्ट्स, आईडी फ्रेश फूड और एमटीआर जैसी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करती है। इस सौदे के बाद कंपनी के प्रमोटर एस सुधाकर और एस दिनकर कंपनी में अल्पमत हिस्सेदारी धारक के रूप में बने रहेंगे। उदयमएग्रो फूड्स को इसी साल जुलाई में इसकी मूल कंपनी श्री लक्ष्मी एग्रो फूड्स ने एक अनलिस्टेड निजी इकाई के रूप में शामिल किया था। यह अपडेट ऐसे समय में सामने आया है, जब रिलायंस रिटेल ने हाल ही में अपने एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) व्यवसाय को न्यू रिलायंस कंस्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड नामक एक नई कंपनी में स्थानांतरित कर दिया है। यह नई कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की सीधी सहायक कंपनी है और इसका गठन 1 दिसंबर से प्रभावी एक समग्र योजना के तहत किया गया है।




# सिंगापुर सरकार के बड़े फैसले, प्रवासी कामगारों के जीवन स्तर में होगा सुधार; मिलेंगी कई सुविधाएं

**सिंगापुर सिटी , एजेंसी।** सिंगापुर ने प्रवासी श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए नई योजनाओं का एलान किया है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के मौके पर सरकार ने कहा कि विदेशी कामगारों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं, आवास और खेल व मनोरंजन से जुड़ी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है, क्योंकि प्रवासी श्रमिक सिंगापुर के अरबों डॉलर के विकास कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं।

मानव संसाधन मंत्री टैन सी लेंग ने कहा कि सिंगापुर की प्रगति और सफलता में प्रवासी समुदाय का बड़ा योगदान है। उन्होंने घरेलू कामगारों समेत सभी प्रवासी श्रमिकों का धन्यवाद किया, जिन्होंने देश के निर्माण और लोगों की देखभाल में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अब बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंग्रेजी और डिजिटल साक्षरता जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल होंगे।



सिंगापुर में 10 लाख से ज्यादा प्रवासी श्रमिक काम करते हैं, जिनमें भारत, चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया से सबसे ज्यादा हैं। ये श्रमिक निर्माण, शिपयार्ड और अन्य श्रम-प्रधान क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मंत्री ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद 2021 में शुरू की गई योजना के तहत आवास, स्वास्थ्य और मनोरंजन के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है। मंत्री ने यह भी कहा कि 2025 का अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस सिंगापुर की आजादी के 60 साल पूरे होने (एसजी60) के जश्न का हिस्सा होगा। उन्होंने घोषणा की कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल योजना के तहत और क्लीनिक जोड़े जाएंगे, जिससे प्रवासी श्रमिकों को इलाज के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी और जल्दी मदद मिल सकेगी।

# जेफ बेजोस बने दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। लैरी एलिसन की अरबपति नंबर 2 की कुर्सी छिनने के बाद उनकी संपत्ति में लगातार गिरावट जारी है। अब एलिसन अमीरों की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए हैं। जेफ बेजोस दुनिया के तीसरे सबसे रईस व्यक्ति बन गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में दूसरे नंबर पर लैरी पेज डटे हुए हैं। टेस्ला के एलन मस्क पहले नंबर पर काबिज हैं। भारत के मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। अडानी अब भी वह 20वें स्थान पर हैं।

इस साल के सबसे बड़े गेनर्स अब लैरी पेज हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक उनकी दौलत में इस साल अबतक 97.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। वहीं, दूसरे नंबर पर सर्गेई ब्रिन हैं, जिनकी दौलत इस साल 89 अरब डॉलर बढ़ी है। लैरी एलिसन की कमाई अब केवल 50 अरब डॉलर रह गई है।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक एलन मस्क अभी भी दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी कुल संपत्ति 470 अरब डॉलर है और इसमें शुक्रवार को 8.67 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।

लैरी एलिसन को गुरुवार को 14.9 अरब डॉलर का बड़ा झटका लगा। अब 243 अरब डॉलर के साथ एलिसन दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं। दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति लैरी पेज को शुक्रवार को 2.36 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और इनकी कुल संपत्ति 266 अरब डॉलर रह गई है।



वहीं अमेजन के जेफ बेजोस की संपत्ति 3.46 अरब डॉलर गिरकर 249 अरब डॉलर रह गई। इसके बावजूद उन्हें 2 पायदान का फायदा हुआ है। बेजोस अब 5वें से तीसे स्थान पर हैं। सर्गेई ब्रिन की दौलत में 2.17 अरब डॉलर की गिरावट हुई और अब उनके पास 266 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। ये ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में चौथे स्थान पर आ गए हैं।

मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 2.88 डॉलर की गिरावट हुई। अब इनका नेटवर्थ 228 अरब डॉलर हो गया है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में जुकरबर्ग छठे स्थान पर हैं। सातवें स्थान पर फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इनकी संपत्ति में मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और उनके पास 202 अरब डॉलर का नेटवर्थ है।

स्टीव बाल्मर ने 1.61 अरब डॉलर गंवाए। इनका नेटवर्थ अब 167 अरब डॉलर हो गया है। ये 8वें पोजीशन पर हैं।

एनवीडिया के मालिक जेनसेंग हुआंग को 5.07 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अब इनके पास 152 अरब डॉलर की संपत्ति है और ये दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 9वें पायदान पर आ गए हैं।

**डेल टॉप-10 से बाहर:** वॉरेन बफे ने माइकल डेल को टॉप-10 से बाहर कर दिया है। बफे की दौलत में 1.14 अरब डॉलर का इजाफा होने से वह टॉप-10 में शामिल हो गए हैं। अब 150 अरब डॉलर के साथ 10वें स्थान पर हैं। जबकि, माइकल डेल को शुक्रवार को 9.95 अरब डॉलर का झटका लगा और उनकी संपत्ति 143 अरब डॉलर रह गई है। अब वह 11वें स्थान पर हैं।

# रेखा झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज का शेयर 8 प्रतिशत चढ़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेखा झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो में शामिल कंपनी जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में आज सोमवार को 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह एक बड़ी खबर को माना जा रहा है। सीएनबीसी टीवी18 की रिपोर्ट के अनुसार जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर 4.2 करोड़ शेयर या 15.25 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद और बिक्री हुई है। इस शेयरों की खरीद-बिक्री की कीमत 290 करोड़ रुपये है। इसे कई ट्रांजैक्शन में पूरा किया गया है। बता दें, अभी शेयरों को खरीदने और बेचने वाला का नाम बाहर नहीं आया है।

बीएसई में आज सोमवार को जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 69.50 रुपये के लेवल पर खुले थे। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 76 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया।

**रेखा झुनझुनवाला के पास कितना शेयर:** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में रेखा झुनझुनवाला की कुल हिस्सेदारी 7.20 प्रतिशत हिस्सा है। सितंबर की शेयरहोल्डिंग के अनुसार रेखा झुनझुनवाला के पास 20099400 शेयर थे। बता दें, इस कंपनी में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 51.73 प्रतिशत और पब्लिक के पास 48.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?:** एक महीने में कंपनी का शेयर करीब 2 प्रतिशत टूट चुका है। वहीं, 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 37 प्रतिशत गिरा है। एक साल में जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों में 40 प्रतिशत की गिरावट आई है। कंपनी का 52 वीक हाई 127.20 रुपये और 52 वीक लो लेवल 60.80 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2065 करोड़ रुपये का है। 5 साल में जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 45 प्रतिशत की तेजी आई है।

## थम नहीं रहा गैस रिसाव का प्रभाव

# दो गैस प्रभावित बच्चों को भेजा गया अस्पताल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** केंदुआडीह क्षेत्र में गैस रिसाव की समस्या कम होने का नजर नहीं ले रही है। लगातार गैस रिसाव के कारण लोग रोजाना बीमार पड़ रहे हैं। गैस रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभाग लगातार राहत व नियंत्रण कार्य में जुटे हुए हैं।

हिंदी भवन के समीप लगाए गए राहत शिविर में कुल 29 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें 21 पुरुष एवं आठ महिलाएं शामिल हैं। प्रशासन की ओर से राहत शिविर में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिसमें भोजन, ठहरने की व्यवस्था, शौचालय, मेडिकल सुविधा एवं 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है। हालांकि रात के समय शिविर में ठहरने वालों की संख्या करीब एक दर्जन ही रह जाती है।

शिविर में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग सोने की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर शिविर को सीआईएसएफ जवानों एवं सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. आलोक कुमार, डॉ. बुशरा बानो, एएनएम नेहा कुमारी सहित मेडिकल टीम तैनात थी।

वहीं बीसीसीएल के कुस्तौर क्षेत्रीय अस्पताल में डाक्टरों की टीम तीन शिफ्टों में कार्यरत है। सुबह अलग-अलग स्थानों से गैस की चपेट में आने के कारण दो बच्चे बीमार हो गए, जिन्हें आनन-फानन में कुस्तौर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वर्तमान में कुल चार मरीजों का इलाज चल रहा है। सुबह करीब चार बजे गंसाडीह तीन नंबर निवासी प्रमोद कुमार मंडल के छह वर्षीय पुत्र क्रिस मंडल गैस के प्रभाव से चक्कर खाकर बेहोश हो गया।

जिसे एंबुलेंस से कुस्तौर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। इसी तरह केंदुआडीह पांच नंबर निवासी सुनील कुमार पंडित की 13 वर्षीय पुत्री नंदनी कुमारी को उल्टी एवं सिर दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया।



इसके अलावा केंदुआडीह पांच नंबर राजपूत बस्ती निवासी 21 वर्षीय निकी कुमारी एवं 32 वर्षीय राजलक्ष्मी कुमारी को भी देर रात गैस से प्रभावित होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इलाज कर रहीं डॉ. बी. खुजूर ने बताया कि अस्पताल में डाक्टर की पूरी टीम तैनात हैं। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर बनी हुई है।

वहीं, शनिवार को कुस्तौर अस्पताल से रेफर हो कर बीसीसीएल सेंट्रल अस्पताल में भर्ती हुई जमुना खातून की हालत खराब है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है।

इलाजरत जमुना खातून की बेटी बेबी रुकसार ने बताया कि हमलोग बहुत ही गरीब हैं रोज कमाने और खाने वाले लोग हैं। मेरी मां बीमार है, उसे इलाज के लिए यहां से धनबाद सेंट्रल लाया गया। यहां के डाक्टर हमें दवाई के लिए पर्चा दे रहे रहे हैं। सुबह के पर्चा दिया गया जिससे करीब 250 रुपए दवाई बाहर से मिला।

फिर दोपहर तक एक और दवा की पर्चा दी गई। जो इस अस्पताल में उपलब्ध नहीं थी। बाहर से लेने गए तो करीब 21 सौ रुपये लग रहा है। अगर इतना पैसा होता तो हम प्राइवेट अस्पताल नहीं जाते। उक्त महिला ने पीबी एरिया के जीएम जेपी मेहता से मिली।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** प्रखंड अंतर्गत मऊ स्थित स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल के परिसर में जय शंकर क्लिनिक, गयाजी सहित अन्य संस्थाओं के सहयोग से माँ निर्दोष सेवा केंद्र एवं बीपीएन ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन चिकित्सकों एवं आयोजकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजक हिमांशु शेखर ने अतिथियों का स्वागत माँ तारा देवी के तैलीय चित्र भेंट कर किया।

शिविर में दमा, मधुमेह , उच्च रक्तचाप , ईसीजी सहित विभिन्न रोगों की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में डॉ. संजीव कुमार, डॉ. मृदुल दीपांशु, डॉ. विनीत आनंद, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. अपराजिता, डॉ. पल्लव चौबे तथा डॉ. अमित नारायण रघु ने सैकड़ों मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मऊ की ओर से भी मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

आयोजक बी पी एन ग्लोबल पब्लिक स्कूल के निदेशक नामित राजा एवं स्वामी विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण वहक्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

वहीं मऊ पंचायत के पूर्व मुखिया सुधीर नारायण, पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा, प्रो विनोद सिंह, रामाधार सिंह, राधाकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य कविंद्र सिंह आदि ने ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताई और आयोजकों को धन्यवाद कहा।

# जिले में 17 केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के अंतर्गत खूंटी जिले में आज से धान अधिप्राप्ति कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत चयनित पंचायतों में स्थापित कुल 17 लैम्प्स केंद्रों पर किसानों से धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ हुई। आज धान अधिप्राप्ति के शुभारंभ अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में विभिन्न लैम्प्स केंद्रों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर किसानों में उत्साह देखा गया तथा बड़ी संख्या में किसान अपने धान के साथ लैम्प्स केंद्रों पर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में



उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक में जिले में 17 लैम्प्स केंद्रों की स्थापना एवं 4 राइस मिलों को टैग करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया था, ताकि किसानों से धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराई जा सके।

इस वर्ष से राज्य सरकार द्वारा किसानों से 2450/- रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान अधिप्राप्ति की जा रही है। धान अधिप्राप्ति के उपरांत 48 घंटे के भीतर या विशेष परिस्थिति में 1 सप्ताह के भीतर एकमुश्त भुगतान किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों को त्वरित एवं सीधा लाभ प्राप्त होगा। उपायुक्त के निर्देश पर संबंधित बीडीओ, सीओ एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा निगरानी की जा रही है, ताकि धान अधिप्राप्ति के दौरान किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पूरी प्रक्रिया सरलता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों का संचालन निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाए, अधिक से अधिक किसानों का ई-उपार्जन पोर्टल पर निबंधन कराया जाए एवं सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सफलतापूर्वक पूर्ण कराया जाए।

## युवक को गोलियों से भूना

**पटना।** बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोलियों से भून डाला। इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गया। गोली चलते ही लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस बीच मौके का फायदा उठाकर अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आलमगंज थाना सहित पुलिस के वरीय पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की जानकारी देते हुए सीटीएसपी पूर्वी परिचय कुमार ने बताया कि पोस्ट ऑफिस के पास सोमवार की शाम अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके से गोली के खोखा और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

# चांदपुर बार्डर पर इंटीग्रेटेड ऑटो-टोटो स्टैंड शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा पर वर्षों से चली आ रही यातायात अव्यवस्था पर अब विराम लगेगा। चांदपुर बार्डर पर इंटीग्रेटेड ऑटो-टोटो स्टैंड की शुरूआत के साथ ही जिले में यातायात सुधार की नई इबारत लिखी गई।

डीसी मनीष कुमार ने स्टैंड का उद्घाटन करते हुए हरी झंडी दिखाकर आटो और टोटो को रवाना किया। डीसी ने कहा कि वर्षों से आटो-टोटो चालकों, संगठनों और आम जनता की मांग थी कि बंगाल-पाकुड़ सीमा पर सुव्यवस्थित स्टैंड बने। आज यह सपना साकार हुआ है। डीसी ने स्पष्ट कहा कि यह केवल एक स्टैंड नहीं, बल्कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अनुशासित यातायात व्यवस्था की नींव है। उन्होंने चालकों से यातायात नियमों की सख्ती से पालन करने, शहर को जाम व अतिक्रमण मुक्त रखने और दुर्घटना में घायलों की मदद कर जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।

डीसी ने कहा शहर आपका है, इसे बेहतर बनाना भी आपके हाथ में है। जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने कहा कि अब बंगाल से बिना पंजीकरण आने वाले ऑटो-टोटो पाकुड़ जिले में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। बंगाल के वाहन स्टैंड तक यात्रियों को लाकर वहीं उतारेंगे और वापस लौटेंगे।



इसके बाद पाकुड़ जिले में पंजीकृत ऑटो-टोटो ही यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगे। इससे अवैध परिचालन पर रोक लगेगी और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

डीटीओ ने बताया कि यह व्यवस्था शहर में अनावश्यक वाहनों की भीड़ कम करेगी और ट्रैफिक को सुचारू बनाएगी। आटो-टोटो स्टैंड का संचालन चांदपुर पंचायत के मुखिया और पंचायत समिति द्वारा किया जाएगा। परिवहन व पुलिस विभाग हर समय सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। स्टैंड के सुचारु संचालन के लिए सात सदस्यीय जिला स्तरीय कमेटी पहले ही गठित की जा चुकी है।

# माह के अंत तक झारखण्ड को भी मिल सकते हैं नये जिलाध्क्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी दिसंबर से अंत तक झारखंड के सभी जिलों में नए अध्यक्षों की घोषणा कर देगी। करीब छह महीने पहले पार्टी ने जिला स्तर पर चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति कर, सभी जिले के अध्यक्षों के नामों पर कार्यकर्ताओं संग विचार विमर्श किया था।

इसके बाद प्रदेश नेतृत्व को जिला से चुने गए नामों की सूची देने का कार्यक्रम टलता रहा। अब पार्टी ने मंगलवार को सभी चुनाव अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को जिला से मिले नामों की सूची तैयार करने के लिए बुलाया है।

प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक में चुनाव प्रभारी, जिलों से मिले नामों की सूची साझा करेंगे। यह प्रक्रिया अगले तीन दिनों तक चलेगी। दिसंबर के अंत तक पार्टी सभी जिलों में नए अध्?यक्षोंके नामों की घोषणा कर देगी।

बता दें कि 519 मंडलों में से अधिकतर में कमेटी का गठन कर लिया गया है। जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद प्रदेश कमेटी का चुनाव कराया जाएगा।

भाजपा में अभी प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर बाबूलाल मरांडी पदस्थापित हैं। उन्हें विधानसभा में विधायक दल का नेता भी बनाया गया है। ऐसे मे पार्टी नए प्रदेश अध्यक्ष का नाम तय करेगी। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

दिसंबर तक जिलास्तर के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर लेने के बाद, प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा भी केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से होने की संभावना है।

# सोन नदी पर बनेगा पुल, बिहार-झारखण्ड की दूरी कम होगी

**नबिटा टीम**

**रांची/पटना।** अनुमंडल के नौहट्टा और रोहतास प्रखंड के लोगों को झारखंड राज्य में जाने के लिए देवी पुर सोन नदी के घाट तक जाने के लिए पुल निर्माण कर झारखंड के एनएच 139 और रोहतास जिले के एनएच 119 को गतिशक्ति परियोजना के तहत जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है।

जिसे लेकर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय परिवहन मंत्री से मिलकर योजना निर्माण को ले पत्र दिया है। वर्तमान में जुगाड गाड़ी (ट्रैक्टर पर बैठकर सोन नदी नाव घाट तक) जाने का सहारा बना हुआ है।

जुगाड गाड़ी ( टैक्टर )के माध्यम से चार किलोमीटर सोन नदी के बालू वाले रास्ते तय कर नौका तक पहुंचते है और वहां से नौका द्वारा नदी पार कर झारखंड राज्य के पलामू, गढ़वा समेत अन्य जिलों में जाते हैं।



नौहट्टा रोहतास प्रखंड के गावों के लोगों का सोन नदी से सटे झारखंड राज्य के पलामू गढ़वा जिले के गावों में बेटी रोटी का संबंध है। जहां जाने के लिए लोगों को डेहरी होते हुए 100 से 150 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है और लोग इस दूरी को तय कर जपला डाल्टनगंज, हैदर नगर समेत कई गावों में जाते हैं।

जबकि नाव के सहारे सोन नदी पार कर महज 10 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने रिश्तेदारों के यहां आते जाते है। देवीपुर (रोहतास) देउरी जपला (झारखंड) के निकट सोन नदी पर पुल निर्माण को ले डीपीआर बनाने को लेकर निविदा निकाली गई है।

झारखंड राज्य के एनएच 139 से देवरी गांव के निकट से रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड के देवीपुर गांव तक सोन नदी पर पुल निर्माण कर एन एच 119 में जोड़ने पुल निर्माण के लिए पलामू लोक सभा सदस्य बीडी राम ने केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री से मिलकर पुल निर्माण की बात कही थी।

जिसे लेकर डीपीआर निर्माण के लिए निविदा निकाली गई है। ताकि पुल निर्माण कर दोनों एनएच से झारखंड और बिहार राज्य को जोड़ा जा सके।

पलामू सांसद ने कहा कि पुल निर्माण के लिए सतत प्रयासरत हैं। ताकि रोहतास जिले से निकलने वाले एनएच 119 से पलामू जिले से होकर गुजरने वाले एनएच 139 के साथ जोड़ा जा सके।

साथ ही नौहट्टा, रोहतास के गांव जपला रेलवे स्टेशन से जोड़ा जा सके। दोनों एनएच जुड़ जाने से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तक जाने में रोहतास वासियों को दूरी और समय दोनों की बचत होगी।

# एसडीओ ने किया खाद दुकानों का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जिला कृषि पदाधिकारी गौरव प्रताप सिंह ने सोमवार को जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र में खाद दुकानों का औचक निरीक्षण कर उर्वरक वितरण व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण की शुरूआत तुर्केली चौक से हुई, जहां प्रारंभिक छानबीन के बाद डीएओ सीधे जरघरिया चौक पहुंचे। यहां स्थित रेहान फर्टिलाइजर, शाही बीज भंडार, कमाल हसन फर्टिलाइजर समेत चार उर्वरक दुकानों में स्टॉक व वितरण पंजी की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान डीएओ ने पोटाश खाद के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद खाद गोदाम पहुंचकर बोरी के स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी ने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी उर्वरक दुकानों पर स्टॉक एवं मूल्य बोर्ड के साथ-साथ उर्वरक से संबंधित टोल फ्री नंबर 0612-2233555 का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से होना चाहिए, ताकि किसान या उपभोक्ता किसी भी तरह की शिकायत सीधे दर्ज करा सकें।

डीएओ के जोकीहाट पहुंचने की खबर फैलते ही नगर पंचायत क्षेत्र और हड़वा चौक की अधिकांश खाद दुकानों के शटर गिर गए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत में मात्र दो-तीन दुकानें ही खुली मिलीं, जबकि शेष दुकानों पर ताले लटके थे।

इस पर डीएओ ने नाराजगी जाहिर करते हुए बंद दुकान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएओ ने कहा कि वे रूटीन जांच के लिए आए हैं और जिले में प्रतिदिन खाद का स्टॉक डाला जा रहा है। बेहतर प्रबंधन के कारण किसानों में खाद को लेकर मारामारी की स्थिति नहीं है और सभी जगह पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।

# विधायक एवं उनके सहयोगी पर एक करोड़ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मधेपुरा जिले में राजद विधायक प्रो. चंद्रशेखर और उनके सहयोगी आलोक कुमार मुन्ना पर एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पटना में फर्म के नाम से संचालित निर्माण कार्य के संवेदक ने विधायक और उनके प्रतिनिधियों सहित अन्य सहयोगियों पर कार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। संवेदक ने इस मामले को लेकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

आवेदन में बताया गया है कि कार्य प्रारंभ होने के समय से ही विधायक और उनके प्रतिनिधियों द्वारा लगातार दबाव बनाया जा रहा था। रंगदारी न देने पर कार्य रुकवाने और झूठे आरोप लगाने की धमकी दी जाती रही। इसके बावजूद संवेदक ने विभागीय दिशा-निर्देशों और स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की निगरानी में कार्य जारी रखा। संवेदक ने कहा कि अब तक 60 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद, ग्रामीण विकास मंत्री और मधेपुरा के प्रभारी मंत्री के निर्देश पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में जांच टीम का गठन किया गया। जांच टीम ने 21 अगस्त 2025 को कार्यस्थल का निरीक्षण किया। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई है। रिपोर्ट आने के बाद भी विधायक और उनके प्रतिनिधियों की नाराजगी कम नहीं हुई और बार-बार कार्यस्थल पर जाकर काम बाधित किया जाने लगा। संवेदक ने आरोप लगाया कि उनके प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर आशुतोष कुमार के मोबाइल और व्हाट्सएप पर आलोक कुमार मुन्ना द्वारा लगातार कॉल कर रंगदारी की मांग की गई। रुपये नहीं देने पर जान से मारने और ठेकेदारी में बर्बाद करने की धमकी दी जाती रही।

संवेदक ने इसकी सूचना बुडको के पदाधिकारियों और प्रशासन को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से कई बार दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। 23 नवंबर 2025 की रात करीब 9.30 बजे विधायक अपने करीब 10 समर्थकों के साथ कार्यस्थल पर पहुंचे और वहां काम कर रहे मजदूर सोनू निगम के साथ कथित रूप से मारपीट व गाली-गलौज की। डरे-सहमे मजदूर ने मधेपुरा थाना में विधायक समेत अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई।

संवेदक ने आशंका जताई है कि उन्हें और उनके स्टाफ को निशाना बनाया जा सकता है, जिससे किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में सदर थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

## लाखों का धान स्वाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुआ ।** जमुआ प्रखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की दो घटनाओं में हजारों से लेकर लाखों रुपये मूल्य का धान जलकर राख हो गया। दोनों ही मामलों में आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है।

प्रखंड के कारोडीह गांव अंतर्गत डोमाटांड़ टोला में रविवार को अचानक आग लगने से जागेश्वर हजाम का लगभग 50 मन धान जलकर राख हो गया। पीड़ित हजाम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

उन्होंने बताया कि रोज की तरह वह सुबह मजदूरी करने पास के गांव गए थे। इसी दौरान उनके घर में आग लग गई, जिससे बीज के लिए रखा गया धान पूरी तरह जल गया। आग की चपेट में आने से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जलकर नष्ट हो गया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

# सदर अस्पताल में अब सप्ताह में दो दिन होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आंखों की रोशनी बचाने की दिशा में सदर अस्पताल ने अहम पहल की है। परसुडीह स्थित सदर अस्पताल में अब प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को मोतियाबिंद की निशुल्क सर्जरी की जाएगी। यह सुविधा राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुरू की गई है।

अब तक नियमित सरकारी सुविधा के अभाव में मरीजों को निजी अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था, जहां ऑपरेशन पर हजारों रुपये खर्च होते थे। नई व्यवस्था से खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी, रांची की ओर से 8 दिसंबर को आयोजित समीक्षात्मक बैठक के आलोक में सभी सदर अस्पतालों में मोतियाबिंद ऑपरेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

इसी क्रम में पूर्वी सिंहभूम जिले के सदर अस्पताल, खासमहल में सप्ताह में दो दिन नियमित सर्जरी की व्यवस्था लागू की गई है।अस्पताल प्रशासन के अनुसार मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहले स्क्रीनिंग और प्रारंभिक जांच की जाएगी। जांच में योग्य पाए जाने वाले मरीजों को आवश्यक ब्लड टेस्ट, बीपी और शुगर जांच के बाद ऑपरेशन के लिए भर्ती किया जाएगा। नेत्र विभाग की विशेष टीम द्वारा सर्जरी की जाएगी, जिसमें अनुभवी नेत्र चिकित्सक, नर्स और तकनीकी स्टाफ शामिल रहेंगे।



इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने जिला नोडल पदाधिकारी समेत सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचओ, एएनएम, सहिया एवं नेत्र सहायकों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों की पहचान कर स्क्रीनिंग कराएं और उन्हें सदर अस्पताल भेजना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम और स्वास्थ्य विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, जिले में हर वर्ष करीब 3,500 से 4,000 नए मोतियाबिंद मरीज सामने आते हैं। भारत में कुल अंधत्व के मामलों में लगभग 60 से 65 प्रतिशत कारण मोतियाबिंद होता है।

वहीं, आयुष्मान भारत पैकेज रेट्स और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अध्ययनों के अनुसार निजी अस्पतालों में एक आंख के मोतियाबिंद ऑपरेशन पर औसतन 15 से 25 हजार रुपये तक खर्च आता है।

सदर अस्पताल में मुफ्त सर्जरी शुरू होने से हर सप्ताह करीब 20 से 25 मरीजों का ऑपरेशन संभव होगा। इस आधार पर सालाना 2,000 से अधिक मरीजों को लाभ मिलने का अनुमान है।

# भारत पहली बार स्क्वॉश वर्ल्ड कप चैंपियन बना

## हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर, मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड, पीएम ने भी बधाई दी




### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

प्रधानमंत्री ने स्क्वॉश वर्ल्ड कप जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि एसडीएटी स्क्वॉश वर्ल्ड कप 2025 में पहली बार खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। उन्होंने जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की मेहनत, समर्पण और दृढ़ निश्चय की सराहना की और कहा कि यह जीत देश के युवाओं में स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

### जोशना चिनप्पा- हमें भरोसा था हम कर सकते हैं

मैच के बाद जोशना चिनप्पा ने कहा, टूर्नामेंट से पहले हम सभी को भरोसा था कि हम यह कर सकते हैं। सभी खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने घरेलू दर्शकों के समर्थन को भी खास बताया और कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहली बार इतने बड़े और जोशीले दर्शकों के सामने खेला।

### 2028 ओलिंपिक से पहले बड़ी उपलब्धि

स्क्वॉश को 2028 लॉस एंजेलिस ओलिंपिक में पहली बार शामिल किया जा रहा है। ऐसे में यह जीत युवा खिलाड़ियों अनाहत सिंह और अभय सिंह के साथ-साथ भारतीय स्क्वैश के लिए भी बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई के एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में खेले गए स्क्वॉश वर्ल्ड कप के फाइनल में भारतीय मिक्स्ड टीम ने हॉन्गकॉन्ग को 3-0 से हराकर इतिहास रच दिया। यह मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत का पहला गोल्ड मेडल है। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में ब्रॉन्ज मेडल रहा था। इस टूर्नामेंट में 12 टीमों ने शॉर्ट और फास्ट फॉर्मेट में हिस्सा लिया। भारत ने सेमीफाइनल में मजबूत मानी जाने वाली मिस्र की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से अंत तक बना रहा।

### जोशना चिनप्पा में जीत के साथ शुरुआत की

भारतीय टीम की अगुआई दिग्गज खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने की। फाइनल के पहले मुकाबले में जोशना ने हांगकांग की यी ली (वर्ल्ड नंबर-37) को 3-1 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद अभय सिंह ने एलेक्स लाउ को 3-0 से मात दी। निर्णायक मुकाबले में 17 साल की अनाहत सिंह ने टोमेटो हो को 3-0 से हराकर भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की कर दी। भारतीय टीम में जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलावन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह शामिल थे। मुकाबला देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में मौजूद रहे।

# क्या आईपीएल ऑक्शन में टूटेगा ऋषभ पंत का रिकॉर्ड

## 10 टीमों के पास 237.55 करोड़, 77 स्लॉट ही खाली, कोलकाता-चेन्नई का पर्स सबसे बड़ा




**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन के लिए मिनी ऑक्शन 16 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे से अबू धाबी में शुरू होगा। 10 टीमों के पास 237.55 करोड़ रुपए का पर्स है। नीलामी में 350 प्लेयर्स उतरेंगे, लेकिन 77 ही बिक पाएंगे। क्योंकि टीमों में इतनी ही जगह खाली है। 40 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे ज्यादा 2 करोड़ रुपए है, वहीं 227 प्लेयर्स की बेस प्राइस सबसे कम 30 लाख रुपए है। आईपीएल मिनी ऑक्शन में अक्सर टीमें कुछ खिलाड़ियों पर बहुत ज्यादा रकम खर्च कर देती हैं। इतिहास में 6 खिलाड़ी ऐसे रहे, जिन्हें टीमों ने 16 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत देकर खरीदा। वहीं ऑक्शन इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर ऋषभ पंत पिछले साल मेगा ऑक्शन में बिके। उन्हें 27 करोड़ रुपए में लखनऊ सुपरजायंट्स ने खरीदा था।

### 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था

ऑक्शन के लिए दुनियाभर के 1390 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। हालांकि, टीमों ने इनमें से कुछ ही प्लेयर्स चुने और उन्हें खरीदने में इंटरेस्ट दिखाया। इसलिए ऑक्शन से पहले बीसीसीआई ने टॉप 350 प्लेयर्स को शॉर्टलिस्ट कर लिया। इनका नाम ही कल की नीलामी में आएगा।

**किस टीम में सबसे ज्यादा जगह खाली** - कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में सबसे ज्यादा 13 प्लेयर्स की जगह खाली है। टीम ने 12 ही प्लेयर्स रिटेन किए, टीम ऑक्शन में 6 विदेशी प्लेयर्स को भी खरीदेगी। पंजाब किंग्स में सबसे कम 4 ही प्लेयर्स की जगह है, पिछली रनर-अप टीम ने 21 प्लेयर्स को रिटेन किया। एक टीम में 22 से 25 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं। पंजाब के बाद मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस में 5-5 प्लेयर्स की जगह खाली है।

**केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है** - सबसे कम प्लेयर्स को रिटेन करने वाली केकेआर का पर्स ही सबसे बड़ा है, टीम 64.30 करोड़ रुपए लेकर नीलामी में आएगी। उनके बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पर्स में 43.40 करोड़ रुपए हैं। मुंबई के पर्स में सबसे कम 2.75 करोड़ रुपए है। आरसीबी, आरआर, पीबीकेएस और जीटी के पर्स में 11 से 17 करोड़ रुपए हैं। वहीं डीसी, एलएसजी और एसआरएच के पर्स में 21 से 26 करोड़ रुपए हैं।

**173 प्लेयर्स को रिटेन** - 10 टीमों ने 173 प्लेयर्स को रिटेन किया, इनमें से 45 विदेशी हैं। 10 टीमों में 250 प्लेयर्स शामिल हो सकते हैं, इनमें से 80 विदेशी रहना चाहिए। यानी नीलामी में खाली जगह तो 77 हैं, लेकिन इनमें से 25 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं। यानी 52 भारतीय प्लेयर ही बिक पाएंगे।




# हार्दिक पहले भारतीय, जिनके नाम 1000 रन और 100 विकेट

## गिल 2025 के नंबर-1 बैटर, अभिषेक का तीसरी बार पहली बॉल पर सिक्स, रिकॉर्ड्स

### तीसरे टी-20 के टॉप रिकॉर्ड

1. **हार्दिक 1000+ रन और 100+ विकेट लेने वाले पहले भारतीय** - हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने यह मुकाम 1939 रन और 100 विकेट के साथ हासिल किया। हार्दिक से पहले सिर्फ विदेशी ऑलराउंडर शामिल थे, जिनमें शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी और सिकंदर रजा जैसे स्पिन ऑलराउंडर हैं। हार्दिक इस रिकॉर्ड में शामिल होने वाले पहले फास्ट बालिंग ऑलराउंडर भी हैं, जिससे उनकी यह उपलब्धि और भी खास है। साथ ही पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह यह अचीवमेंट हासिल कर चुके हैं।
2. **शुभमन गिल साल के टॉप स्कोरर बने, शाई होप को पीछे छोड़ा** - भारतीय ओपनर शुभमन गिल इस साल के टॉप स्कोरर बन गए हैं। उनके साल 2025 में तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20 इंटरनेशनल) 1764 रन हो गए हैं। गिल ने वेस्टइंडीज के शाई होप के 1753 रन को पीछे छोड़ा। उन्होंने अपनी पारी का 18वां रन बनाकर यह माइल स्टोन हासिल किया। गिल ने भारतीय पारी के चौथे ओवर में मार्को यानसन की तीसरी बॉल पर चौका लगाया।
3. **अभिषेक ने तीसरी बार पहली बॉल पर सिक्स लगाया** - अभिषेक शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में तीसरी बार पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इसके साथ ही वह ऐसा करने वाले इकलौते भारतीय बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले रोहित शर्मा, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल यह कारनामा एक-एक बार कर चुके हैं।
4. **चक्रवर्ती के 30 इनिंग में 50 विकेट पूरे** - वरुण चक्रवर्ती भारत के लिए टी-20 इंटरनेशनल में दूसरे सबसे तेज 50 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 30 पारियों में हासिल की। इस मामले में उनसे आगे केवल कुलदीप यादव हैं, जिन्होंने 29 पारियों में यह मुकाम छुआ था। गेंदों के लिहाज से भी वरुण का प्रदर्शन खास रहा है। उन्होंने 672 गेंदों में 50 विकेट पूरे कर लिए और इस दौरान साउथ अफ्रीका के इमरान ताहिर (681 गेंदें) और अफगानिस्तान के राशिद खान (685 गेंदें) जैसे दिग्गज स्पिनर्स को पीछे छोड़ दिया। इस रिकॉर्ड में वरुण से आगे सिर्फ अजंथा मेंडिस, कुलदीप यादव और वनिंदू हसरंगा हैं।
5. **अर्शदीप के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट** - अर्शदीप सिंह टी-20 इंटरनेशनल के पावरप्ले ओवरों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने शुरुआती छह ओवरों में अब तक 48 विकेट चटकाए हैं और इस मामले में भुवनेश्वर कुमार (47 विकेट) को पीछे छोड़ दिया। इस रिकॉर्ड में जसप्रीत बुमराह 33 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर ने पावरप्ले में 21-21 विकेट लिए हैं।
6. **डी कॉक 9वीं बार टी-20 में शून्य पर आउट** - क्विंटन डी कॉक टी-20 इंटरनेशनल में नौवीं बार शून्य पर आउट हुए। इस मामले में वे साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों में सबसे आगे हैं। उनके बाद एंडिले फेहलुकवायो और रीजा हेंड्रिक्स 7-7 बार डक पर आउट हो चुके हैं।

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत ने टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 15.5 ओवर में 7 विकेट से मैच जीता। साउथ अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 117 रन पर सिमट गई थी। धर्मशाला में हार्दिक ने पंड्या टी-20 इंटरनेशनल में 1000 से ज्यादा रन और 100 विकेट पूरे करने वाले पहले भारतीय बने। भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने 28 रन बनाए। वे इस साल तीनों फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। अभिषेक शर्मा ने तीसरी बार पारी की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने भी अपने 50 टी-20 इंटरनेशनल विकेट पूरे कर लिए।

# मेसी को जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप का टिकट दिया

### टीम इंडिया की जर्सी और दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सोमवार को अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी का सम्मान किया गया। इस मौके पर



आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट और भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की। इसके अलावा, शाह ने मेसी को दिग्गज क्रिकेटर्स के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया।

सम्मान समारोह के दौरान मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज के साथ किक मारकर दर्शकों की ओर फुटबॉल उछाली, जिसमें से एक किक सीधे स्टेडियम के दूसरे माले तक पहुंच गई। इस दौरान मेसी ने बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर माहौल को और यादगार बना दिया।

इससे पहले स्टेडियम के बाहर मेसी की एक झलक पाने के लिए फैंस की भारी भीड़ जुटी रही। उन्हें सुबह ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंचना था, लेकिन दिल्ली में घने कोहरे के कारण उनकी उड़ान को रोक दिया गया, जिसके चलते मेसी को मुंबई एयरपोर्ट पर ही कुछ समय तक रुकना पड़ा।

# झज्जर के ओलिंपियन अमन सहरावत ने जीता स्वर्ण

### आंख में चोट लगने पर भी डटा रहा, बोले-हार न मानने वाले विश्वास की वापसी




**बहादुरगढ़ (एजेंसी)।** अहमदाबाद में हुई सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता झज्जर के युवा पहलवान और पेरिस ओलिंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के लिए सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और आत्मविश्वास की वापसी की कहानी बन गई। पुरुषों की फ्रीस्टाइल 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अमन ने यह साबित कर दिया कि असफलताएं अगर इंसान को तोड़ें नहीं, तो वही उसे मजबूत बनाती हैं।

**यह जीत उनके लिए गर्व का क्षण** -स्वर्ण पदक जीतने के बाद अमन सहरावत ने भावुक शब्दों में इंस्टाग्राम पर लिखा कि यह जीत उनके लिए गर्व का क्षण है। पिछले एक साल में गिरावट, असफलताओं और आत्म-संदेह के दौर से गुजरने के बाद यह पदक केवल एक जीत नहीं, बल्कि कभी हार न मानने वाले विश्वास की वापसी है। उन्होंने कहा कि जब हालात उनके खिलाफ थे, तब भी कुछ लोगों का भरोसा उनके साथ बना रहा और आज यह उपलब्धि उसी भरोसे का परिणाम है।

**पांच तस्वीरें साझा करते हुए लिखी पोस्ट** - अमन ने सोशल मीडिया पर पांच तस्वीरों के साथ अपनी भावना साझा करते हुए अपने सपोर्ट स्टाफ और साथियों का आभार जताया। उन्होंने लिखा कि सीनियर नेशनल्स में स्वर्ण पदक जीतना मेरे लिए गर्व का क्षण है, और इस सफलता के लिए मैं सभी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

# भारत ने रचा इतिहास

### धर्मशाला टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा



**धर्मशाला (एजेंसी)।** धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने न सिर्फ पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की, बल्कि टी20 इतिहास में एक बड़ा कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया।

**भारत ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा** - इस जीत के साथ भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी-20 जीत दर्ज करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के नाम 19-19 जीत थीं, लेकिन अब भारत ने 20वीं जीत के साथ बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका की मजबूत टी 20 टीम के खिलाफ यह उपलब्धि भारत की निरंतरता और मजबूत व्हाइट-बॉल सेटअप को दर्शाती है।

एशेज टेस्ट-

# तीसरे मैच के लिए इंग्लैंड टीम में बदलाव

### गस एटकिंसन बाहर, जोश टंग को मौका, 17 दिसंबर को एडिलेड में खेला जाएगा मुकाबला




**पर्थ (एजेंसी)।** एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछड़ रही इंग्लैंड टीम ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन में एक बदलाव किया है। एडिलेड में बुधवार से शुरू हो रहे इस अहम मुकाबले के लिए तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को बाहर कर उनकी जगह जोश टंग को टीम में शामिल किया है।

**गस एटकिंसन को दो मैचों में मिले केवल 3 विकेट** - गस एटकिंसन पहले दो टेस्ट में खास असर नहीं छोड़ पाए थे। पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए मुकाबलों में इंग्लैंड को आठ-आठ विकेट से हार झेलनी पड़ी, जहां एटकिंसन ने कुल 236 रन लुटाए और सिर्फ तीन विकेट ही ले सके। खराब प्रदर्शन के चलते टीम मैनेजमेंट ने उन्हें बाहर करने का फैसला लिया। जोश टंग को इस सीरीज में खेलने का मौका दिया गया है और यह उनका सातवां टेस्ट होगा। वह अब इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स और कप्तान बेन स्टोक्स के साथ नजर आएंगे।

**स्पिन विभाग में कोई बदलाव नहीं** -स्पिन विभाग में इंग्लैंड ने कोई बदलाव नहीं किया है। ऑफ स्पिनर विल जैक्स ने अपनी जगह बरकरार रखी है, जबकि शोएब बशीर को फिर मौका नहीं मिला। दौरे से पहले बशीर को इंग्लैंड का नंबर एक स्पिनर माना जा रहा था, लेकिन पर्थ में इंग्लैंड ने बिना स्पिनर के खेला। ब्रिस्बेन टेस्ट में जैक्स को मौका मिला, जहां उन्होंने भले ही सिर्फ 11.3 ओवर गेंदबाजी की और 1 विकेट लेकर 34 रन दिए, लेकिन बल्लेबाजी में उन्होंने बेहतरीन संयम दिखाया। दूसरी पारी में जैक्स ने 41 रन की अहम पारी खेली और बेन स्टोक्स के साथ 96 रन की साझेदारी की। बल्लेबाजी क्रम में भी इंग्लैंड ने कोई बदलाव नहीं किया है। खराब फॉर्म से जूझ रहे ओली पोप ने नंबर तीन पर अपनी जगह बचा ली है। युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को एक बार फिर इंतज़ार करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के लिए नई स्पेशल ट्रेन की घोषणा



नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात से दिल्ली आने-जाने वाले रेल यात्रियों को बड़ी खुशखबरी देते हुए पश्चिमी रेलवे ने विशेष किराये पर एक नई स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन चार राज्यों (गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली) से होकर गुजरेगी, ऐसे में इन राज्यों में आने वाले स्टेशनों के यात्रियों को भी इसका फायदा मिलेगा। इस बारे में रेलवे की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जानकारी दी गई। रेलवे ने बताया कि गुजरात के साबरमती स्टेशन से दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन के बीच विशेष किराये पर विशेष ट्रेन चलाई जाएगी और इन दोनों स्टेशनों के बीच यह ट्रेन रास्ते में 14 स्टेशनों पर रूकेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में साबरमती, साबरमती, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशनों पर रुकेगी। पश्चिमी रेलवे के अनुसार साबरमती और दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच यात्रियों की सुविधा और यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए यह स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इनमें से ट्रेन नंबर 04061 (साबरमती से दिल्ली सराय रोहिल्ला) 22 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच सोमवार, गुरुवार, रविवार और बुधवार (चार फेरे) को चलेगी, जबकि ट्रेन नंबर 04062 (दिल्ली सराय रोहिल्ला से साबरमती) 21 दिसंबर से 30 दिसंबर के बीच रविवार, बुधवार, शनिवार और मंगलवार (चार फेरे) चलेगी। इन दोनों ट्रेनों के समय, फेरे, चलने के दिन और उनमें लगने वाले कोच के बारे में पश्चिम रेलवे ने विस्तृत जानकारी दी। स्टॉपेज- यह ट्रेन दोनों दिशाओं में साबरमती, पालनपुर, आबू रोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के कोच होंगे।

### दिल्ली डीडीए हाउसिंग सोसाइटी में दिन दहाड़े मर्डर से सनसनी

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्वी दिल्ली के मानसरोवर पार्क इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां डीडीए की एक हाउसिंग सोसायटी के परिसर में बने मंदिर के अंदर पुजारी की पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रविवार की बताई जा रही है। मृतका की पहचान कुसुम (48) के रूप में हुई है। वह मंदिर के पुजारी महेश शर्मा की पत्नी थीं। घटना के समय महेश शर्मा मंदिर में मौजूद नहीं थे। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पुजारी की हत्या करना चाहता था, क्योंकि उसे लगता था कि पुजारी की उसके परिवार के प्रति गलत नीयत है। हालांकि, महेश शर्मा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। महेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि उन्हें करीब दो हफ्ते पहले जान से मारने की धमकी भी मिल चुकी थी। उनके परिवार का कहना है कि मंदिर को लेकर लंबे समय से चला आ रहा संपत्ति विवाद इस हमले की वजह हो सकता है। पुलिस के अनुसार यह मामला कई सालों से अदालत में लंबित है। मंदिर की जमीन के स्वामित्व को लेकर पुलिस ने डीडीए से भी जानकारी मांगी है। महेश शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11:30 बजे उन्होंने अपनी पत्नी को बताया था कि वह सोसायटी में ही एक घर में पूजा कराने जा रहे हैं और उन्हें साथ चलने को कहा। कुसुम ने कहा कि वह कुछ मिनटों में आ जाएंगी। इसके करीब 10 मिनट बाद, मंदिर में पेंटिंग कर रहे एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। कुसुम को गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महेश शर्मा के अनुसार, मंदिर में मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी ने पहले पुजारी के बारे में पूछा।

# 14 प्रॉपर्टी और दुबई में ज्वेलरी कारोबार

## अल फलाह के फाउंडर जावेद अहमद सिद्दीकी पर ईडी के नए खुलासे

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली लालकिला बम ब्लास्ट और आतंकी मॉड्यूल से जुड़े आरोपों से घेरे में आई हरियाणा की अल फलाह यूनिवर्सिटी के फाउंडर जावेद अहमद सिद्दीकी पर ईडी की जांच तेज हो गई है। ईडी की जांच में सामने आया है कि सिद्दीकी के नाम पर देश में 14 अचल संपत्तियां और दुबई में एक ज्वेलरी बिजनेस है। जिनकी कुल कीमत करीब 9.28 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इन सभी संपत्तियों की जांच और सत्यापन किया जा रहा है।

आरोप सामने आए थे कि हरियाणा की इस यूनिवर्सिटी से जुड़े तीन डॉक्टर एक आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा थे, जिसने 10 नवंबर को दिल्ली में हुए धमाके को अंजाम दिया था। इसके बाद ईडी ने यूनिवर्सिटी, ट्रस्टियों और उनसे जुड़े लोगों के करीब दो दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के बाद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में जेल में हैं।

ईडी ने छापेमारी के दौरान मिले भारी मात्रा में डिजिटल डेटा की जांच के लिए हाई-एफिशिएंसी सर्वर और त्वक्ष सिस्टम का इस्तेमाल किया है, ताकि पैसों के लेन-देन और संदिग्ध गतिविधियों का पूरा ब्योरा






निकाला जा सके। निर्माण और कैटरिंग ठेके परिवार की कंपनियों को दिए गए। ईडी की शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और हॉस्टल से जुड़े निर्माण और कैटरिंग के ठेके कथित तौर पर सिद्दीकी और उनके परिवार से जुड़ी कंपनियों को दिए गए। धौज (फरीदाबाद) स्थित मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का पूरा निर्माण कार्य कर्कुन कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स नाम की कंपनी ने किया। यह कंपनी सिद्दीकी और उनकी बेटी की 49-49 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली बताई जा रही है। वहीं हॉस्टल कैटरिंग के ठेके अमला एंटरप्राइजेज को दिए गए, जिसमें सिद्दीकी की पत्नी और बेटे की भी 49-49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जांच एजेंसी का कहना है कि अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट, जो यूनिवर्सिटी का संचालन करता है, उसने इन रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शंस (अपने ही लोगों को ठेके देना) की जानकारी इनकम टैक्स रिटर्न और अन्य सरकारी दस्तावेजों में नहीं दी।

ईडी को पूछताछ में यह भी जानकारी मिली कि जवाद सिद्दीकी को जनवरी 2000 में दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में गिरफ्तार किया था।

## यीडा ने बताया कितना बचा काम

# जेवर एयरपोर्ट के एयर कार्गो टर्मिनल की सड़क कब होगी पूरी




नई दिल्ली, एजेंसी। एयर कार्गो टर्मिनल को यमुना एक्सप्रेसवे से उत्तर पूर्वी दिशा में जोड़ने वाली इस 30 मीटर चौड़ी सड़क को 178 करोड़ रुपये में बनाने का प्रस्ताव है। सड़क के कैरिजवे (जिस हिस्से पर वाहन चलते हैं) की चौड़ाई 18 मीटर रहेगी। इसी सड़क से माल वाहक वाहन कार्गो टर्मिनल तक पहुंच सकेंगे। सड़क की एक लेन पर काली लेयर भी बिछ चुकी है। गुणवत्ता परखने का काम चल रहा है। हालांकि, एक या दो हिस्सों में अभी सड़क अधूरी पड़ी है। जनवरी के अंत तक तक पूरी सड़क तैयार होगी। इसके बाद यमुना एक्सप्रेसवे से कार्गो टर्मिनल तक बिना रुकावट माल वाहन आसानी से आ जा सकेंगे। एयरपोर्ट के लिए दयानतपुर के पास 850 मीटर का वीआईपी लूप भी तैयार होगा। इसे दयानतपुर के पास बनाया जाना है। इसके लिए भूमि खरीद की प्रक्रिया जारी है। लूप का निर्माण स्वयं एनएचएआई ही करेगा। हालांकि, यमुना एक्सप्रेसवे पर फिल्म सिटी के लिए बनने वाले इंटरचेंज का काम अभी रुका है। इसका सिर्फ 10 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है। इसके निर्माण में देरी होगी। एयरपोर्ट को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए एनएचएआई, भारतमाला परियोजना के तहत 2414 करोड़ की लागत से 31 किलोमीटर लंबा छह लेन का ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। यह एक्सप्रेसवे हरियाणा की सीमा में 22 किलोमीटर और जेवर की सीमा में 9 किलोमीटर लंबा है। 9 किलोमीटर का हिस्सा जेवर में छह गांव की जमीन पर बन रहा है। इसे पूरा भी कर लिया गया है। एक्सप्रेसवे के रास्ते ही एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए दयानतपुर गांव के पास इंटरचेंज का निर्माण किया।

## दिल्ली में मुफ्त बिजली पर खर्च में केजरीवाल से भी आगे निकली रेखा गुप्ता सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। मुफ्त बिजली योजना पर रेखा गुप्ता सरकार को भारी-भरकम राशि खर्च करनी पड़ रही है। बिजली पर दिल्ली सरकार का सब्सिडी बिल पहली बार 4000 करोड़ रुपये से पार जा सकता है। सरकार ने पहले ही इसका बजट बढ़ा दिया था, लेकिन वह भी कम पड़ रहा है। भाजपा सरकार को अनुमान से और अधिक खर्च करने की आवश्यकता होगी। सरकार के सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि 2025-26 में बिजली सब्सिडी पर दिल्ली सरकार को 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करनी होगी। सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए 3,849 करोड़ रुपये का आवंटन बजट में किया था, जोकि 2024-25 के मुकाबले 250 करोड़ रुपये अधिक था। रिपोर्ट के




मुताबिक बिजली विभाग ने इस मद में अतिरिक्त 361 करोड़ रुपये की मांग की है। अधिकारियों ने कहा कि अतिरिक्त धनराशि की मांग मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या में लगातार इजाफे के साथ-साथ बिजली वितरण कंपनियों को देय जमा भुगतानों की वजह से है। इस महीने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र में संशोधित बजट को पेश किया जा सकता है। सरकार आवंटन को बढ़ा सकती है। मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत 2015-16 में आम आदमी पार्टी सरकार ने की थी। तब दिल्ली में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या 52.62 लाख थी और सब्सिडी का खर्च 1442 करोड़ था। पिछले एक दशक में उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 69 लाख हो गई जबकि सब्सिडी खर्च तीन गुना हो गया। अधिकारियों का अनुमान है कि इस साल यह खर्च 4200 करोड़ तक जा सकता है। दिल्ली के कुल बिजली उपभोक्ताओं में से 83 फीसदी घरेलू हैं। 200 यूनिट प्रति माह खर्च करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली जीरो आता है।

# आदेश वही दिए जा सकते हैं, जिनका पालन संभव हो: सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण चरम पर पहुंच चुका है। जहरीली हवा का मुद्दा सोमवार को सर्वोच्च अदालत में भी उठा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर 17 दिसंबर को सुनवाई होगी। अदालत को बताया गया कि आदेशों के बावजूद स्कूलों पर खेल गतिविधियां हो रही हैं। वहीं, चीफ जस्टिस ने गरीबों पर होने वाले असर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आदेश वही दिए जा सकते हैं, जिनका पालन संभव हो।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली ने न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने कहा कि एहतियाती कदम पहले से मौजूद हैं, लेकिन असली मुद्दा उनका खराब अनुपालन है। सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत आदेश नहीं देती है, अथॉरिटीज की ओर से उन प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है जो पहले मौजूद



हैं। चीफ जस्टिस ने कहा, यह तीन जजों की बेंच के सामने बुधवार को आएगा। इस पर बात होगी। एक अन्य वकील ने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी याचिका का जिक्र करते हुए कहा कि पुराने आदेश के बावजूद स्कूलों में खेल गतिविधियां चल रही हैं। न्याय मित्र ने कहा, इस अदालत के आदेश के बावजूद स्कूलों ने खेल गतिविधियों के लिए तरीके निकाल लिए हैं, इनका आयोजन हो रहा है। ष्टत्तरू एक बार फिर इस कोर्ट के आदेश का उल्लेख कर रहा है। इस पर सीजेआई ने कहा, 'सीजेआई ने कहा, 'हम समस्या को जानते हैं और हम ऐसे आदेश पारित करेंगे जिनका पालन किया जा सके। कुछ निर्देश ऐसे हैं जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। इन शहरी महानगरों में लोगों की अपनी जीवनशैली होती है। लेकिन गरीबों का क्या होगाज' न्याय मित्र ने कहा कि गरीब मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इससे पहले पीठ ने कहा था कि वायु प्रदूषण के खिलाफ दायर याचिका को 'सामान्य' मामला नहीं माना जा सकता, जिसे केवल सर्दियों के महीनों में ही सूचीबद्ध किया जाए। उसने कहा था कि इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार मामले की सुनवाई की जाएगी।

# एच-1बी वीजा एप्लीकेंट्स पर ट्रंप की सख्ती

वाशिंगटन, एजेंसी। ट्रंप प्रशासन ने सोमवार से एच-1बी वीजा और H-4 वीजा आवेदकों की जांच के आदेश दिए हैं। यह जांच आज (सोमवार) से शुरू होगी। जांच के दौरान सभी की सोशल मीडिया प्रोफाइल भी चेक की जाएगी। ट्रंप प्रशासन ने एक नया आदेश जारी करते हुए कहा है कि 15 दिसंबर से एच-1बी वीजा का आवेदन करने वालों और उनपर आश्रित लोगों की ऑनलाइन उपस्थिति की समीक्षा की जाएगी।

स्टूडेंट्स पहले से ही इस समीक्षा के दायरे में थे। वहीं, अब अमेरिकी प्रशासन ने ऑनलाइन उपस्थिति के साथ-साथ सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच करने का भी आदेश दिया है। साथ ही एच-1बी वीजा और H-4 वीजा आवेदक और उनपर आश्रित लोग भी इस जांच के दायरे में आएंगे। अमेरिकी विभाग के अनुसार, जांच प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए वीजा आवेदन करने वाले सभी लोगों की सोशल मीडिया प्रोफाइल भी देखी जाएगी। सभी लोगों को अपनी प्रोफाइल प्राइवेट से सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया है। अमेरिकी विदेश विभाग का कहना है कि अमेरिका का वीजा लेना अपने आप में एक विशेष अधिकार है। इसलिए वीजा देने से पहले अच्छी तरह से छानबीन करना बेहद जरूरी है। इस दौरान विभाग उन लोगों की पहचान करता है, जो अमेरिका में आने के योग्य नहीं हैं। ऐसे लोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

विदेश विभाग ने आगे कहा- हम सभी वीजा आवेदकों की पूरी तरह से जांच करते हैं। इस जांच में एफ, एम और जे श्रेणी के सारे छात्र समेत एक्सचेंट विजिटर भी शामिल होते हैं, जिन्होंने वीजा के लिए आवेदन किया है। विदेश विभाग ने चेतावनी देते हुए कहा है कि वीजा जारी करते समय अमेरिका को सतर्क रहने की जरूरत है। इस बात की गहन जांच की जानी चाहिए कि वीजा का आवेदन करने वालों का इराजा कहीं अमेरिका के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाना तो नहीं है?

बता दें कि एच-1बी वीजा धारकों में सबसे ज्यादा भारतीय पेशेवर होते हैं। इसी साल सितंबर में ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर कर दी थी।

एच-1बी वीजा पाने वालों में करीब 70त्न भारतीय हैं। वित्त वर्ष 2024 में भारत को करीब 80,500 नए एच-1बी वीजा मिले, इसलिए यह सख्ती सबसे ज्यादा भारतीय पेशेवरों को प्रभावित कर रही है।

अमेरिका एक नए प्रस्ताव पर काम कर रहा है, जिसके तहत टूरिस्ट और बिजनेस ट्रैवलर्स से भी पिछले 5 साल की सोशल मीडिया जानकारी मांगी जा सकती है। इससे यूके, जर्मनी, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के यात्रियों पर भी असर पड़ेगा, जो अब तक वीजा-फ्री यात्रा करते थे।

## ● कोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

# चीन से पंगा पड़ा भारी: हांगकांग में मीडिया टाइकून जिमी लाई पर गिरी गाज

हांगकांग एजेंसी। हांगकांग की मशहूर मीडिया हस्ती रहे और बीजिंग के मुखर आलोचक जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक ऐतिहासिक मामले में सोमवार को शहर की अदालत ने दोषी ठहराया। सरकार द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीशों ने 78 वर्षीय लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत करने और राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया। हालांकि लाई ने खुद को निर्दोष बताया है। सजा के संबंध में फैसला बाद में सुनाया जाएगा। हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत लाई को आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। लाई (78) को बीजिंग द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अगस्त 2020 में गिरफ्तार किया गया था। यह कानून 2019 में हुए व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बाद लागू किया गया था। लाई की पत्नी और पुत्र के साथ-साथ हांगकांग के रोमन कैथोलिक कार्डिनल जोसेफ जेन भी मौजूद थे। लाई पहले की तुलना में अधिक कमजोर और दुबले दिखाई देने लगे हैं। लाई के खिलाफ इस मुकदमे पर अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और राजनीतिक पर्यवेक्षकों की करीबी नजर रही है। लाई के खिलाफ फैसला बीजिंग के कूटनीतिक संबंधों की भी एक परीक्षा माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने यह मामला चीन के समक्ष उठाया है, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि उनकी सरकार ने ब्रिटिश नागरिक लाई की रिहाई सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दी है। अब बंद हो चुके लोकतंत्र समर्थक अखबार 'एप्पल डेली के संस्थापक को राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए विदेशी शक्तियों से मिलीभगत की साजिश के दो आरोपों में दोषी ठहराया गया है। इसके अलावा उन पर राजद्रोहपूर्ण प्रकाशनों के वितरण की साजिश का एक आरोप भी साबित हुआ है।

## इस्राइल-हिजबुल्ला तनाव: दक्षिणी लेबनान में आईडीएफ के हवाई हमले, वरिष्ठ आतंकी जकारिया याह्या समेत कई ढेर



तेल अवीव, एजेंसी। दक्षिणी लेबनान में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। जहां इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने हवाई हमले में हिजबुल्ला के वरिष्ठ आतंकी जकारिया याह्या अल-हज्ज समेत तीन आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। आईडीएफ के अनुसार ये आतंकी संगठन के ढांचे को दोबारा खड़ा करने में लगे थे और इस्राइल की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बने हुए थे।

आईडीएफ के मुताबिक जकारिया अल-हज्ज हिजबुल्ला में अहम भूमिका निभा रहा था। वह लेबनान की सुरक्षा एजेंसियों के भीतर अपने लोगों को सक्रिय करता था और हिजबुल्ला के खिलाफ आवाज उठाने वालों को दबाने का काम करता था। ऐसे में इस्राइली सेना ने कहा कि उसकी गतिविधियां इस्राइल के लिए खतरा थीं और इस्राइल-लेबनान के बीच हुए समझौते का उल्लंघन भी थीं।

# ट्रंप ने इल्हान उमर को कहा था 'कचरा', अब उनके बेटे तक पहुंची आईसीई

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से प्रवासियों के लिए जीवन थोड़ा कठिन हो गया है। इसी क्रम में मिनेसोटा की डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि इल्हान उमर ने दावा किया है कि शनिवार को उनके बेटे अदनान को अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्ट्स्म एनफोर्समेंट के एजेंट्स ने रोक लिया और उससे अपनी नागरिकता सिद्ध करने के लिए कहा।

एजेंट्स सरकार के आदेश पर अवैध अप्रवासियों की तलाश कर रहे हैं। इल्हान ने पूरी घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'कल, जब वह एक स्टोर पर कुछ खरीद रहा था, तभी उसे कुछ आईसीई एजेंट्स ने रोक दिया और अपनी नागरिकता सिद्ध करने को कहा। चूंकि अदनान अपना पासपोर्ट हमेशा अपने साथ रखता है, उसने उसे दिखाया और फिर उसे जाने दिया गया।' फिलहाल उमर के इस दावे को लेकर आईसीई की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, अमेरिका में इल्हान उमर का नाम कोई कम जाना पहचाना नहीं है। कश्मीर के मुद्दे पर खुलकर





पाकिस्तान का सपोर्ट करने वाली और यहां की यात्रा करने वाली इल्हान उमर सोमालिया की मूल निवासी हैं। डोनाल्ड ट्रंप कई बार उन पर निजी हमला करते हुए उन्हें कचर बताकर कहा था कि वह नहीं चाहते कि यह अमेरिका में रहे। ट्रंप का आरोप है कि अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए इल्हान ने अपने भाई से ही शादी कर ली।

### कौन है अदनान हिरसी?

इल्हान उमर और उनके पूर्व पति अहमद हिरसी के बेटे का नाम अदनान है। इसके अलावा इस दंपत्ति के दो बेटियां और हैं। हालांकि, इन तीनों के बारे में सार्वजनिक जानकारी बहुत कम है। हालांकि, 2016 में जब मिनेसोटा से इल्हान जीतकर आई थीं, उस वक्त अदनान 10 साल के थे। उमर ने बताया कि यह पहली बार नहीं है, जब उनके बेटे को एजेंट्स ने रोका हो। इससे पहले भी एक मस्जिद में वह कुछ लोगों के साथ नमाज पढ़ रहा था। ठीक उसी समय वहां पर एजेंट्स आ गए और सभी से पूछताछ की। हालांकि, बाद में सभी को छोड़ दिया गया।

# जेएसएलपीएस से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

## बकरी बैंक योजना के शीघ्र क्रियान्वयन पर उपायुक्त ने दिया विशेष जोर





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) से संबंधित एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की। बैठक में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

**बकरी बैंक योजना की शुरूआत पर विशेष फोकस**

बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने सर्वप्रथम बकरी बैंक योजना (बकरी बैंक योजना) की शुरूआत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि वर्तमान में चयनित पेटरवार, कसमार एवं नावाडीह प्रखंडों के अतिरिक्त गोमिया प्रखंड को भी इस योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने बकरी बैंक योजना के तहत प्रखंड एवं जिला स्तर पर क्लस्टर का गठन करने का निर्देश दिया। इसके लिए जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) को एक सप्ताह के भीतर सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों (बीपीएम) के साथ बैठक कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा, ताकि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। जिला अंतर्गत पौल्ट्री, अंडा उत्पादन, मत्स्य क्लस्टर गठन करने का निर्देश दिया एसएचजी उत्पाद को ब्रांडिंग - पैकेजिंग हेतु प्रखण्ड में काम करने हेतु डीपीएम जेएसएलपीएस को विस्तृत रिपोर्ट जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया।

**एसएचजी सशक्तिकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

बैठक के दौरान स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, महिला उद्यमिता, वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा चल रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। साथ ही प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

# कृषि एवं संबद्ध विभागों के साथ आयुक्त ने की समीक्षा बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि एवं उससे जुड़े विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साख्यिकी, कृषि, आत्मा, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य, उद्यान एवं भूसंरक्षण विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अजय नाथ झा ने की।

**कृषि पाठशाला भवनों के निर्माण की समीक्षा**

बैठक के दौरान कृषि पाठशाला के निर्माणाधीन भवनों का मुद्दा उठाया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा पूर्व में किए गए निरीक्षण के आधार पर उपायुक्त ने संयुक्त कमिटी गठित करने का निर्देश दिया। उक्त कमिटी में इंजीनियरिंग विंग को भी शामिल करने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की समुचित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

**योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा**

उपायुक्त ने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कृषि उत्पादन, किसानों को दी जा रही सुविधाएं, बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित योजनाएं, उद्यान विकास, भूसंरक्षण कार्य तथा सहकारिता के माध्यम से किसानों को मिल रहे लाभों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुसार ही कार्य करें तथा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं उठे।

**पात्र किसानों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने का निर्देश**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचाया जाए। साथ ही, फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला साख्यिकी पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहीद, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ., जिला सहकारिता पदाधिकारी, एलडीएम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त पवन कुमार ने बताए चुनौतियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के तरीके



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रमंडलीय आयुक्त, हजारीबाग, पवन कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में राजस्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के तरीकों से सभी को अवगत कराया। कार्यशाला के दौरान आयुक्त ने लंबित दाखिल खारिज के मामले, दोहरी जमाबंदी, गैर मजूरवा भूमि को कब्जा मुक्त कराने सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। आयुक्त ने कहा कि विभिन्न प्रावधानों की जानकारी नहीं रहने के कारण कई बार त्रुटिपूर्ण आदेश पारित हो जाते हैं। जिसका लाभ जमीन के अवैध कब्जाधारियों को मिल जाता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को भू-अर्जन, मुआवजा, जमाबंदी के सारे प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही बिना किसी ऑब्जेक्शन वाले दाखिल खारिज को 30 दिन में निष्पादित करने का निर्देश दया। कार्यशाला के दौरान आयुक्त ने रेवेन्यू एक्ट, सीएनटी एक्ट, वन पट्टा, लैंड सीलिंग एक्ट, जंगल झाड़ी जमीन, इंडियन फारेस्ट एक्ट 1927, इंडियन फारेस्ट एक्ट 1980, कैंटोनमेंट एरिया, नोटिफाइड एरिया, खासमहाल जमीन की प्रकृति व प्रक्रिया, वाटर बॉडीज एक्ट, परिशोधन पोर्टल, खतियान एवं रजिस्टर 2 की प्रविष्टियों का महत्व, फारेस्ट कंजर्वेशन एक्ट सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक एवं उदाहरण देकर प्रकाश डाला। वहीं कार्यशाला से पूर्व उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर आयुक्त का स्वागत किया। इसके पूर्व आयुक्त के सर्किट हाउस पहुंचने पर एवं सर्किट हाउस से हजारीबाग रवाना होने से पहले उन्हें जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यशाला में आयुक्त पवन कुमार, उपयुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त श्री सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के अलावा भू-अर्जन पदाधिकारी, एलआरडीसी, सभी अंचल अधिकारी मौजूद थे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति ने किया कंबल, भोजन व वस्त्र वितरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कड़ाके की ठंड के बीच जरूरतमंदों के लिए राहत बनकर उभरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस समिति, श्याम नगर भूली ने टुंडी प्रखंड के पूणार्कुलही बशाह गांव में जरूरतमंद परिवारों के बीच भोजन, वस्त्र एवं ठंड से बचाव हेतु कंबलों का वितरण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के चेहरे पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी। समिति के मीडिया प्रभारी नील कमाल खवास ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति पिछले तीन वर्षों से निरंतर ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का कार्य कर रही है। इसके साथ ही हर वर्ष किसी एक गांव का चयन कर वहां रह रहे गरीब व असहाय लोगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।कार्यक्रम गांव के प्रधान फूलचंद मुर्मू की उपस्थिति में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। समिति के इस प्रयास की ग्रामीणों ने खुले दिल से सराहना की।इस सेवा कार्य को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राकेशकांति बिस्वास, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद साहू, सचिव दिलबाग सिंह, कोषाध्यक्ष गोपाल बनर्जी सहित मनोज कुशवाहा, सरोज कुमार, गौरव अरोड़ा, मंजू सिंह, काजल कुमारी, मुस्कान परवीन एवं जाया देवी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।समिति ने भविष्य में भी इसी तरह समाज के कमजोर वर्गों के लिए सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।


## संक्षिप्त समाचार

### अपहृत जयंत की बरामदगी हेतु उपायुक्त को ज्ञापन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले 6 दिनों से अपहृत ठेका मजदूर जयंत कुमार सिंह की पत्नी अमृता सिंह और उसके साथ आए लोगों ने आज बोकारो डीसी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ठेका मजदूर की पत्नी अमृता सिंह ने उपायुक्त से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। उपायुक्त के नाम दिए ज्ञापन में अपहरण के आरोपी विनोद कुमार उर्फ विनोद खोपड़ी के सेक्टर 6 में अवैध कार्यालय को हटाने की भी मांग की है। उपायुक्त से मिलने आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य युवा करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि आरोपी किसी भी मामले को लेकर लोगों को प्रताड़ित करने के लिए सेक्टर 6 स्थित कार्यालय आने की बात करता है। इसी कार्यालय में आने को लेकर जयंत का अपहरण किया गया है। इसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। कार्यालय अवैध तरीके से बोकारो स्टील की जमीन पर बनाया गया है जो आतंक का पर्याय है। ऐसे में आरोपी के कार्यालय को ध्वस्त किया जाए और पुलिस जयंत को जल्द बरामद करे।

### दुकानदार कल्याण समिति ने सांसद के पुतला दहन की निंदा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दुन्दीबाद बाजार की समस्याओं को लेकर आज दुन्दीबाद दुकानदार कल्याण समिति ने प्रेस को संबोधित किया। जानकारी देते हुए दुकानदारों ने बताया कि दुन्दीबाद बाजार के करीब 40 प्रमुख दुकानदारों के साथ स्थानीय सांसद ढुल्लू महतो से बाजार से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई है। सांसद ने दुकानदारों की बातों को गंभीरता से सुना और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। दुकानदार कल्याण समिति ने कहा कि सांसद का पुतला दहन किया जाना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। समिति ने इसकी कड़ी आलोचना की। साथ ही समिति ने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक का रवैया दुन्दीबाद बाजार के प्रति हमेशा उदासीन रहा है। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि वे बोकारो के विकास के विरोधी नहीं, बल्कि विकास में सहयोगी हैं।

### टिकट चेकिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद मंडल में निरंतर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में टिकट चेकिंग कर्मियों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु समय-समय पर उन्हें सम्मानित किया जाता है। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक मोहम्मद इकबाल द्वारा मंडल के टिकट जांच विभाग के शीर्ष 12 टिकट चेकिंग कर्मियों को नवम्बर 2025 माह के दौरान उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु "उत्कृष्ट सेवा प्रमाण पत्र" प्रदान कर सम्मानित किया गया। वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मी राजस्व वृद्धि में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये कर्मी रेलवे की "फ्रंटलाइन टीम" का अभिन्न हिस्सा हैं, जिनके सतत एवं समर्पित प्रयासों से रेलवे न केवल अधिक अनुशासित बन रहा है, बल्कि आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ हो रहा है। इस अवसर पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक(कोचिंग)/धनबाद, एवं मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टिकट चेकिंग भी उपस्थित थे।

### आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना



**कतरास (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जागो सामाजिक संस्था के द्वारा कतरास बस स्टैंड के समीप स्थित नगर निगम क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक के खिलाफ नगर निगम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस मौके पर जागो सामाजिक संस्था के प्रमुख राकेश रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने कहा कि नगर निगम के लापरवाही के चलते कतरास वार्ड 3 के आम नागरिक डरे हुए हैं। आये दिन आवारा पशुओं के हमले से दो-चार लोग रोज घायल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ वसूली करना नहीं नगर निगम क्षेत्र के समस्याओं का निराकरण करना भी निगम का दायित्व है। उन्होंने कहा यदि एक सप्ताह के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर निगम कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन विजय राजगढ़िया ने किया। इस मौके पर धरना कार्यक्रम को मुख्य रूप से सूर्यदेव मिश्रा, प्रकाश राम गुप्ता, राजेश स्वर्णकार, बबलू बर्मन, नवदीप गुप्ता, श्री भगवान यादव, मो अमान, सचिदानंद यादव, मंजर आलम, कौशर खान, मो अफसर, सुशील खेतान आदि ने संबोधित किया। इस दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के सीनियर ऑफिसर राकेश सिन्हा को नगर आयुक्त के नाम से एक ज्ञापन सौंप के यथाशीघ्र समस्या का सामाधान करने मांग की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से हरी प्रसाद केशरी, राकेश साहू, वाई के पाठक, मो. महबूब, मो. जहीर, उपेंद्र कुमार, ब्रजेश पांडे, भावेश अग्रवाल, गणेश सोनकर, मो. मुस्ताक, विमल रवानी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ऑल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन हजारीबाग का वार्षिक अधिवेशन बोकारो में संपन्न

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात नगर स्थित आशा लता केंद्र के प्रांगण में ऑल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन हजारीबाग का 12वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में विभिन्न शाखाओं से सेवा-निवृत्त सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अधिवेशन की कार्यवाही की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष कामरेड सुदीप चटर्जी ने की। इस अवसर पर महा सचिव कामरेड नरेश श्रीवास्तव ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में क्लास वन फेडरेशन के महा सचिव कामरेड कंचन कश्यप, क्लास टू के महा सचिव कामरेड आभाष कंठ तथा क्लास थ्री-फोर के बीमा कर्मचारी संघ के महा सचिव कामरेड जे. सी. मित्तल, दिलीप कुमार झा, सुशील सिंह, राकेश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अधिवेशन में 100% एफडीआई करने पर एवं पेंशन वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, हेल्थ इंडिया के प्रतिनिधि श्री दुबे ने उपस्थित सदस्यों को मेडिक्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की। वर्ष 2025 - 26 के लिए कॉ सुदीप चटर्जी अध्यक्ष एवं कॉम नरेश श्रीवास्तव महासचिव चुने गए तथा 25 सदस्यीय कमेटी का चयन द्वारा गठन हुआ। अंत में कामरेड जीवन कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किए जाने के पश्चात अधिवेशन का विधिवत समापन किया गया।

# गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थान भी मरीजों का आभा कार्ड बनाएं : सिविल सर्जन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार की आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा कार्ड निर्माण को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आज सदर अस्पताल के सभागार में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में बोकारो जिला अन्तर्गत सभी गैर सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के प्रबंधक व कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आभा कार्ड बनाने की पूरी प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पोर्टल/ऐप के उपयोग, तकनीकी सावधानियों तथा लाभुकों के डेटा की गोपनीयता से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही, आधार एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से आभा कार्ड निर्माण, त्रुटि सुधार एवं लाभुकों को कार्ड से होने वाले लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षक के रूप में रांची से पहुंचे सुश्री प्रियंका सांगा, श्रीमती ईवा अनन्ता खाखा एवं अफजल हुसैन उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि आभा कार्ड के माध्यम से नागरिकों का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे इलाज के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध होंगी। इसके अलावे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से सम्बन्धित सभी गैर सरकारी संस्थान द्वारा सभी मरीजो का आभा कार्ड बनाया जाना, सभी प्राईवेट स्वास्थ्य संस्थान का एचएफआर एवं एचपीआर बनाना अनिवार्य है। प्रशिक्षण के पश्चात सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों का आभा कार्ड बनाकर उन्हें इस योजना से जोड़ें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह बोकारो, आरसीएच पदाधिकारी डॉ सेलीना टूडू, मो असलम जिला परामर्शी बोकारो, बलराम महतो एवं सभी प्राईवेट स्वास्थ्य संस्थान के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# जनप्रतिनिधियों ने किया धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए आज धान अधिप्राप्ति कार्य का जिले के सभी पैक्स में शुभारम्भ किया गया। टुंडी में इसका शुभारंभ विधायक मथुरा प्रसाद महतो, धनबाद में विधायक राज सिन्हा एवं बाघमारा में विधायक शत्रुघ्न महतो ने किया। वहीं अन्य प्रखंड में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसका शुभारंभ किया। इसकी जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल रु 2450/ की दर से 48 घण्टे के भीतर एकमुश्त राशि भुगतान किया जायेगा। जिलें में 18 अधिप्राप्ति केन्द्र का चयन धान अधिप्राप्ति हेतु किया गया है। जिसमें गोविंदपुर प्रखंड में बिराजपुर पैक्स, परासी पैक्स, तिलैया जमुआ पैक्स एवं गोविंदपुर पैक्स, तोपचांची प्रखंड में कोरकोट्टा पैक्स, खरियो पैक्स एवं मदैयडीह पैक्स, बलियापुर प्रखंड में रघुनाथपुर पैक्स एवं पलानी पैक्स, धनबाद प्रखंड में पुटकी पैक्स, टुंडी प्रखंड में पूणार्डीह पैक्स एवं ओझाडीह कटनिया पैक्स, पूर्वी टुंडी प्रखंड में लटानी फतेहपुर पैक्स, बाघमारा प्रखंड में राजगंज पैक्स तथा बाघमारा खानुडीह पैक्स, निरसा एवं एगारकुंड प्रखंड में घाघरा पैक्स व निरसा चट्टी पैक्स तथा कलियासोल प्रखंड में सिमुलदान पैक्स शामिल हैं। टुंडी में विधायक मथुरा प्रसाद महतो के साथ जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री पंकज कुमार, विकास महतो, सुमित महतो, आपूर्ति कार्यालय के संदीप कुमार, अजय महतो, अमित कुमार मौजूद थे। वहीं सियालगुदड़ी पैक्स में माननीय विधायक धनबाद राज सिन्हा, सियालगुदड़ी पैक्स के अध्यक्ष मटूकधारी सिंह चौधरी, विकास मिश्रा, संजय रवानी, श्रीकांत गिरी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

# धनबाद के व्यस्त इलाकों में सिटी हॉक्स का फ्लैग मार्च, अपराधियों को सख्त संदेश

## एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने की व्यापक गश्त, नागरिकों से सहयोग की अपील



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सोमवार को धनबाद शहर के विभिन्न व्यस्त एवं संवेदनशील इलाकों में सिटी हॉक्स की टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (सीसीआर) सुमित कुमार ने किया। इस दौरान पुलिस ने शहर में सक्रिय अपराधियों और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया कि कानून व्यवस्था से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने हीरापुर, स्टेशन रोड, बैंक मोड़, धनसार चौक, नया बाजार, सिटी सेंटर, मेमको मोड़, गोल बिल्डिंग, स्टील गेट, सरायढेला, पुलिस केंद्र सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में गश्त की। पुलिस की मौजूदगी से शहर में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ और आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा। डीएसपी (सीसीआर) सुमित कुमार ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने कहा कि धनबाद पुलिस लगातार सतर्क है। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में गश्त और निगरानी को और सख्त किया जाएगा, ताकि शहर में अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाया जा सके।

# बीएसएल की बड़ी उपलब्धिः किल्न-3 का सफल लाइट अप





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल के बोकारो स्टील प्लांट ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, आरएमपी विभाग के किल्न संख्या-3 का सफल लाइट अप किया। यह लाइट अप, किल्न की टीआरएम और कैपिटल मरम्मत के बाद किया गया है, जो प्लांट की परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**कैपिटल रिपेयरः समय पर और सफलतापूर्वक संपन्न**

किल्न-3 के लाइट अप का कार्य अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रियरंजन और अधिशासी निदेशक (परिचालन) अनुप कुमार दत्त के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस कैपिटल रिपेयर के दौरान किल्न के शेल का मेंटेनेंस, गर्थ गियर का अनुरक्षण, और नई रिफ्रैक्टरी लाइनिंग स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए। यह पूरी मरम्मत निर्धारित समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक पूरी की गई, जो बीएसएल टीम के उच्च तकनीकी कौशल और कुशल परियोजना प्रबंधन का स्पष्ट प्रमाण है।

**परिचालन की निरंतरताः** मरम्मत के कठिन दौर में भी, बीएसएल ने अन्य किल्न से चूने की आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे स्टील मेल्टिंग शॉप और सिंटर प्लांट को निर्बाध रूप से कच्चे माल की आपूर्ति जारी रही।

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति**

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, रिफ्रैक्टरी के मुख्य महाप्रबंधक नागराजन श्रीकांथ और आरएमपी विभागाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह सहित प्लांट के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इनमें मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएँ), (आरएमएचपी), (सिंटर प्लांट), (अनुरक्षण), (सुरक्षा), (ईएमडी), (यांत्रिक), (रिफैक्टरी), (एसएमएस न्यू),(आई & ए), और आरएमपी के सभी अधिकारी शामिल थे।

**टीम भावना और तकनीकी कौशल का प्रमाण**

यह सफल लाइट अप बीएसएल टीम के तकनीकी कौशल, कुशल योजना, और उत्कृष्ट समन्वय का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह उपलब्धि बोकारो स्टील प्लांट को उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्लांट के उपकरणों की दीर्घकालिक कार्यक्षमता सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com